3 राजधानी
51 लाख की सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त

6 प्रादेशिकी
फैसला नहीं सुनाने का था दबाव

11 राष्ट्रीय
90 रेलगाड़ियां रद्द 46 का मार्ग बदला

12 स्पोर्ट्स
शूटआउट में भारत ने ब्रिटेन को 4-2 से हराया

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 223
लखनऊ, रविवार, 4 जून, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



ब्रिक्स समूह के विस्तार का काम अभी भी जारी
विदेश-10

# ओडिशा रेल हादसा: उच्चस्तरीय जांच शुरू, मृतक संख्या 288 हुई

## प्रारंभिक जांच के मुताबिक कोरोमंडल एक्सप्रेस मुख्य मार्ग के बजाय लूप लाइन पर चली गई और वहां खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई, रफ्तार तेज होने के कारण भी हताहतों की संख्या बढ़ी

● दुर्घटनास्थल को देखने पर ऐसा लग रहा जैसे बवंडर ने खिलौने की तरह डिब्बों को एकदूसरे के ऊपर फेंक दिया, इस मार्ग पर कवच प्रणाली नहीं थी

**एजेंसी ।** बालासोर/भुवनेश्वर



बालासोर में शुक्रवार को हुए रेल हादसे के बाद बिखरी पड़ी ट्रेन की बोगियां।

**ओडिशा** के बालासोर जिले में शुक्रवार को हुए रेल हादसे की उच्चस्तरीय शुरू हो गई है। जांचकर्ता मानवीय त्रुटि, सिग्नल फेल होने और अन्य संभावित पहलूओं से जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने इस सबसे भयावह रेल हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सौंपी है। हादसे में कम से कम 288 यात्रियों की मौत हुई और 1100 से अधिक यात्री घायल हैं।

बालासोर जिले में शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने और एक मालगाड़ी से टकराने से यह हादसा हुआ। दुर्घटना में 17 डिब्बे पटरी से उतर गए और गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे सैकड़ों यात्री फंस गए। दोनों यात्री रेलगाड़ियां तीव्र गति से चल रही थीं और विशेषज्ञों ने इसे हताहतों की अधिक संख्या के मुख्य कारणों में से एक बताया है। दुर्घटना स्थल ऐसा लग रहा था, जैसे एक शक्तिशाली बवंडर ने रेलगाड़ी के डिब्बों को खिलौनों की तरह एक दूसरे के ऊपर फेंक दिया हो। मलबे को हटाने के लिए बड़ी क्रेन को लाया गया और क्षतिग्रस्त डिब्बों से शव निकालने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल किया गया। हादसे में घायल यात्रियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। रेल हादसे की प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि दुर्घटनाग्रस्त हुई कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन बाहानगा बाजार स्टेशन से ठीक पहले मुख्य मार्ग के बजाय लूप लाइन पर चली गई और वहां खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई। समझा जाता है कि बगल की पटरी पर क्षतिग्रस्त हालत में मौजूद कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बों से टकराने के बाद बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के डिब्बे भी पलट गए। एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि हादसे में 288 यात्रियों की मौत हुई है। वहीं, 56 घायलों की हालत गंभीर है। दक्षिण भारत में कई महीने काम करने के बाद अपने परिवार के पास लौट रहे 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सवार कई यात्रियों ने अचानक तेज आवाज सुनी, जिसके बाद वे अपनी सीट से गिर पड़े और बत्ती गुल हो गई। बर्धमान के रहने वाले मिजान उल हक रेलगाड़ी के पिछले हिस्से के एक डिब्बे में थे। कर्नाटक से लौट रहे हक ने कहा, ट्रेन तेज गति से दौड़ रही थी। शाम लगभग 7 बजे तेज आवाज सुनाई दी और सबकुछ हिलने लगा।

बोगी के अंदर बिजली गुल होते ही मैं ऊपर की सीट से फर्श पर गिर पड़ा। उन्होंने कहा कि किसी तरह वह क्षतिग्रस्त कोच से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। हक ने हावड़ा स्टेशन पर कहा, यह बेहद दुखद था कि कई लोग बुरी तरह क्षतिग्रस्त डिब्बे के पास पड़े हुए थे। हादसे में बचे लोगों के अनुसार, अनारक्षित डिब्बों में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे और इनमें ज्यादातर प्रवासी श्रमिक शामिल थे, जो तमिलनाडु या केरल जा रहे थे। हादसे में पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के भोमरेल गांव के रहने वाले नित्यम रे की भी मौत हो गई।

( संबंधित समाचार पेज 11 पर )

## योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त की संवेदना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडिशा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना पर अपनी संवेदना भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक ओर जब हम यहां 50 वर्ष के शानदार कार्यक्रम को आगे बढा रहे हैं तो वहीं देश के एक कोने पर एक दुखद घटना हमारे सामने है। कल आपने देखा होगा कि ओडिशा के बालासोर में बेंगलोर-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी दुर्घटना की शिकार हुई है। इस भीषण दुर्घटना में अनेक यात्रियों की मृत्यु हुई है। लगभग 900 के आसपास लोग घायल हैं। जिन लोगों ने अपने परिजनों को खोया है, उन सबके प्रति उत्तर प्रदेश की जनता और शासन की ओर से अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। जो लोग इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए हैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी करता हूं।

## दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी: प्रधानमंत्री

● हादसे को सबक बताया, घायलों से मिले मोदी, मदद करने वाले स्थानीय लोगों की सराहना की

**पीएनएस/एजेंसी ।** बालासोर/नई दिल्ली



बालासोर में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रेन हादसे में घायल लोगों से अस्पताल में मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि ओडिशा रेल दुर्घटना के लिए दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटनास्थल का दौरा करने और बालासोर जिले के एक अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद पत्रकारों से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें अपना दर्द बयां करने के लिए शब्द नहीं मिल रहे हैं।

उन्होंने कहा, सरकार ने इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और इस हादसे में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा, हादसे की उचित और त्वरित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस घटना में मारे गए लोगों को वापस लाना संभव नहीं है, लेकिन सरकार उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा, घायलों को हर संभव चिकित्सा सहायता प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस रेल हादसे को देश के लिए सबक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार यात्रियों की सुरक्षा पर और जोर देगी। उन्होंने बचाव और राहत कार्यों में ओडिशा सरकार के प्रयासों की सराहना की और बड़ी संख्या में रक्तदान करने और घायलों की मदद करने वाले स्थानीय लोगों की सराहना की।

वायुसेना के हेलीकॉप्टर से यहां पहुंचने के बाद मोदी ने बाहानगा में घटनास्थल पर राहत कार्यों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री के साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी थे। आपदा प्रबंधन टीम के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री के साथ ही दोनों केंद्रीय मंत्रियों को स्थिति के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने ओडिशा की राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री प्रमिला मलिक के साथ-साथ स्थानीय पुलिस प्रमुख से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने घटनास्थल से कैबिनेट सचिव राजीव गौबा और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से बात कर घायलों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

मोदी ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शोक संतप्त परिवारों को किसी तरह की असुविधा ना हो और प्रभावितों को आवश्यक सहायता मिलती रहे। मोदी ने दुर्घटना के बाद इस मार्ग पर ट्रेन सेवाओं को बहाल करने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली, जो हावड़ा-चेन्नई मुख्य लाइन का एक हिस्सा है। यह मार्ग पूर्वी भारत को दक्षिण से जोड़ता है। बाद में प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, ओडिशा में दुर्घटना स्थल पर स्थिति का जायजा लिया। शब्द मेरी गहरी पीड़ा को बयां नहीं कर सकते। हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## घायलों से भरे अस्पताल



बालासोर के अस्पताल में रक्तदान के लिए जुटी भीड़

**एजेंसी ।** बालासोर

**ओडिशा** में शुक्रवार को हुए भीषण रेल हादसे के बाद बालासोर जिला अस्पताल और सोरो अस्पताल में बड़ी संख्या में घायलों को लाया गया जिससे इन अस्पतालों के कमरे भर गए और गलियारों तक में मरीजों को रखा गया है। इस दौरान घायलों की मदद के लिए रक्तदान करने करीब दो हजार लोग पहुंच गए। हादसे की रात ही लोग करीब 500 यूनिट रक्तदान कर चुके थे। चिकित्सा कर्मचारियों को घायल यात्रियों की मदद करने की कोशिश करते देखा गया, जिनमें से कई ओडिशा के अलावा अन्य राज्यों से हैं और बात करने की स्थिति में नहीं हैं। शनिवार दोपहर तक करीब 526 घायलों को बालासोर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बालासोर जिला मुख्यालय अस्पताल में अतिरिक्त जिला चिकित्सा अधिकारी (एडीएमओ) डॉ. मृत्युंजय मिश्रा ने कहा, मैं कई दशकों से इस पेशे में हैं।

## धमाका सा हुआ, सीट से गिरे और बत्ती गुल हो गई

● रेल दुर्घटना में जीवित बचे लोगों ने बयां किया आंखों देखा मंजर

**एजेंसी ।** कोलकाता



हावड़ा में शनिवार को बालासोर ट्रेन हादसे में जख्मी यात्री आपबीती सुनाते हुए।

**दक्षिण** भारत में कई महीने काम करने के बाद अपने परिवार के पास लौट रहे 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सवार कई यात्रियों ने अचानक तेज आवाज सुनी, जिसके बाद वे अपनी सीट से गिर पड़े और बत्ती गुल हो गई।

वे हावड़ा में अपने गंतव्य से सिर्फ पांच घंटे की दूरी पर थे तभी वे जिस ट्रेन से यात्रा कर रहे थे, वह ओडिशा के बालासोर जिले के बाहानगा बाजार स्टेशन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्रेन शुक्रवार को अपने निर्धारित समय से तीन घंटे से कुछ अधिक देरी से चल रही थी और करीब 20 किलोमीटर दूर अपने अगले पड़ाव बालासोर की ओर बढ़ रही थी, तभी शाम करीब सात बजे यह दुर्घटना हो गई। बर्धमान के रहने वाले मिजान उल हक ट्रेन के पिछले हिस्से के एक डिब्बे में थे। कर्नाटक से लौट रहे हक ने कहा, ट्रेन तेज गति से दौड़ रही थी। शाम करीब 7 बजे तेज आवाज सुनाई दी और सबकुछ हिलने लगा। बोगी के अंदर बिजली गुल होते ही मैं ऊपर की सीट से फर्श पर गिर पड़ा। उन्होंने कहा कि किसी तरह वह क्षतिग्रस्त कोच से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। हक ने हावड़ा स्टेशन पर पीटीआई-भाषा से कहा, यह बेहद दुखद था कि कई लोग बुरी तरह क्षतिग्रस्त डिब्बे के पास पड़े हुए थे। उत्तरी हावड़ा के पुलिस उपायुक्त अनुपम सिंह ने कहा कि 12864 बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के अप्रभावित 17 डिब्बों में सवार 635 यात्री शनिवार दोपहर एक बजे हावड़ा पहुंचे, जिनमें से 40 से 50 लोगों का इलाज किया गया। सिंह ने कहा कि उनमें से पांच यात्रियों को आगे के इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया, जबकि अन्य अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

कोलकाता की यात्रा के लिए आने वाली बेंगलुरु की निवासी रेखा ने कहा कि वह पटरी से उतरे डिब्बों के आगे वाले डिब्बे में सवार थीं। उन्होंने कहा, शुरुआत में पूरी तरह अफरातफरी थी। हम डर के मारे अपने डिब्बे से उतर गए और पास के खेतों में अंधेरे में बैठे रहे, जब तक कि तड़के हमारी ट्रेन हावड़ा के लिए रवाना नहीं हो गई।

## हादसे के बाद चर्चा में आई रेल सुरक्षा प्रणाली कवच

**नई दिल्ली ( भाषा )।** ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना के बाद रेलवे की स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच चर्चा में आ गई है। रेलवे ने कहा है कि शुक्रवार शाम जिस मार्ग पर दुर्घटना हुई वहां कवच प्रणाली उपलब्ध नहीं थी। जब लोको पायलट फाटक पार करता है तो यह प्रणाली उसे सतर्क करती है।

आम तौर पर देखा गया है कि सिगनल पार करते समय ट्रेनों की भिड़ंत होती है। कवच प्रणाली उसी लाइन पर दूसरी ट्रेन के आने की स्थिति में निर्धारित दूरी के भीतर ही स्वचालित रूप से ट्रेन को रोक सकती है। भारतीय रेलवे ने चलती ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'कवच' नामक अपनी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली विकसित की है। कवच को तीन भारतीय विक्रेताओं के सहयोग से अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) ने स्वदेशी रूप से विकसित किया है। कवच न केवल लोको पायलट को खतरे और तेज रफ्तार होने पर सिगनल से गुजरने से बचने में मदद करता है बल्कि घने कोहरे जैसे खराब मौसम के दौरान ट्रेन चलाने में भी मदद करता है।

इस प्रकार, कवच ट्रेन संचालन की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाता है। कवच की मुख्य विशेषताएं- अगर लोको पायलट ब्रेक लगाने में विफल रहता है तो कवच प्रणाली के तहत स्वचालित रूप से ब्रेक लग जाते हैं, जिससे गति नियंत्रित हो जाती है। इस प्रणाली के तहत पटरी के पास लगे सिग्नल की रोशनी कैबिन में पहुंचती है और यह रोशनी धुंध के मौसम में बहुत उपयोगी होती है।

## क्विक न्यूज

### पांच जिलों के डीएम समेत दस आईएएस के तबादले

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पांच जिलों के डीएम समेत 10 आईएएस के तबादले कर दिए। श्रावस्ती, औरैया, प्रतापगढ़, देवरिया व बागपत के डीएम बदले गए हैं। इनमें नेहा प्रकाश को डीएम श्रावस्ती से डीएम औरैया बनाया गया। इसके साथ ही प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव को डीएम औरैया से डीएम प्रतापगढ़ बनाया गया है। नितिन बंसल को डीएम प्रतापगढ़ से विशेष सचिव गृह और जेपी सिंह को डीएम देवरिया से स्थानान्तरित करते हुए डीएम बागपत बना दिया गया। इसके अलावा राजकमल यादव को डीएम बागपत से अपर आयुक्त उद्योग कानपुर व कृतिका शर्मा को अपर आयुक्त उद्योग कानपुर से डीएम श्रावस्ती बनाया गया। अखंड प्रताप सिंह को विशेष सचिव गृह के पद से डीएम देवरिया बनाया गया। जबकि देवेंद्र सिंह कुशवाहा को विशेष सचिव कृषि से विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा व कृष्ण कुमार को विशेष सचिव एपीसी ब्रांच से विशेष सचिव सिंचाई के पद पर भेजा गया। इसके अलावा डॉ. रेनू तिवारी को अपर आयुक्त मनरेगा के पद से हटाकर सचिव अनुसूचित जनजाति आयोग का दायित्व सौंपा गया।

## पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई अमरनाथ यात्रा



**भाषा ।** श्रीनगर

**दक्षिण** कश्मीर में स्थित अमरनाथ गुफा के लिए की जाने वाली वार्षिक यात्रा के प्रारंभ में आज पारंपरिक पूजा एवं अर्चना की गई। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इस प्रथम पूजा सम्मिलित हुए। सिन्हा ने ट्वीट किया, वार्षिक अमरनाथ यात्रा की पारंपिक शुरुआत के तौर पर प्रथम पूजा में (मैं) वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़ा। दुनियाभर के लाखों श्रद्धालुओं के लिए बाबा अमरनाथ की पावन गुफा की यात्रा उनके जीवन का सपना है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है कि तीर्थयात्रियों की सहूलियत एवं कल्याण के लिए यथासंभव प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा, बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं में धारणागत सुधार लाने के लिए पिछले कुछ सालों में समर्पित प्रयास किए गए हैं।

## लड़की के मांगलिक होने का पता लगाने के आदेश पर रोक

**भाषा ।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस असामान्य आदेश पर शनिवार को रोक लगा दी, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के प्रमुख को यह तय करने को कहा गया था कि कथित बलात्कार पीड़ित लड़की मांगलिक है या नहीं। मामले का स्वत: संज्ञान लेने वाली शीर्ष अदालत ने शनिवार के दिन विशेष सुनवाई की।

इसने कहा कि यह समझ में नहीं आ रहा है कि उच्च न्यायालय ने जमानत अर्जी पर सुनवाई करते समय यह पता लगाने के लिए दोनों पक्षों को अपनी कुंडली जमा करने के लिए क्यों कहा कि लड़की मांगलिक है या नहीं। उच्च न्यायालय ने शादी का झूठा वादा कर लड़की से बलात्कार करने के आरोपी व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए 23 मई को संबंधित आदेश पारित किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष व्यक्ति के



वकील ने तर्क दिया था कि चूंकि लड़की मांगलिक है, इसलिए दोनों के बीच विवाह नहीं हो सकता। हालांकि, लड़की की ओर से पेश वकील ने उच्च न्यायालय के समक्ष जोर देकर कहा था कि वह मांगलिक नहीं है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने मामले में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा, श्री मेहता, आपने इसे देखा है? मेहता ने कहा, मैंने इसे देखा है। यह परेशान करने वाला है। मैं आपसे इस आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध करता हूं। शिकायतकर्ता की ओर से पेश एक वकील ने पीठ को बताया कि उच्च न्यायालय ने पक्षकारों की सहमति से आदेश पारित किया है। पीठ ने कहा, लेकिन यह पूरी तरह से संदर्भ से बाहर है। इसका विषय वस्तु से क्या लेना-देना है। इसके अलावा, इसमें कई अन्य चीजें शामिल हैं... निजता के अधिकार में बाधा उत्पन्न हुई है, तथा हम कहना नहीं चाहते, और भी कई पहलू हैं।

यह उल्लेख करते हुए कि ज्योतिष एक विज्ञान है, मेहता ने कहा, सवाल यह है कि न्यायिक मंच द्वारा किसी आवेदन पर विचार किए जाते समय क्या यह एक विचार हो सकता है। पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि ज्योतिष एक विज्ञान है, लेकिन मामले में कई पहलू हैं। इसने कहा, हम मामले के गुण-दोष में नहीं पड़ रहे हैं। पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए कहा, यह अदालत इस मामले का स्वत: संज्ञान लेती है, जिसे हमारे सामने रखा गया है। इसने रजिस्ट्री को राज्य सहित सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 10 जुलाई से शुरू होने वाले सप्ताह तक के लिए टाल दी। इसने कहा, हमने आदेश पर रोक लगा दी है और अदालत को जमानत अर्जी पर इसके गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने की अनुमति दी है।

### यह था मामला...


**विधि संवाददाता ।** लखनऊ

**दुराचार** के एक मामले में निरुद्ध मुल्जिम की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पीड़िता की कुंडली देखकर यह बताने का आदेश लखनऊ विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग को दिया कि वह मांगलिक है या नहीं। पीठ ने ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष से 26 जून तक कुंडली की रिपोर्ट सील बंद लिफाफे में तलब की। साथ ही सभी पक्षों को दस दिन में पीड़िता की कुंडली विभागाध्यक्ष को सौंपने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को निर्धारित की। जस्टिस बृजराज सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश मुल्जिम गोविंद राय उर्फ मोनू की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। इस घटना की एफआईआर थाना चिनहट में दर्ज कराई गई थी। पीड़िता का आरोप है कि मुल्जिम ने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुराचार किया और बाद में शादी से मुकर गया। सुनवाई के दौरान मुल्जिम की ओर से कहा गया कि पीड़िता मांगलिक है, इसी कारण मुल्जिम का उसके साथ विवाह नहीं हो सकता। इस पर पीड़िता की ओर से बताया गया कि वह मांगलिक नहीं है। करीब छह माह से विचाराधीन यह जमानत याचिका जब सुनवाई के लिए पेश हुई तो यह बात सामने आई कि मुल्जिम मांगलिक होने की शंका में पीड़िता से विवाह नहीं कर रहा है। जबकि पीड़िता की ओर से बार-बार कहा जा रहा है कि वह मांगलिक नहीं है।


## रिटायरमेंट से पहले राहत

खाकी महकमे में एक समय में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट रूप में विख्यात के दामन पर कानपुर के एक कांड ने ऐसा दाग लगा कि उनके लाख प्रयासों के बाद भी वह साफ होने का नाम नहीं ले रहा था। एक शानदार कॅरियर गुजारने के बाद सर्विस के अंतिम दौर में उन्हें निलंबन से लेकर लंबी विभागीय जांच तक का सामना करना पड़ा। करीब दो साल तक निलंबन झेलना पड़ा। फिर जाकर जैसे-तैसे बहाली हुई। यह तो कहो कि भगवा सरकार के मुखिया के करीबी एक आईपीएस से उनके बेहतर संबंध काम आए, जिन्होंने बुरे वक्त में उनका साथ दिया और स्पेशल यूनिट में डीआईजी के पद पर उनकी तैनाती करा ली। बहाली और तैनाती के बाद भी डीआईजी साहब को अपने भविष्य की चिंता सता रही थी और हो भी क्यों न आखिरकार छह माह बाद ही उनका रिटायरमेंट जो है। खैर कुल मिलाकर उनके भागीरथ प्रयासों के बाद राहत भरी खबर आ गई है। उन्हें जांच में क्लीनचिट मिल गई है। कम से कम अब रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी तो आराम से कटेगी।

## जिम्मेदारी छोड़ सब कुछ



किसी भी समूह में सरदार का बड़ा रोल होता है। समूह के संचालन में सरदार की मुख्य भूमिका होती है। कुल मिलाकर वह जिम्मेदारियों से लबरेज होता है। प्रदेश की भगवा सरकार में भी एक सरदार हैं। इनके पास राजयोग, गाड़ी, घोड़ा, शान शौकत सब कुछ है। बस नहीं है तो केवल जिम्मेदारी। पिछली भगवा सरकार में भी यह सरदार जी मंत्रिमंडल में रहकर राजयोग का सुख भोग रहे थे। इन्हें महत्वपूर्ण विभाग भी दिया गया था लेकिन जिम्मेदारी से पूर्णता मुक्त रखा गया था। पिछली भगवा सरकार में इन्हें जल को खेतों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी मिली थी अब दूसरी बार भगवा सरकार में उन खेतों को देखने की जिम्मेदारी मिली है जिसमें उन्होंने पिछली सरकार में जल भेजा था। अब सरदार जी बड़ा परेशान हैं उनकी समझ में नहीं आ रहा कि पिछली बार उन्होंने जल की शक्ति किस खेत में भेजी थी। यही बात सोंचने के लिए वह सुबह अपने घर से निकलते हैं और कार्यालय आते हैं और फिर शाम को घर वापस चले जाते हैं। सोचने का उनका यह सिलसिला बीते लगभग 6 सालों से चल रहा है। पिछली सरकार में सोचते रहे कि जल की शक्ति किस खेत में डाली जाए, अब इस सरकार में सोच रहे हैं कि उन्होंने किस खेत में जल की शक्ति डाली थी।




## समझौता गुरु की माया



विवि परिसर में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले एक समझौता गुरु हैं जिनका काम ही खबरें दबाना है। पिछले दिनों एक घटना को लेकर सार्वजनिक आपबीती सुनाते हुए छात्रों पर ही अभद्रता का आरोप लगा दिया। हुआ यह था कि छात्र अपनी समस्याएं लेकर मुखिया से मिलने गए थे। छात्रों को अपने मुखिया से मिलने का हक है। इस दौरान किसी बात को लेकर छात्रों की बहस हो गई। फिर क्या, छात्र समझौता गुरु के निशाने पर आ गए। समझौता गुरु ने न केवल छात्रों के खिलाफ तहरीर दी बल्कि नोटिस भी जारी कर दिया। गुरुजी की इतनी तत्परता तब नहीं दिखती है, जब एक खास संगठन को तरजीह देते हैं। इतना ही नहीं बड़ी-बड़ी खबरें भी पचा जाते हैं। अभी पिछले हफ्ते कुछ उपद्रवियों ने नवीन परिसर में प्रोवोस्ट के कमरे में आग लगा दी। मामले को अगले दिन दूसरा रूप देते हुए सूचना प्रसारित कराई की मुखिया छात्रों से मिलने व उनकी समस्याएं जानने के लिए गए थे जबकि मामला कुछ और ही था।

## कोई तिकड़म काम न आया

एलडीए के अधिकारियों को महंगे अपार्टमेंट और फ्लैटों के खरीददार दिया लेकर ढूंढने से भी नहीं मिल रहे। नए सिपहसालार के आदेश पर एलडीए ने भी आवास विकास की भांति ग्रुप आवेदन पर 25 प्रतिशत की छूट देने का ऐलान किया है। पहले एक मुश्त राशि जमा करने पर सिंगल फ्लैट पर 5 प्रतिशत का ढिंढोरा पीटा। प्रचार-प्रसार भी छोटे साहब ने कर डाला लेकिन हाय रे किस्मत, यहां भी गच्चा खा गए। फ्लैटों को बेचने का भागीरथ प्रयास भी काम न आया। कुछ बिके, हजारों की संख्या में अभी भी खाली पड़े हैं। आलम यह है कि फ्लैटों के बेचने के लिए नया तिकड़म फिर कर डाला, जिसमें 50 लोग एक साथ फ्लैट खरीदेंगे तो 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अचानक 25 प्रतिशत की छूट के ऐलान पर कई समूहों ने संपर्क भी किया। साहब को यह खबर सुनकर अच्छा भी लगा। उत्साहित साहब ने जमकर इसका भी प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। गाहे बगाहे लोगों ने चर्चा भी किया और कहने लगे वाह क्या स्कीम है। मन बढ़े मातहत भी छोटे साहब के मनोविज्ञान को समझ कर खूब कान भरने लगे लेकिन जब लोगा को पता चला की पूरा पैसा दो महीनें में देना है तो सारा उत्साह ठंडा हो गया है। लोग यह कहत फिर रहे हैं कि लॉकडाउन ने तो कमर तोड़ दी है। अब एक साथ इतना धन कहा से लाए, बैंकों की औपचारिकता और बिजनेस मंद होने से जेबे खाली हैं। उत्साह से भरे साहब कोई खास चमत्कार नहीं कर सके।

# सुगम व सुरक्षित यात्रा हर नागरिक का अधिकार: योगी

## मुख्यमंत्री ने 93 नई राजधानी सेवा एवं 7 साधारण बीएस-6 बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सुगम यात्रा और सुरक्षित यात्रा हर नागरिक का अधिकार है। ये सरकार का दायित्व बनता है कि जिस विश्वास के साथ एक पैसेंजर यात्रा करता है, हमें उसके इस अधिकार का अपने कर्तव्यों के ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए करना चाहिए। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी अवास पर 93 नई राजधानी सेवा एवं 7 साधारण बीएस-6 बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे सामने सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों के आंकड़े अत्यंत भयावह है। अगर एक वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश के आंकड़े को ही प्रस्तुत करूं तो एक भयानक दृश्य सामने आता है। तीन वर्ष में कोरोना जैसी बीमारी से जितनी जानें नहीं गईं, उससे ज्यादा मौतें एक वर्ष में सड़क दुर्घटना में होती हैं। ओवरस्पीडिंग के कारण, सड़क इंजीनियरिंग फाल्ट के कारण, या फि र नियमों के उल्लंघन के चलते सड़क दुर्घटना होती है और किसी मासूम की जान जाती है। यह हम सबके लिए न केवल एक चेतावनी है बल्कि चिंता का विषय भी है। व्यापक जागरूकता सेए सड़क के लिए निर्धारित नियमों का पालन करने से हम असंख्य लोगों की जान बचा सकते हैं। हमारे लिए एक-एक जान कीमती है। यह जान एक परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए यह अमूल्य निधि है।



सीएम योगी ने प्रदेश में रोड एक्सीडेंट और इससे होने वाली मौतों को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी एक्सीडेंट से होने वाली मौत को रोकने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान प्रारंभ करना एक राष्ट्रीय कार्यक्रम होगा। इस संबंध में केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट ने भी बार-बार चिंता व्यक्त की है। आज के इस अवसर पर परिवहन निगम जिन कार्यक्रमों के लेकर चल रहा है, इसको और प्रभावी ढंग से बढ़ाने की व्यवस्था हो। हमारा प्रयास हो कि परिवहन निगम की बसों से उत्तर प्रदेश के अंदर पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सेवा का उपयोग जो लोग भी करना चाहते हैं, हमें उन लोगों तक इस प्रकार की सुविधा पहुंचानी होगी। केवल निगम के स्तर पर ही नहीं, आवश्यक्ता पड़ती है तो प्राइवेट ऑपरेटर को भी एक रेगुलेशन के साथ जोड़कर हर गांव तक हमें यातायात की और बस सेवा की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। अगर हम हर गांव तक यह सुविधा उपलब्ध कराएंगे, तो लोगों के लिए आसान होगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का लोग उपयोग करेंगे। सीएम योगी ने इलेक्ट्रिक बसों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि जहां इलेक्ट्रिक बस सेवा प्रारंभ हुई है वहां लोगों में एक नई डिमांड शुरू हुई है। हमने वर्तमान में यूपी के 10 शहरों में इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरुआत की है। जहां जाओ वहां हर व्यक्ति कहता है कि हमारे यहां भी इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करा दीजिए। इस अवसर पर कहना चाहूंगा कि समय आ गया है, बस स्टेशन अच्छे हों, सुरक्षित हों, हमारी बस की सेवा लोगों की डिमांड के अनुरूप हो। आवश्यक नहीं कि हम सरकार से पैसा लेकर के ही परिवहन निगम के बेड़े को हम बड़ा करने का प्रयास करें। हमारा प्रयास हो कि परिवहन निगम के मौजूदा संसाधन में तो वृद्धि हो ही, साथ ही प्राइवेट ऑपरेटर को इससे जोड़कर प्रत्येक गांव, प्रत्येक शहर को बेहतरीन बस सेवा से जोड़ लेंगे तो उत्तर प्रदेश के अंदर सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतों की दर को भी न्यूनतम स्तर पर लाने में सफलता प्राप्त होगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के 50 वर्षों की इस यात्रा के फलस्वरूप 100 राजधानी सेवा प्रारंभ करने के इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अध्यक्ष परिवहन निगम प्रशांत त्रिवेदी, प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू, एमडी मासूम सरवर एवं परिवहन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### परिवहन निगम को 50 वर्ष की यात्रा पूर्ण करने पर दीं शुभकामनाएं

**इससे** पहले सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को 50 वर्ष की यात्रा पूर्ण करने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि आजादी के कुछ ही महीने पहले 15 मई 1947 को उत्तर प्रदेश में एक राजकीय परिवहन सेवा प्रारंभ हुई थी। इसका उद्देश्य लोगों को सुगम और सुरक्षित यात्रा कराना था। यही राजकीय परिवहन सेवा एक जून 1972 को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के रूप में आगे बढ़ी और देश के सबसे बड़े आबादी के राज्य में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सबसे बड़ी इकाई के रूप में 50 वर्ष की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए शानदार कार्य कर रही है। इस अवसर पर परिवहन निगम को ह्दय से बधाई। आज राजधानी सेवा की जिन 93 बसों और 7 अन्य साधारण बसों का यहां प्रारंभ किया जा रहा है, इसके लिए प्रदेशवासियों को भी ह्दय से शुभकामनाएं हैं।

#### इन जिलों से राजधानी को चलेंगी बसें

**प्रयागराज**-8, आजमगढ़-2, चित्रकूटधाम-10, हरदोई-10, बरेली-8, कानपुर-10, वाराणसी- 2, झांसी-2, मुरादाबाद-2, मेरठ-2, गोरखपुर-16, अयोध्या-9, अलीगढ़-7, देवीपाटन-4, सहारनपुर-1, आगरा-7

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैंने अपना नाम वलीद अहमद से बदल कर वलीद अहमद राना कर लिया है भविष्य में मुझे वलीद अहमद राना के नाम से जाना जाए। वलीद अहमद राना पुत्र अकील अहमद राना निवासी 15/6बी सिविल लाइंस, कानपुर

सूचना

मैंने अपना नाम शेख कफी सिद्दकी से बदलकर शेख कफील अहमद सिद्दीकी पुत्र शेख मुमताज सिद्दीकी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। निवासी- 68,ए/7 सकीना मन्जिल, वी0आई0पी0 रोड, फतेहपुर।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं नेहा अग्रवाल पत्नी श्री सौरभ अग्रवाल पुत्री विट्ठल दास गुजराती निवासी मकान नंबर बी 37/197 – क – 2 – वी निकट जन कल्याण हॉस्पिटल बिरदोपुर, महमूरगंज, जिला वाराणसी शादी से पूर्व नेहा दास था जो कि शादी के उपरान्त नेहा अग्रवाल हो गया है एवं मेरा पासपोर्ट भी नेहा दास के नाम से बना है उसमें नेहा अग्रवाल अंकित किया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है।

आवश्यकता है

आवश्यकता है

राजदेव कृषक पी0जी0 कालेज काशीपुर सुराई सठियांव आजमगढ़ में स्नातक स्तर पर राजनीति शास्त्र–1 पद, भूगोल 1 पद, अर्थशास्त्र 1 पद, मोविज्ञान 1 पद म0 इतिहास 1 पद, प्रा0 इतिहास 1 पद, उर्दू 1 पद, शिक्षाशास्त्र 1 पद स्नातकोत्तर स्तर पर प्राणि विज्ञान 2 पद, वनस्पति विज्ञान 2 पद भौतिक विज्ञान 2 पद, गणित 2 पद एवं रसायन विज्ञान 3 पद, हिन्दी 1 पद, राजनीतिशास्त्र 2 पद, शिक्षाशास्त्र 1 पद, समाजशास्त्र 2 पद, संस्कृत 2 पद, अंग्रेजी 2 पद, उर्दू 2 पद वाणिज्य संकाय एम काम 6 पद प्रवक्ता योग्यता नेट पी0एच0डी0 व वेतन मान वि0वि0 के शासनादेशानुसार इच्छुक अभ्यार्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी सम्पर्क नं0 9451551275
प्रबन्धक

आवश्यकता है

आवश्यकता है

रामराजी देवी महिला पी0जी0 कालेज सुराई सठियांव आजमगढ़ में स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय हेतु जन्तु विज्ञान 2 पद वनस्पति विज्ञान 2 भौतिक विज्ञान 2 पद 2 गणित 2 पद रसायन विज्ञान 3 पद बी.काम 6 पद भूगोल 1 पद स्नातकोत्तर स्तर पर प्राणि विज्ञान–2 पद, वनस्पति वि. 2 पद उर्दू–2 शिक्षा शास्त्र–2 समाजशास्त्र –2 प्रवक्ता योग्यता नेट पी0एच0डी0 व वेतन मान वि0वि0 शासनादेशानुसार इच्छुक अभ्यार्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष द्वारा दी जायेगी सम्पर्क नं0 9451551275
प्रबन्धक

# च्वाइस पोस्टिंग व्यवस्था का पीडब्लूडी मंत्री ने किया शुभारम्भ

- नई व्यवस्था के तहत 181 सहायक अभियंताओं की मिली तैनाती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लोक** निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में पारदर्शी व्यवस्था के तहत कार्य किया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग में भी लगातार निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। इसी क्रम में लोक निर्माण विभाग के इतिहास में पहली बार एक नयी व्यवस्था को अपनाते हुए नवपदोन्नत एवं नवनियुक्त सहायक अभियन्ताओं (सिविल) को निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत उनके स्वयं द्वारा दी गई च्वाइस आधारित नवीन तैनाती दी जाएगी। इसके तहत सहायक अभियंताओं (सिविल) को उनकी वरिष्ठता के आधार पर, उपलब्ध विकल्पों में से उनके द्वारा चुने हुए विकल्प पर नवीन तैनाती दी जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोस्टिंग की इस निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था को आगे भी बढ़ाया जाएगा।

लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने यह बातें शनिवार को लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित विश्वेश्रैया सभागार में नवपदोन्नत 148 एवं नवनियुक्त 33 सहायक अभियन्ताओं (सिविल) की नवीन तैनाती के लिए आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कार्यक्रम में अभियंताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आप सभी अपने तैनाती स्थल पर सरकार की मंशा के अनुरूप पूर्ण मनोयोग से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। आप सभी अपने अधीन कार्यों के संपादन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समय सीमा का विशेष ध्यान रखें। जो भी अभियंता अच्छा कार्य करेगा विभाग से उसे पूरा सहयोग मिलेगा तथा लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित की जवाबदेही भी तय की जाएगी। इस निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत नवपदोन्त एवं नवनियुक्त सहायक अभियन्ता (सिविल) की जिन खण्डों में तैनाती की जानी थी, उन सभी खण्डों की विस्तृत जानकारी डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित की गई एवं उसकी प्रतियां भी सहायक अभियन्ताओं को उपलब्ध करा दी गयी। वरिष्ठता के अनुसार नवपदोन्नत सहायक अभियन्ता एवं नवनियुक्त सहायक अभियन्ताओं को अल्टरनेट सर्वप्रथम नवपदोन्नत सहायक अभियंता एवं तत्पश्चात नवनियुक्त सहायक, बुलाया गया, जिनके द्वारा गृह जनपद को छोड़ते हुए उपलब्ध रिक्तियों में से चुने हुए विकल्प लिये गया। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग में सहायक अभियंता (सिविल)के कुल स्वीकृत 1225 पदों के सापेक्ष वर्तमान में 825 पूर्व से कार्यरत, नवपदोन्नत एवं नवनियुक्त सहित सहायक अभियंता (सिविल) कार्यरत है। सहायक अभियंताओं की अत्यधिक कमी हो जाने के कारण महत्त्वपूर्ण जनपदों वाराणसी, प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर, मथुराद्ध में स्वीकृत पदों के सापेक्ष पूर्ण तैनाती एवं अन्य जनपदों के प्रान्तीय खण्ड में न्यूनतम 03 एवं अन्य खण्डों मुख्यालय को छोड़कर में न्यूनतम 2 सहायक अभियंताओं की तैनाती के लिए रिक्तियों की गणना की गई है।

# सत्ता के घमंड में सारी हदें पार कर रहे भाजपाई: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में गुंडई और अपराध चरम पर है। भाजपा के गुंडों के सामने खाकी लाचार है। अपराधियों को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है। ताजा उदाहरण कन्नौज का है। जहां भाजपा सांसद ने अपने साथियों के साथ पुलिस चौकी में घुसकर पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की और उन्हें अधमरा कर दिया। सांसद की गुंडई के आगे पुलिस बेबस है। सांसद ने शर्मनाक करतूत की है, इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है।

अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि आरोपी भाजपा सांसद पर एनएसए कब लगेगा, बुलडोजर कब चलेगा। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। भाजपा के नेता और पदाधिकारी कानून और संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। भाजपा नेताओं की अपराधिक हरकते लगातार जारी है। सत्ता के घमंड में भाजपाई सारी हदें पार कर रहे है, भाजपा के नेता शीर्ष नेतृत्व से संरक्षण पाकर खुद अपराधियों के साथ मिलकर हत्या, बलात्कार, लूट, फिरौती, भ्रष्टाचार जैसे जघन्य अपराधों में संलिप्त हैं।

मुख्यमंत्री की कन्नौज काण्ड पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई है, जब भाजपा के गुण्डे पुलिस पर हमला कर रहें है, उनके साथ मारपीट और धमकी दे रहे है तो आम आदमी और गरीब के साथ उनका व्यवहार कैसा होगाए इसका अनुमान लगाया जा सकता है। अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश का पुलिस प्रशासन सत्ता संरक्षित अपराधियों और गुण्डों के सामने नतमस्तक है।

# दिसंबर तक 90 हजार से अधिक ग्रामों की घरौनियां तैयार करने का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की योगी सरकार ने इस साल दिसंबर तक 90 हजार से अधिक ग्रामों की घरौनियां तैयार करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य के सापेक्ष 31 जुलाई तक सर्वे ऑफ इंडिया से त्रुटिरहित मानचित्र प्राप्त करने का लक्ष्य है तो 31 अगस्त तक मौके पर जाकर परीक्षण का लक्ष्य भी तय किया गया है। मुख्य सचिव के समक्ष इसकी कार्ययोजना एवं लक्ष्य का विस्तृत ब्यौरा रखा गया है। अभी तक योगी सरकार ने 90894 ग्रामों का ड्रोन सर्वे पूरा कर लिया है जबकि करीब 73 हजार ग्रामों का सर्वे ऑफ इंडिया से मानचित्र प्राप्त कर लिया गया है। करीब 57 लाख घरौनियां तैयार की जा चुकी हैं। इनमें से 24 अप्रैल 2023 तक करीब 55.15 लाख घरौनियां वितरित भी की जा चुकी हैं जो बड़ी उपलब्धि है।

स्वामित्व योजना के समग्र कार्य के अन्तर्गत टॉप 10 जनपदों की बात करें तो बुंदेलखंड के जिले सबसे आगे हैं। यहां ललितपुर (99.944), जालौन (99.657) और झांसी (99.056) टॉप 3 में हैं तो महोबा (98.701) के साथ पांचवें स्थान पर है। चौथे स्थान पर मुरादाबाद (99.037) है। बागपत (98.375) संभल (97.474), हमीरपुर (97.328), शामली (97.044) और कासगंज (97.008) छठे, सातवें, आठवें, नौवें और दसवें स्थान पर है। बीते 24 अप्रैल को पीएम मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के 2098926 घरौनियों का डिजिटली वितरण किया था। इन घरौनियों का वितरण प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रदेश के 37833 ग्रामों के लिए किया गया। तब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की संकल्पना को साकार करने वाला कदम बताया है।

# बढ़ेगी विद्युत आपूर्ति, जल्द शुरू होगी 660 मेगावाट की एक इकाई

- ओबरा में निर्माणाधीन 2 में से एक ईकाई 30 जून को शुरू कर सकती है विद्युत उत्पादन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में विद्युत उपलब्धता बढ़ाने के लिए योगी सरकार निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं को जल्द पूर्ण कर उत्पादन शुरू करने का प्रयास कर रही है। इसी प्रयास में सरकार ने प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम की निर्माणाधीन ओबरा परियोजना के तहत 30 जून तक 660 मेगावाट की एक इकाई का उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार का मानना है कि सितंबर तक प्रदेश में विद्युत की जबरदस्त मांग रहेगी। ऐसी स्थिति में 660 मेगावाट की 1 यूनिट के उत्पादन से प्रदेश की विद्युत आपूर्ति को बड़ा लाभ होगा। उल्लेखनीय है कि ओबरा ताप विद्युत गृह सोनभद्र जिले के ओबरा नामक स्थान पर है। वाराणसी से 125 किलोमीटर की दूरी पर वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर स्थित यह बिजली संयंत्र भारत की पहली 200 मेगावाट ईकाई होने का गौरव रखती है। यहां 13 इकाइयां है और सभी कोयले से चलती हैं। 200 मेगावाट की अंतिम इकाई 1982 में शुरू हुई थी। इसकी उत्पादन क्षमता 1288 मेगावाट है। यहां 333 मेगा वाट का जल विद्युत का प्लांट भी है जो ताप विद्युत गृह को चार्ज करने में मदद करता है। वर्तमान में 660 मेगावाट की दो नई इकाइयां निर्माणाधीन है। इसके प्रारंभ होने से 1320 मेगावाट विद्युत का उत्पादन प्रदेश को प्राप्त होगा जो एक बड़ी उपलब्धि होगी।

प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज ने ओबरा परियोजना स्थल का दौरा किया और परियोजना के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने ओबरा तापीय परियोजना की निर्माणाधीन 28660 मेगावाट की दो इकाइयों के उत्पादन शुरू होने में हो रही देरी पर निर्माण कर रही कंपनी दुशान के अधिकारियों और परियोजना तथा उत्पादन निगम के अधिकारियों से चर्चा की। प्रात: 9 बजे से रात्रि 3 बजे तक अनवरत चली बैठक में एक-एक बिंदु पर चर्चा हुई और अंत में तय हुआ कि 30 जून को 660 मेगावाट की एक इकाई का उत्पादन शुरू हो जाएगा। पिछले लगभग डेढ़ महीने से अध्यक्ष वीडियों काफेन्सिंग के माध्मय से ओबरा परियोजना के निर्माण की निगरानी कर रहे है।

# यूपी को श्वेत क्रांति का अगुआ बनाएगी योगी सरकार

- मिशन सेक्सड सीमेन के तहत मार्च 2025 तक 10 लाख स्वस्थ्य गोवंश के एआई का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** श्वेत क्रांति के लिहाज से देश-दुनिया में मिसाल बने, यह उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का लक्ष्य रहा है। मिशन मिलियन सेक्सड आर्टिफिशियल इंसिमिनेशन (एआई/कृत्रिम गर्भाधान) इस क्रांति की बुनियाद बनेगा। सेक्सड सॉर्टेड सीमेन एक ऐसी तकनीक है जिसके जरिये जिस गोवंश का कृत्रिम गर्भाधान किया जाता है वह गोवंश बछिया ही जनेगी, इसकी संभावना 90 फीसद तक होती है।

इस तकनीक के भविष्य में कई लाभ होंगे। इस तकनीक से एआई के लिए स्वस्थ्य पशुओं का ही चयन किया जाएगा। जिस सांड के शुक्राणु से एआई की जाएगी उसकी पूरी वंशावली भी पता होगी। ऐसे में पैदा होने वाली बछिया अपने माता-पिता से प्राप्त गुणों के कारण अच्छी नस्ल की होगी। इससे दो से तीन साल में दूध उत्पादन में अच्छी-खासी वृद्धि हो जाएगी। इसी क्रम में बछड़े कम पैदा होंगे। जो पैदा होंगे उनकी भी प्रजाति बेहतर होगी। लिहाजा प्रजनन संबंधी जरूरतों के लिए उनकी पूछ और दाम दोनों बढेंगे। एक तरह से यह निराश्रित गोवंश की समस्या के स्थाई हल की ओर बड़ा कदम होगा। उप्र वेटरनरी सर्विस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शुक्ला के अनुसार स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं देश के विकास के लिहाज से डेरी सेक्टर बेहद संभावनाओं का क्षेत्र है। भारत में करीब 8 करोड़ परिवार इस सेक्टर से जुड़े हुए हैं। यह सेक्टर सालाना करीब 8.9 फीसद की दर से बढ़ रहा है। इस सेक्टर की मौजूदा वैल्यू करीब 124.93 बिलियन डॉलर की है। अनुमान है कि 2030 तक यह बढ़कर 227.53 बिलियन डॉलर की हो जाएगी। इस तरह डेरी सेक्टर रोजगार एवं अर्थव्यवस्था के लिहाज से व्यापक संभावनाओं का क्षेत्र है।

उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद गोरखपुर के जोनल अध्यक्ष रहे पशु चिकित्सक डॉ. बीके सिंह के मुताबिक उत्तर प्रदेश देश का सर्वाधिक दुग्ध उत्पादक एवं सार्वधिक आबादी वाला राज्य है। स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता एवं बेहतर होती अर्थव्यवस्था इन संभावनाओं में चार चांद लगाएगी। गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा और ब्रीडिंग के जरिए उत्तर प्रदेश देश ही नहीं दुनिया में श्वेत क्रांति का अगुआ बन सकता है। ऐसे में इस सेक्टर से और ज्यादा रोजगार और प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था में और योगदान मिल सकता है।

सेंट्रल एनीमल ब्रीडिंग इंस्टीट्यूट के पशु चिकित्सक डा. संजीव श्रीवास्तव के अनुसार नर पशु के शुक्राणुओं का वजन उनकी सक्रियता के आधार पर अलग-अलग होता है। सक्रिय शुक्राणु कुछ भारी होते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# 51 लाख कीमत की सरकारी भूमि हुई कब्जा मुक्त



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नगर** निगम द्वारा ग्राम अमराईगांव में अवैध कब्जा हटाया गया। तहसील सदर में आने वाली जमीन 320 वर्ग मीटर भूमि पर अतिक्रमण कर रखा था। नगर निगम के संपत्ति अधिकारी, प्रवर्तन अधिकारी कर्नल सत्येंद्र सिंह सहित अन्य ने कार्रवाई कर भूमि खाली करायी। मुक्त कराई भूमि 51 लाख रुपए की है।

शनिवार को नगर निगम ने अमराईगांव में अवैध कब्जा हटाया। संपत्ति अधिकारी अलंकार अग्निहोत्री ने बताया कि तहसील सदर की खसरा संख्या.960 के 0.016 हे चकमार्ग एवं खसरा संख्या. 960 क्षेत्रफल 0.016 हे नाली भूमि से जेसीबी द्वारा भारी विरोध के बीच अवैध अतिक्रमण हटवा दिया गया। इस चकमार्ग की भूमि पर ममता साहू निवासी ग्राम लखनऊ द्वारा बाउण्ड्रीवाल बनाकर किये गये अवैध कब्जे और अवैध कब्जा की गई 320 वर्ग मीटर भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई। मुक्त भूमि का बाजार मूल्य लगभग 51,00,000.00 रुपए लाख मात्र है। अभियान कर्नल सत्येंद्र सिंह एवं कानूनगो सुरेश श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक श्रीकान्त वर्मा राजस्व सुशील सिंह लेखपाल नगर निगम, लेखपाल तहसील प्रभाकर त्रिपाठी एवं नगर निगम के स्क्वाड कमांडर सफीर आलम ईटीएफ टीम और चौकी इंचार्ज तकरोही व थाना इन्दिरानगर की पुलिस बल के सहयोग से अभियान चलाकर जेसीबी से अवैध अतिक्रमण को हटाया गया और सरकारी भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराया गया।


## सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में 298 फाइलों का निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एलडीए** में सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान समस्त अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी लंबित फाइलों के साथ मसऊद हॉल में उपस्थित हुए। एलडीए उपाध्यक्ष की निगरानी में दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक चली कार्रवाई के दौरान 298 फाइलों का निस्तारण किया गया।

सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि पूर्व में उपाध्यक्ष द्वारा विभिन्न अनुभागों का औचक निरीक्षण किया गया था, जिसमें कई पटलों पर फाइलें लंबित पायी गयी थीं। इसके अतिरिक्त जन सम्पर्क के दौरान प्रायः कुछ लोगों द्वारा शिकायत की जा रही थी कि उनके कार्य में अनावश्यक रूप से विलम्ब हो रहा है, जिसके कारण उन्हें बार.बार प्राधिकरण के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे में सभी विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, प्रवर वर्ग सहायक व अभियंता गण अपने अनुभाग की लंबित फाइलों के साथ दोपहर 12 बजे मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। इस मौके पर उपाध्यक्ष ने स्वयं लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और कई फाइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्यवाही सम्पादित करायी। इस मौके पर अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व वित्त नियंत्रक दीपक सिंह भी उपस्थित रहे। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे पर प्रस्तुत की गयी। सभी लंबित फाइलों पर शत प्रतिशत कार्यवाही करते हुए 298 फाइलों का निस्तारण किया गया। इसके तहत रजिस्ट्री के 29 आवेदनों, म्यूटेशन के 15, प्लानिंग के 60, अभियंत्रण के 105, शमन मानचित्र के 6, फ्री.होल्ड के 5, गणना के 40, नजूल एवं ट्रस्ट की 6 व रिफंड की 32 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया।



नवनियुक्त डीजीपी विजय कुमार ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की

## पेपरमिल कालोनी में अवैध निर्माण करने पर मकान सील



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पेपरमिल** कालोनी में एलडीए द्वारा अवैध निर्माण को सील कर दिया गया। निर्माणाधीन भवन में सैटबैक में अवैध निर्माण करने पर कार्रवाई की गयी। विहित प्राधिकारी द्वारा वाद दर्ज किया गया था, जिस पर कार्रवाई की गयी। शनिवार को एलडीए की टीम ने पेपरमिल कालोनी में निर्धारित सेटबैक में अवैध निर्माण करने पर भवन को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन 6 के जोनल अधिकारी रामशंकर ने बताया कि एचपी गुप्ता, माधवी सिंह एवं नेहा सिंह द्वारा निशातगंज स्थित पेपरमिल कालोनी के भवन संख्या.जी.1/4 में रियर एवं साइड सेटबैक में अनाधिकृत रूप से निर्माण कार्य कराया गया था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या.340/2023 दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में विपक्षी द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र आदि प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर विहित न्यायालय द्वारा भवन को सील किये जाने के आदेश पारित किये गये थे। सहायक अभियंता लल्लन प्रसाद, अवर अभियंता इम्तियाज अहमद व शिव कुंवर द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से प्रश्नगत स्थल को सील कर दिया गया।

## छह भूखंडों से अतिक्रमण हटाकर आवंटियों को दिलाया कब्जा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोमतीनगर** विस्तार में एलडीए द्वारा आधा दर्जन भूखंडों के अतिक्रमण को हटाया गया। अधिशाषी अभियंता द्वारा आवंटियों को मौके पर खाली भूखंडों पर कब्जा दिलाया गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर की गयी इस कार्रवाई के दौरान 115 वर्गमीटर के कुल छह भूखण्ड खाली कराये गये। साथ कई वर्षों से भटक रहे आवंटियों को मौके पर ही भूखण्ड पर कब्जा प्राप्त कराया गया। शनिवार को एलडीए ने गोमती नगर विस्तार के मखदूमपुर में अपनी अर्जित व नियोजित भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाया। अभियंत्रण जोन.1 के अधिशासी अभियंता केके बंसला ने बताया कि गोमती नगर विस्तार के सेक्टर.1 के अंतर्गत ग्राम.मखदूमपुर में प्राधिकरण की अर्जित व नियोजित भूमि पर कई वर्षों से स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर रखा गया था। कुछ लोग वहां अपने मवेशी बांधते थे, जबकि कुछ लोगों द्वारा उस जमीन पर निर्माण सामाग्री आदि डम्प करा रखी गयी थी। प्राधिकरण द्वारा उस जमीन पर जिन लोगों को भूखण्ड आवंटित किये गये थे, वह लोग जब भी भूखण्ड पर निर्माण कराने जाते, स्थानीय लोग विरोध करके आवंटियों को भगा देते थे। मामला संज्ञान में आने पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कार्रवाई के आदेश दिये थे। टीम ने पुलिस फोर्स की उपस्थिति में अभियान चलाकर भूखण्डों से अतिक्रमण आदि हटाकर अवैध कब्जे खाली कराये। सहायक अभियंता आलोक सिंह ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 115 वर्गमीटर के कुल छह भूखण्डों से अवैध कब्जा हटाये गये। आवंटियों को मौके पर कब्जा दिलाने के साथ ही डिमार्केशन कराते हुए विकास कार्य भी शुरू करा दिये गये हैं।

### वर्षा श्रीवास्तव को नगर निगम ने बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**लखनऊ।** शहर की ख्याति प्राप्त ज्वेलरी डिजाइनर एवं समाज सेविका वर्षा श्रीवास्तव को लखनऊ नगर निगम का ब्रांड एंबैसडर बनाया गया है। ब्रांड अम्बेसडर बनाये जाने के साथ-साथ नगर निगम द्वारा संचालित आरआर सेंटर के कतरन बैंक, चिकनकारी कतरन बैंक के प्रबंधन का कार्य वर्षा को दिया गया है। कतरन बैंक की कतरन से ज्वेलरी एवं अन्य काम आने वाली चीजें निर्मित की जाएंगी जिसका संचालन वर्षा करेंगी। इसके अलावा एमपॉवर रिकल फाउंडेशन संस्था के अंतर्गत स्वच्छता एवं सफाई संबंधी विषयों पर भी वर्षा, ब्रांड एंबेसडर द्वारा कार्य किया जायेगा। वर्षा श्रीवास्तव द्वारा तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक से प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के संबंध में कई राज्य एवं केंद्रीय मंत्रालय से भी सम्मान प्राप्त किया जा चुका है।

### घर में सफाई करने के दौरान करंट लगने से मौत

**लखनऊ।** राजधानी के बीकेटी इलाके में एक व्यक्ति की घर में सफाई के दौरान करंट लगने से मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ग्राम कटवारा बीकेटी निवासी कैशव गौड़ ने बताया कि दोपहर 11 बजे उसका पुत्र अजय (28) घर में सफाई का काम कर रहा था तभी बिजली का तार टूटकर उस पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रुप से झुलस गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल गए, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अवैध खनन कर रहे तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की रहीमाबाद पुलिस ने अवैध रुप से मिटटी का खनन कर रहे तीन अभियुक्तों को मौके से दबोच लिया। इस दौरान पुलिस ने तीन ट्रैक्टर दो ट्राली व एक लोडर कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। इंस्पेक्टर रहिमाबाद ने बताया कि बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि इलाके में अवैध तरीके से मिटटी खनन किया जा रहा है। सूचना पाते ही इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस को देखकर वहां भगदड़ मच गयी। पुलिस ने इस दौरान घेराबंदी कर भाग रहे तीन युवकों को गिरफतार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम बहियाखेड़ा रहिमाबाद निवासी आशीष कुमार गौतम , अरविन्द कुमार व शनि यादव बताया। पुलिस ने इस दौरान खनन कर रहे तीन ट्रैक्टर दो ट्राली व एक लोडर कब्जे में लेकर सीज किया है।

### उत्तरधौना में खेला जा रहा था सट्टा, सात गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की बीबीडी पुलिस ने ग्राम उत्तरधौना में सार्वजनिक स्थान पर सटटा लगाकर जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर सात जुआरियों को गिरफतार कर उनके कब्जे से नकदी सात मोबाइल फोन व कम्पयूटर बरामद किया है। इंस्पेक्टर बीबीडी अजय कुमार सिंह ने बताया कि दोपहर बाद ग्राम उत्तरधौना में सटटा खेले जाने की मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी जिसके बाद पुलिस टीम ने ततकाल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर सात लोगों को दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम छत्तीसगढ़ निवासी विकाश खण्डारी, रोबिन सिंह, अभिषेक सिंह, मध्यप्रदेश निवासी अमन जायसवाल, आदर्श सिंह अनुराग दिवेदी व छत्तीसगढ निवासी उमेश पटेल बताया। पुलिस पूछताछ मे इन्होंने बताया कि हम लोग आईपीएल में सटटा लगाने का काम करते हैं।

### चोरों ने दो मकानों को बनाया निशाना, नकदी व जेवरात चोरी

लखनऊ। राजधानी में शातिर चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है आये दिन यह शातिर किसी न किसी मकान दुकान या वाहन पर अपना हाथ साफ कर रहे हैं और पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद मूक दर्शक बनी रहती है। ताजा मामला राजधानी के सैरपुर इलाके में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी व सोने चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। उधर गुडम्बा इलाके में शातिर चोरों ने मकान का ताला तोड़कर नकदी जेवरात व अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वर्ल्ड बायसाइकिल डे

## युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सुएज** इंडिया ने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ल्ड बायसाइकिल डे पर फ ोर्स फॉर गुड नामक पहल शुरू की है। इस पहल के तहत साइकिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीवर सफाई मित्र व मिलान फाउंडेशन की गर्ल्स आइकन्स शामिल हुए।

शनिवार को यह कार्यक्रम गोमतीनगर विस्तार के जनेश्वर मिश्र पार्क पर आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम से पर्यावरण जागरूकता के लिए सतत व टिकाऊ जीवन शैली को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस पहल से मिलान फाउंडेशन की गर्ल्स आइकन्स खुले नालों में घरेलू कचरा या प्लास्टिक न फेंकने के महत्व के बारे में भी लोगों को जागरूक कर रही हैं। संस्था फोर्स फॉर गुड पहल के तहत इस माह का विषय एनवायरनमेंटल वेल बीइंग है। इस अवसर पर सुएज इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजेश मठपाल ने कहा कि नागरिकों में सामाजिक व्यवहार परिवर्तन के प्रति जागरूक करने के लिए यह सुएज इंडिया की एक पहल है इसका उद्देश्य है कि सभी को स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके और उन्हें खुली नालियों और सीवर मैनहोल में कचरा फेंकने से रोका जा सके। यह पहल संस्था की पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता का हिस्सा है। कंपनी का पर्यावरण की रक्षा के लिए काम करने का एक लंबा इतिहास रहा है और यह पहल उस प्रतिबद्धता की एक कड़ी है।

## एकेटीयू की विद्या परिषद में विभिन्न प्रस्तावों पर लगी मुहर

● पीएचडी ऑर्डिनेंस के बदलाव के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को कुलपति प्रो. जेपी पांडेय की अध्यक्षता में विद्या परिषद की बैठक हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक में पीएचडी ऑर्डिनेंस में बदलाव के प्रस्ताव पर मुहर लगी। इसके तहत बीटेक और एमसीए धारी प्रथम श्रेणी में पास छात्रों को सीधे पीएचडी में प्रवेश मिल सकेगा। हालांकि इसके लिए कुछ औपचारिकताएं होंगी। एमटेक की प्रवेश परीक्षा सीयूईटी और गेट के जरिए लेना होगा। कोर्स वर्क पूरा करने के बाद निर्धारित ग्रेड मिलने पर पीएचडी में माइग्रेट करने का अवसर दिया जाएगा अन्यथा की स्थिति में एमटेक निर्धारित ऑर्डिनेंस के तहत चलता रहेगा। वहीं पीएचडी में माइग्रेट करने पर पीएचडी ऑर्डिनेंस की व्यवस्था लागू रहेगी। वही प्रस्ताव के अनुसार सहायक प्रोफेसर स्तर पर चार एवं सह प्रोफेसर स्तर पर 6 अधिकतम पीएचडी रजिस्टर्ड छात्रए हो सकेंगे। साथ ही लगातार तीन आरडीसी बैठकों में गायब रहने पर या संतोषजनक प्रगति वाले शोधार्थियों का पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा। वही प्रत्येक शैक्षिक वर्ष में पीएचडी छात्रों को भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। वहीं राष्टीय शिक्षा नीति 2020 को कार्यशाला कराकर जल्द से जल्द लागू करने का अनुमोदन बैठक में दिया गया। इसके अलावा एनईपी के संबंध में बोर्ड ऑफ स्टडीज का पुनर्गठन कर उसमें छात्रों को भी सम्मिलित करने पर मुहर लगी। वहीं बीटेक द्वितीय सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में योगा और स्पोर्ट्स को शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। वास्तुकला एवं योजना संकाय में आंतरिक गुणवत्ता सेल यानि आईक्यूएसी के गठन के प्रस्ताव पर भी सहमति दी गयी। जबकि उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन नोएडा में बीडेस की तरह एमडेस में भी काउंसलिंग के बाद बची सीटों पर संस्थान स्तर पर प्रवेश लेने के प्रस्ताव को पास कर दिया गया। सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में एम टेक छात्रों के सीजीपीए से प्रतिशत की गणना के प्रस्ताव को अनुमति दी गयी।

बैठक में प्रस्ताव को कुलसचिव जीपी सिंह ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रतिकुलपति प्रो. मनीष गौड़, आइईटी के निदेशक प्रो. विनीत कंसल, प्रो. वंदना सहगल, उपकुलसचिव डॉ. आरके सिंह, केएनआईटी सुल्तानपुर के निदेशक प्रो. केएस वर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

## तीन शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों के जेवरात व नकदी बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की गोमतीनगर विस्तार व डीसीपी पूर्वी की सर्विलांस टीम ने तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से भारी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात व एक लाख 59 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। बताया जा रहा है कि पकड़े गये चोर नकबजन है और बंद घरों को निशाना बनाते हैं। इन्होंने चिनहट बीबीडी व गोमतीनगर विस्तार इलाके में कई बंद मकानों को अपना निशाना बनाने की बात कबूल की है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गये चोरों में अमित कुमार रस्तोगी पर विस्तार चिनहट व बीबीडी में कई मुकदमें पूर्व में ही दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम गोमती नगर विस्तार निवासी अमित कुमार रस्तोगी भरवारा क्रासिंग विभूतिखंड निवासी ओम प्रकाश यादव व उपरोक्त निवासी अभिनन्दन यादव बताया।

## नवयुग में हुआ जागरूकता अभियान का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विश्व** पर्यावरण दिवस 2023 की थीम 'मिशन लाइफ-बीट प्लास्टि पाल्यूशन' को ध्यान में रखते हुए नवयुग कन्या महाविद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय एवं मेजर मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में शनिवार को जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कैडेट्स ने भाग लिया तथा पोस्टर, स्लोगन तथा संभाषण के माध्यम से यह दर्शाया कि प्लास्टिक का प्रयोग न केवल मनुष्य अपितु सभी जीवों के लिए हानिकारक है। सुविधाजनक मानकर हम इसे अपनी आदत बना लेते हैं, परन्तु जब वही सुविधा जीवन के लिए संकट बन जाए, तो उसे छोड़ देना ही हितकर है। रीयूज, रीडयूज व रिफ्यूज को अपना कर हम पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। केवल प्रतिबंध के द्वारा ही इसके प्रयोग को नहीं रोका जा सकता, बल्कि सभी नागरिकों के सहयोग से ही इस पर नियंत्रण संभव है।

## महापौर ने बेहतर जलापूर्ति के लिए 25 टैंकरों की खरीद के दिए निर्देश

● जलकल मुख्यालय, स्टोर और हैदर कैनाल नाले का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**जलकल** मुख्यालय सहित हैदर कैनाल नाले का महापौर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रमिक को नाले में बिना सुरक्षा उपकरण के कार्य करते पाए जाने पर महापौर ने नाराजगी जताते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को सुरक्षा उपकरण को पहनाने के बाद ही सीवर, नाले में सफाई कराने के निर्देश दिए गए। आलमबाग के जलकल स्टोर पर पहुंचकर महापौर द्वारा स्टोर की लॉगबुक, स्टॉक रजिस्टर की जांच की। जलकल के महाप्रबंधक को अभिलेख तैयार रखने के निर्देश दिए गए। शहर की जल आपूर्ति के लिए नगर आयुक्त को 25 टैंकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने जलकल स्टोर, जलकल मुख्यालय एवं राजभवन के निकट हैदर कैनाल नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सदर कैनाल ऑफिस राजभवन के निकट स्थित हैदर कैनाल नाले, बहुखण्डीय के पास स्थित एसटीपी डीजीपी पुलिया और 1090 चौराहे गई। महपौर ने निरीक्षण में देखा कि बायोरेमीडियेशन पद्धति द्वारा एक श्रमिक नाले में उतर कर सफाई का कार्य कर रहा था लेकिन उसके द्वारा जीवन सुरक्षा उपकरण आदि नहीं पहने थे। ऐसे में महापौर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सीवर एवं नाला सफाई कार्यों में लगे श्रमिकों को सुरक्षा से सम्बन्धित समस्त उपकरण उपलब्ध कराने एवं अनिवार्य रूप से पहनाने के निर्देश दिए। यही नहीं उन्होंने कहा कि सुरक्षा उपकरण के बाद ही सीवर एवं नाले की सफाई में कर्मियों को लगाया जाए। आलमबाग में जलकल स्टोर के निरीक्षण के दौरान डीजल निर्गमन की पर्ची की जांच कर स्टॉक रजिस्टर, लॉगबुक आदि अभिलेख तैयार किये जाने के साथ-साथ आपूर्ति जल के समुचित शुद्धीकरण के निर्देश महाप्रबंधक जलकल को दिये गये। इसी जोन के क्षेत्रों में सीवर एवं पेयजल की समस्या संज्ञान में आयी।

महाप्रबन्धक जलकल ने बताया कि लखनऊ नगर निगम क्षेत्र में 145 ओवरहेड टैंक हैं, जिनमें 5 टैंक जर्जर अवस्था में हैं एवं इनका ध्वस्तीकरण कर नवीनीकरण कराये जाने के निर्देश दिए। ऐशबाग जोन में 2 टैंक, जोन.5 में 2 टैंक व जोन.3 में 1 टैंक स्थित है। इस विषय में महाप्रबंधक जलकल को निर्देशित किया गया कि ऐसे टैंक जिनकी स्थिति ठीक नहीं है, उनकी रिपेयरिंग का कार्य तत्काल कराए जाने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान महाप्रबन्धक ने बताया कि वर्तमान में 40 टैंकर उपलब्ध हैं, जिनके द्वारा शहर में आवश्यकतानुसार जलापूर्ति की व्यवस्था की जाती है। जरूरी जलापूर्ति के लिए 20 से 25 टैंकरों की अतिरिक्त आवश्यकता है। महापौर ने टैंकरों के प्रबन्धन के लिए नगर आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बोरिंग खराब पाये जाने पर महाप्रबन्धक जलकल ने बोरिंग के सुधार कार्यों में लगभग 40 से 45 लाख का व्यय एवं नई बोरिंग के कार्य में लगभग 50 से 55 लाख धनराशि का व्यय होने की बात कही। महापौर ने पर्याप्त जलापूर्ति किये जाने के लिए जल्दी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षद, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियन्ता सिविल व आरआर, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल अधिकारी व जोनल सेनेटरी अधिकारी, सहायक अभियन्ता किशोरी लाल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !
मण्डल सस्त्रा केन्द्र, मण्डल कार्यालय सीतापुर: बीएसएनएल एक्सचेंज भवन, सीतापुर, उ.प्र.-261001
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी जोकि पंजाब नैशनल बैंक का प्राधिकृत अधिकारी है, द्वारा वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002, की धारा 13(12) सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे दिये गये विवरण के अनुसार ऋणियों को मांग नोटिस जारी किया गया था, जिसके अनुसार मांग नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में वर्णित धनराशि का भुगतान बैंक को करने की सूचना ऋणियों /जमानतकर्ता को दी गई थी। **ऋणियों द्वारा बकाया धनराशि का भुगतान करने में असफल रहने पर, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप धारा 4 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतदद्वारा ऋणियों/ उधारकर्ता और आम लोगों को यह नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे दी गई सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया गया है। ऋणियों/ जमानतकर्ताओं /बंधककर्ताओं का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबन्धों की ओर आकृष्ट किया जाता है।** ऋणियों को विशेष रूप से व जन साधारण को सामान्य रूप से एतदद्वारा विषयगत् सम्पत्तियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करने के लिए सावधान किया जाता है और इस सम्बन्ध में किया गया कोई भी संव्यवहार पंजाब नैशनल बैंक के अधोवर्णित प्रभारों व देय ब्याज/ खर्चों के अधीन होगा।

| क्र स | (अ)शाखा का नाम (ब)खाता का नाम (स) उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतकर्ता का नाम(सम्पत्ति के मालिक) | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरणी | (अ)मांग नोटिस की तिथि (ब)सांकेतिक कब्जा की तिथि (स) मांग नोटिस के दिन तक बकाया शेष |
|---|---|---|---|
| 1 | (अ) शाखा–मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी (ब) बाबा मोहन दास इंटर कॉलेज (बाबा मोहन दास स्मारक सेवा संस्थान) (उधारकर्ता) खाता 638600IB00000017 स) बाबा मोहन दास इंटर कॉलेज (बाबा मोहन दास स्मारक सेवा संस्थान) पताः ग्राम– बौड़ी खुर्द, पोस्ट– मोहम्मदी, तहसील– मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश, पिन– 262804। श्री राम दास कनौजिया (प्रबंधकः बाबा मोहन दास इंटर कॉलेज) पुत्र श्री बाबू राम कनौजिया, पताः ग्राम– बौड़ी खुर्द, पोस्ट– मोहम्मदी, तहसील– मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी, उ.प्र. पिन– 262804 | गाटा संख्या 661 की गैर कृषि भूमि क्षे. 1940.00 वर्गमी. या (20874.40 वर्ग फीट) स्थित ग्राम–बाउदी खुर्द, परगना और तहसील–मोहम्मदी, जिला– लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश जोकि विक्रय विलेख संख्या 6793 दिनांक 23.06.2012 के अनुसार प्रबंधक श्री राम दास कनौजिया पुत्र श्री बाबू राम कनौजिया के माध्यम से बाबा मोहन दास स्मारक सेवा संस्थान (बाबा मोहन दास इंटर कॉलेज) के नाम से कार्यालय उप निबन्धक, मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी में पंजीकृत है। चौहददीः पूर्वः विक्रेता का खेत, पश्चिमः रास्ता कच्चा, उत्तरः नत्थू लाल का खेत, दक्षिण : राम अवतार सोनी का खेत। | (अ) 17-02-2023 (ब) 01.06.2023 (स) रू. 7,56,413.00/- दिनांक 31-01-2023 तक +ब्याज दि 01-02-2023 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे |
| 2 | (अ) शाखा–सीतापुर मुख्य–043100 (ब) मेसर्स पाण्डेय ट्रेडिंग कंपनी (उधारकर्ता) खाता सं. 1384250203197 स) मैसर्स पाण्डेय ट्रेडिंग कंपनी (उधारकर्ता) (प्रोप श्री रमेश चंद्र पाण्डेय) पताः (1) भार्गव कॉलोनी, हरदोई रोड, सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001 (2) हेमपुरवा, कमला नगर, नारायन नगर रोड , सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001, श्री रमेश चंद्र पाण्डेय (प्रोपराईटर, उधारकर्ता एवं श्रीमती रेखा पाण्डेय के विधिक उत्तराधिकारी के रूप में) पुत्र श्री राम लोटन पाण्डेय | गाटा संख्या– 134 के भाग पर प्लाट एवं उस पर निर्माण, क्षेत्र 900 वर्गफीट (83.64वर्गमी.) स्थित मोहल्ला तरीनपुर, वार्ड इस्माइलपुर, पुराना शहर सीतापुर, परगना तहसील एवं जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश जोकि विक्रय अभिलेख क्रमांक– 4045 दिनांक 29–06–2009 को श्रीमती रेखा पाण्डेय (अब मृतक) पत्नी श्री रमेश चंद्र पांडेय के नाम से कार्यालय उप निबंधक सीतापुर मे पंजीकृत है। चौहददीः पूर्व–रास्ता कच्चा 15 फीट, पश्चिमः पुष्पा शुक्ला का प्लॉट, उत्तरः सतेंद्र कुमार का प्लॉट, दक्षिणः उमा देवी का प्लॉट (अब उमा देवी का मकान)। | (अ) 01-11-2022 (ब) 30.05.2023 (स) रू. 1,79,739.95 दिनांक 31-10-2022 तक +ब्याज दि 01-11-2022 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे |
| | पताः(1) हेमपुरवा, कमला नगर, विकास नगर, नारायन नगर रोड, सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001, (2) मोहल्ला तरीनपुर, वार्ड इस्माइलपुर, पुराना शहर सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001 (3) मोहल्ला शमशेरबाग, चुंगी चौकी, हरदोई रोड, सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001, श्रीमती रेखा पाण्डेय (अब मृतक) पत्नी श्री रमेश चंद्र पाण्डेय के कानूनी वारिस जो खाते में जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता के रूप में है– श्री अविरल पाण्डेय एवं श्री अभय पाण्डेय, दोनों का पताः (1) कमला नगर, विकास नगर, सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001 (2) मोहल्ला शमशेरबाग, चुंगी चौकी, हरदोई रोड, सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001 | | |
| 3 | (अ) शाखा–खैराबाद, सीतापुर (ब) श्री राज रस्तोगी पुत्र श्री राम किशोर रस्तोगी (उधारकर्ता) खाता संख्या 8500009300000045 स) श्रीमान राज रस्तोगी पुत्र श्री राम किशोर रस्तोगी (उधारकर्ता) पताः मकान नंबर– 317, दुर्गा पुरवा, पुराना शहर सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001, श्रीमती नन्ही देवी (अब मृतक) पत्नी श्री प्रह्लाद रस्तोगी के कानूनी वारिस जो खाते में जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता के रूप में है– श्री श्याम किशोर | प्लाट एवं उस पर निर्माण सहित मकान नंबर 317 स्थित मोहल्ला दुर्गा पुरवा, परगना, तहसील और जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश क्षे. 900 वर्गफुट जोकि बिक्री विलेख संख्या– 1546 दिनांक 19.08.1982 के अनुसार श्रीमती नन्ही देवी (अब मृतक) पत्नी श्री प्रह्लाद रस्तोगी के नाम पर उप–निबन्धक के कार्यालय सीतापुर में पंजीकृत है। चौहददी– पूर्वः बालक का मकान, पश्चिमः 12 फुट गली, उत्तरः सरला देवी का प्लॉट, दक्षिण : सरदार बख्तावर सिंह का 1200 वर्गफुट का प्लॉट | (अ) 01-11-2022 (ब) 30.05.2023 (स) रू. 12,08,101.59 दिनांक 31-10-2022 तक +ब्याज दि 01-11-2022 से प्रभावी एवं अन्य खर्चे |
| | रस्तोगी, श्री बलराम रस्तोगी, श्रीमती हीरा रस्तोगी, श्रीमती मधु रस्तोगी, सभी का पताः म.नं. 317, दुर्गा पुरवा, पुराना शहर , सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001 | | |
| 4 | (अ) शाखा–पड़ाव, ई–ओबीसी सीतापुर (ब) श्री वीरेंद्र कुमार दीक्षित पुत्र श्री राम बिहारी दीक्षित, खाता संख्या 01596015000431 स) श्री वीरेंद्र कुमार दीक्षित (उधारकर्ता, अब मृतक) के कानूनी उत्तराधिकारी – श्रीमती धूमा दीक्षित पत्नी स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार दीक्षित, श्री आलोक दीक्षित पुत्र स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार दीक्षित, श्री पवन दीक्षित पुत्र स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार दीक्षित, सभी का पता (1) मकान नंबर– 60, ग्राम दसेलिया, पोस्ट–रिखौना, परगना– | प्लॉट नंबर– 7 एवं उस पर निर्माण अब मकान नंबर 545 क्षे. 1292 वर्गफीट (120.07 वर्गमी.) स्थित मोहल्ला लोनियनपुरवा (तरीनपुर), परगना, तहसील एवं जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश जोकि बिक्री विलेख सं.– 2272 दि. 30–04–2008 के अनुसार श्रीमती रमाकांति पत्नी श्री राम बिहारी के नाम कार्यालय उपनिबंधक, सीतापुर में पंजीकृत है। चौहददीः पूर्व– श्रीमती देवेंद्री का प्लॉट नं. –6, पश्चिम : विक्रेता का प्लॉट नं.–8, उत्तरः रास्ता 16 फुट चौड़ा कच्चा, दक्षिणः बाउंड्री अहाता –कप्तान | (अ) 24.02.2023 (ब) 30.05.2023 (स) रू. 5,71,506.86 दिनांक 31-01-2023 तक +ब्याज दि 01-02-2023, से प्रभावी एवं अन्य खर्चे |
| | खैराबाद, सीतापुर, यूपी पिन– 261001 (2) शास्त्री नगर, लोनियांपुरवा, हनुमान मंदिर के सामने, सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001, श्रीमती रमाकांति दीक्षित पत्नी श्री राम बिहारी दीक्षित (सह–उधारकर्ता एवं बंधककर्ता, एवं स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार दीक्षित के कानूनी उत्तराधिकारी भी) पताः (1) मकान नंबर – 60, ग्राम दसेलिया, पोस्ट–रिहौना, परगना – खैराबाद, सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001 (2) मकान नंबर– 545, मोहल्ला नया लोनियां पुरवा अंशिक, सीतापुर, उत्तर प्रदेश, पिन– 261001 | | |

दिनांक :03.06.2023 स्थानः सीतापुर
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

# महाकुंभ से पहले प्रयागराज में होगा मंदिरों का विकास

● द्वादश माधव मंदिर के पर्यटन समेत समूचा प्रयागराज होगा दिव्य-भव्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने कुंभ के दौरान समूचे प्रयागराज को दिव्य-भव्य बना दिया था। बाहर से आने वाले श्रद्धालु प्रयागराज का आभा मंडल देख योगी सरकार के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा कर रहे थे। वहीं अब 2025 में महाकुंभ का आयोजन होना है। इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां की संपूर्ण व्यवस्था, सुरक्षा व पर्यटन आदि को लेकर जानकारी हासिल कर अधिकारियों को दिव्य-नव्य-भव्य महाकुंभ के आयोजन का निर्देश दे चुके हैं। इसे देखते हुए अभी से तैयारी भी शुरू हो गई है। महाकुंभ से पहले प्रयागराज में पर्यटन के अतिरिक्त आस्था का सम्मान करते हुए विभिन्न मंदिरों का सौंदर्यीकरण और विकास किया जाना प्रस्तावित है। महाकुंभ के मद्देनजर यहां स्थायी व अस्थायी रूप से लगभग 47 से अधिक कार्य भी कराए जाने की योजना है।

प्रयागराज में महाकुंभ से पहले कई पर्यटन स्थलों का भी विकास होगा। भारद्वाज आश्रम में करीब 1550 लाख से कॉरिडोर विकास व सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वार समेत कई कार्य होंगे। द्वादश माधव मंदिर में 1400 लाख, नागवासुकी मंदिर में 523.53 लाख, दशाश्वमेध मंदिर में 283.08 लाख, मनकामेश्वर मंदिर में 667.57 लाख, अलोपशंकरी मंदिर में 700 लाख, पड़िला महादेव मंदिर में 1000 लाख, पंचकोसी परिक्रमा पथ के अंतर्गत आने वाले मंदिरों का 500 लाख, कोटेश्वर महादेव में 150 लाख, कल्याणी देवी का 100 लाख से पर्यटन विकास के लिए कार्य प्रस्तावित हैं। वहीं करछना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंदिरों का भी 460.17 लाख से विकास होगा। अक्षयवट-सरस्वतीकूप-पतालपुरी मंदिर में कॉरिडोर विकास समेत कई कार्य 1850 लाख से होंगे।

महाकुंभ-2025 से पहले फसाड संबंधी 10 से अधिक कार्य भी होंगे। इन पर 18 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होंगे। इनमें आस्था का सम्मान करते हुए कई मंदिरों, शिक्षा के मंदिरों आदि पर भी कार्य होंगे। संगम पर स्थित बड़े हनुमान जी मंदिर पर 1.04 करोड़, विमान मंडपम मंदिर पर 2 करोड़, नागवासुकी मंदिर, शक्तिपीठ अलोपी देवी मंदिर, सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर पर 1.5-1.5 करोड़ से फसाड लाइटिंग का कार्य प्रस्तावित है। पुराने नैनी ब्रिज से अरैल क्षेत्र के डीपीएस स्कूल तक हैरिटेज हैंगिंग लाइट का कार्य 5 करोड़, इलाहाबाद विश्वविद्यालय स्थित साइंस फैकल्टी टावर पर 1.5 करोड़, चंद्रशेखर आजाद गार्डेन स्थित पब्लिक लाइब्रेरी पर 1.5 करोड़ से फसाड लाइटिंग का कार्य प्रस्तावित है। वहीं म्योहॉल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स व श्रृंगवेरपुर धाम स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम पर एक-एक करोड़ रुपये से फसाड लाइटिंग का कार्य प्रस्तावित है।

# विधायक ने वृद्धजनों को कराए नैमिषारण्य तीर्थ के दर्शन

● वृद्धजनों की सेवा मेरा दायित्वः डॉ. राजेश्वर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**वृद्धजनों** को तीर्थयात्रा कराना ईश्वर की आराधना से कम नहीं है। यह मानना है सरोजनीनगर विधायक डॉ..राजेश्वर सिंह का, जो नि शुल्क वृद्धजनों को नियमित तौर पर तीर्थयात्रा करवा रहे हैं। यही नहीं वे वृद्धजनों से किये अपने सारे वादे को तत्परता से पूरा कर रहे हैं तथा उनका स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

इसी क्रम में राजेश्वर सिंह नें विगत 14 मई को मातृदिवस के अवसर पर सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान वृद्धाश्रम के वृद्धजनों से नैमिषारण्य तीर्थ के दर्शन कराने के अपने वादे को पूरा करते हुए शनिवार को रामरथ श्रवण यात्रा का विशेष संचालन करवाया। इस मौके पर वृद्धाश्रम के सारे बुजुर्ग काफी उत्साहित दिखे। उन्होंने अपने क्षेत्र के विधायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि पहले हम लोग तीर्थस्थलों पर जाने के बारे में सिर्फ सोच सकते थे, लेकिन अब हमें हमारे विधायक के द्वारा अयोध्या के बाद नैमिषारण्य का दर्शन कराया जा रहा है। बता दें पूरे सफर में श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने की व्यवस्था से लेकर अन्य आवश्यक सुविधाओं के प्रबंध डॉ राजेश्वर सिंह के द्वारा किए गए थे। पूरे सफर के दौरान वालंटियर्स के द्वारा सभी बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखा गया। नैमिषारण्य तीर्थ के सुखद दर्शन के बाद बुजुर्गों को वापस सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान वृद्धाश्रम में सकुशल पहुंचाया गया। जनता अपने विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के इस विशेष पहल की खूब सराहना कर रही है। इस बारे में डॉ. राजेश्वर सिंह कहना है कि वृद्धजनों की सेवा मेरा दायित्व है और उन्हें तीर्थ यात्रा करवाना मेरा सौभाग्य है। सरोजनीनगर परिवार के अभिभावकों का स्नेह और आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।

# लालबाग में हुआ भव्य भंडारा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ज्येष्ठ** माह के अंतिम शनिवार के अवसर पर लालबाग में समाजसेवी कुलबीर चौधरी की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ प्रकांड ज्योतिषाचार्य पंडित रवि पांडेय ने विधिवत पूजन से कराया। भंडारे में महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र सिंह प्रधान व वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष शुक्ला ने प्रसाद वितरण किया।

भंडारे में पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रदीप सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश तिवारी, आनंद द्विवेदी व शैलेंद्र चतुर्वेदी समेत कई वरिष्ठ पत्रकार भी शामिल हुए। भंडारे में हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद भी ग्रहण किया।

# लखीमपुर से भारी संख्या में कांग्रेस में शामिल हुए लोग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखीमपुर** खीरी जिले के लोगों ने भारी संख्या में शनिवार को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से विशोक मिश्रा, रामदत्त त्रिपाठी, अविनाश चन्द्र दीक्षित, अंजुल श्रीवास्तव, विमल कुमार शुक्ला, वीरेन्द्र शुक्ला, कमलजीत सिंह, सुरेन्द्र मिश्रा, घनश्याम सिंह, अनिल पाल सहित तमाम अन्य शामिल रहे। जिन्होंने प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, संगठन सचिव अनिल यादव के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर उप्र कांग्रेस सिविक एण्ड सोशल आउटरीच के चेयरमैन विक्रम पाण्डेय, लखीमपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, राजेश जायसवाल, प्रभाकर मिश्रा, एवं नितान्त सिंह नितिन सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। इस मौके पर नकुल दुबे ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को कांग्रेस तिरंगा पट्टी पहनाकर एवं सदस्यता कार्ड देकर पार्टी में विधिवत रूप से शामिल कराया तथा उन्हें बधाई दी। दुब ने कहा कि आज फिरकापरस्त ताकतों ने लोकतंत्र, संविधान तथा देश-समाज के सामने संकट खड़ा कर दिया है। ऐसी ताकतों को मुकम्मल शिकस्त देने के लिए कांग्रेस पार्टी ही संघर्ष कर रही है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर देश व प्रदेश का आम जनमानस कांग्रेस से लगातार जुड़ रहा है। मुझे विश्वास है कि आप सभी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे।

# चिकित्सक दवाइयों के जेनरिक नाम ही प्रिस्क्रिप्शन में लिखेंः प्रमुख सचिव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रमुख** सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने राजकीय चिकित्सालयों में बेहतर व्यवस्था के लिए निर्देश जारी किए है। उन्होंने सभी चिकित्सकों को निर्देशित किया है कि वे दवाईयों को जेनेरिक नाम से ही अपने प्रिस्क्रिप्शन में लिखें। अस्पतालों में साफ-सफ ाई को सुनिश्चित किया जाए और उसका नियमित रूप से पर्यवेक्षण किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक निदेशक, प्रमुख, मुख्य-प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षक, अधीक्षिका प्रत्येक माह न केवल अस्पताल के क्रिटिकल परफारमेंस के पैरामीटर यथा ओपीडी, आईपीडी, संस्थागत प्रसव, मेजर ऑपरेशन एवं लैब टेस्ट इत्यादि, का विश्लेषण करें बल्कि चिकित्सकवार भी इसका विश्लेषण करें कि प्रत्येक ऐसे चिकित्सकए जिनके द्वारा ओपीडी-सर्जरी की जा रही हैं, उनके द्वारा कितने मरीज देखे जा रहे हैं। शर्मा ने निर्देश दिए कि केयर ऐप में नियमित रूप से प्रत्येक सोमवार को उपकरणों की क्रियाशीलता का डाटा उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद जहां कहीं भी कोई उपकरण लंबे समय तक क्रियाशील नहीं रहता है तो सीधे अपर निदेशक, विद्युत से संपर्क किया जाये। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही 108 अस्पतालों का अनुश्रवण एकीकृत कोविड कमाण्ड सेन्टर के माध्यम से किया जायेगा। इन अस्पतालों में महत्वपूर्ण जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं और प्रत्येक कैमरे से क्या देखा जाना है, उसकी एसओपी का निर्धारण भी हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक-अधीक्षिका न केवल यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सीसीटीवी हर समय क्रियाशील रहें बल्कि अपने स्तर पर भी यह सुनिश्चित करेंगे कि बिन्दुवार एसओपी का अनुपालन हो।

# पीपल के 11 पौधों का पूजन कर किया गया रोपण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दुर्गा** जी धर्म जागरण समिति द्वारा कला कोठी घाट पर शनिवार को 11 पीपल के पौधों का विधि विधान से पूजन किया गया। इसके उपरांत कला कोठी घाट, गुलाला श्मशान घाट, लेटे हुए हनुमान जी मंदिर परिसर, हनुमत धाम, हनुमान सेतु आदि पर पीपल के पौधों को लगाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ताराचंद्र अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, रजनीश गुप्ता, रिद्धि किशोर गौड़, अभिषेक खरे, कृष्णानंद राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे। पीपल के वृक्ष अधिक ऑक्सीजन देते हैं, इस कारण शनिवार को इनका पूजन और रोपण किया गया।

# 220 प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किए गए प्रमाण पत्र व टूल किट

**लखनऊ।** इण्डिया लिटरेसी बोर्ड लखनऊ, उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम तथा उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में इण्डिया लिटरेसी बोर्ड द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान लखनऊ द्वारा यूपीपीसीएल एवं यूपीएसआरटीसी कार्यशालाओं में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 220 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं टूल किट प्रदान किए गए।

गन्ना संस्थान सभागार डालीबाग में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय आरण् भूसरेड्डी अपर मुख्य सचिव चीनी एवं गन्ना तथा आबकारी एवं अवैतनिक अध्यक्ष इण्डिया लिटरेसी बोर्ड ने प्रतिभागियों से कहा कि आप सब के अन्दर कोई न कोई एक हुनर अवश्य है, जिसे हम स्वयं पहचान कर एवं उसे तरास कर अपनी जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय में प्रयोग कर सकतें हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त कर आप यहीं न रूकें बल्कि आगे के लेवल को भी प्राप्त करें, जिसे आपके कौशल में और निखार आ सके। अध्यक्ष पावर कारपोरेशन एम देवराज ने यूपीपीसीएल के लाभार्थियों को टूल किट एवं प्रमाण पत्र वितरित करते हुए आवाहन किया कि कौशल , प्राथमिक चिकित्सा तथा उपभोक्ता से सम्वाद भी अपने आप में एक स्किल है। यूपीपीसीएल द्वारा सुदूर ग्रामिण अचंलो से लेकर मैट्रो सिटी तक विद्युत वितरित की जा रही है। ऐसे में स्वयं सहायता समूहों से लेकर राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की कई मशीनरी कार्य कर रहीं है, जिससे आउटसोर्सिगं के माध्यम से हजारों युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। आज ऐसे ही कुछ यूवाओं को इण्डिया लिटरेसी बोर्ड की इकाई जन शिक्षण संस्थान के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाना सराहनीय है। निदेशक इण्डिया लिटरेसी बोर्ड संन्ध्या तिवारी ने उपस्थित अतिथियों एवं अध्यक्ष का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि वर्तमान में भारत सरकार द्वारा जी 20 जन भागेदारी अभियान के अर्न्तगत पहली जून से 15 जून 2023 तक विभिन्न कार्यक्रमों को मनाया जा रहा है।

# नवजातों के लिए संजीवनी बनेगा एनबीएसयू

● सीएमओ की पहल पर मोहनलालगंज सीएचसी पर स्थापित हुई न्यू बार्न सिक यूनिट, विधायक ने की शुरुआत

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**सीएचसी** में जन्म के बाद कम वजन और पीलिया जैसी समस्याओं से ग्रसित नवजात बच्चों को बिना भागदौड़ अब तुरन्त इलाज मिल सकेगा। सीएमओ की पहल पर शनिवार को मोहनलालगंज सीएचसी में एनबीएसयू का शुभारंभ किया गया। विधायक अमरेश कुमार ने औपचारिक शुरुआत कर क्षेत्रीय लोगों को एनबीएसयू की सौगात दी।

मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जन्म के बाद नवजात का वजन कम और पीलिया की शिकायत होने पर इलाज के लिए बड़े अस्पतालों में ले जाना पड़ता था। जिसकी वजह से कुछ लोग नवजात को प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर इलाज पर मोटी रकम खर्च करने को मजबूर हो जाते थे। लेकिन अब क्षेत्रीय लोग सीएचसी में ही नवजात का आसानी से इलाज करा सकेंगे। जिसके लिए सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल की पहल पर मोहनलालगंज सीएचसी में न्यू बॉर्न सिक यूनिट स्थापित की गई है। शनिवार को विधायक अमरेश कुमार ने रिबन काटकर न्यू बॉर्न सिक यूनिट का शुभारंभ किया।

## एक साथ दो नवजातों को मिल सकेगा इलाज

सीएचसी अधीक्षक डा.अशोक कुमार ने बताया एनबीएसयू में एक साथ दो नवजात को भर्ती कर उनका इलाज शुरु किया जा सकेगा। उन्होने बताया बाल रोग विशेषज्ञ की देखरेख में नवजात का इलाज किया जाएगा। जिसके लिए स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।

## ऐसे काम करेगा एनबीएसयू

सीएचसी अधीक्षक डा.अशोक ने बताया जन्म के बाद अगर बच्चा पीलिया लो बर्थ वेट समेत अन्य बीमारियों से ग्रसित होता है तो उसे फौरन इस यूनिट में शिफ्ट कर रेडिएंट वार्मर और फ ोटोथैरेपी पर रखा जाता है। जिससे नवजात को बीमारियों से निजात मिलती है।

# गोरखपुर में आज भाजपाइयों संग टिफिन पर चर्चा में शामिल होंगे सीएम

● भटहट सीएचसी पर होगा पीडियाट्रिक आईसीयू का लोकार्पण समारोह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ रविवार 4 जून पूर्वाह्न गोरखपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं संग टिफिन पर चर्चा कर उन्हें जनविश्वास जीतने का मंत्र देंगे तो पूर्वाह्न पांच बजे सीएचसी पर पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट (पीकू) का शुभारंभ कर चिकित्सा तंत्र को सुदृढ़ करेंगे।

हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) के कॉरपोरेट एनवायरनमेंट रिस्पांसिबिलिटी (सीईआर) फंड से सीएचसी भटहट, सहजनवा, पाली, बांसगांव व हरनही पर निर्मित ये अत्याधुनिक पीकू बच्चों के इलाज में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में भाजपा की तरफ से माहभर का विशेष संपर्क महाभियान शुरू किया जा रहा है। इसी महाभियान में टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार पूर्वाह्न गोकुल अतिथि भवन में टिफिन पर चर्चा में सम्मिलित होकर पीएम मोदी के कार्यकाल के जिक्र से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ता अपना अपना टिफिन लेकर आएंगे और एक दूसरे से शेयर कर सहभोज करेंगे। टिफिन पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं को जनता तक प्रभावी ढंग से अपनी बात पहुंचाने के संबंध में टिप्स देंगे।

हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) की तरफसे बाल मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिले में 24 करोड़ रुपये की अधिक लागत से कुल 17 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पीकू का निर्माण कराया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जंगल कौड़िया एवं चरगांवा (खुटहन) में बनाए गए पीकू का का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 6 मार्च को ही किया जा चुका है। अन्य पांच सीएचसी भटहट, सहजनवा, पाली, बांसगांव व हरनही में भी पीकू वार्ड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इन सभी का लोकार्पण भटहट सीएचसी पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री 4 जून (रविवार) को अपराह्न करीब चार बजे करेंगे।

लोकार्पण के साथ ही ये पीकू वार्ड नियमित संचालन के लिए स्वास्थ विभाग को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे। एनएचएम की गाइडलाइन के अनुसार इन पीकू पर पर्याप्त संख्या में बाल रोग विशेषज्ञ, योग्य डॉक्टर,स्टाफ नर्स, टेक्नीशियन, ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। पीकू में सक्शन उपकरण, रक्त गैस विश्लेषक (एबीजी), ओवरहेड वार्मर, मल्टी पैरा कार्डिएक मॉनिटर, वेंटिलेटर, ओवरहेड बेड, डिफिब्रिलेटर्स, सिरिंज पंप, रिवाल्विंग स्टूल, बेड साइड लॉकर, पीकू बिस्तर, ऑक्सीजन कन्संट्रेटर एवं सिलिंडर जैसे उपकरण व संसाधन उपलब्ध करा दिए गए हैं।

## रेस फॉर लाइफ सर्कुलर इकॉनमी व लोकल क्लाइमेट एक्शन कार्यशाला कल

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून के अवसर पर योगी बाबा गम्भीरनाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केन्द्र गोरखपुर में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा 'रेस फॉर लाइफ सर्कुलर इकॉनामी एवं लोकल क्लाइमेट एक्शन' कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। साथ ही नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तनए जन्तु उद्यान मंत्री डॉ अरूण कुमार सक्सेना, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन जन्तु उद्यान राज्यमंत्री केपी मलिक एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी 58000 ग्राम पंचायतें एवं सभी 762 नगर निकायों द्वारा ऑनलाइन लाइफ प्रतिज्ञा भी ग्रहण की जायेगी।

# राजस्व कर्मियों की लापरवाही से न्याय के लिए भटक रहे फरियादी

सम्पूर्ण समाधान दिवस

● आदेश के बाद भी मेड़बंदी नहीं कराने पर एडीएम ने फटकारा

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**राजस्वकर्मियों** की लापरवाही से मोहनलालगंज तहसील में एसडीएम कोर्ट से आदेश के बावजूद वादकारी न्याय के लिए भटकते फिर रहे हैं। शनिवार को ऐसी ही कुछ शिकायतों पर एडीएम का पारा चढ़ गया। नाराज एडीएम ने एसडीएम को टीम गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं अवैध कब्जों की शिकायतों पर भी एडीएम ने फटकार लगाई।

मोहनलालगंज के उदवत खेड़ा की लक्ष्मिना के प्रार्थना पत्र पर 18 मार्च को एसडीएम कोर्ट से हदबरारी का आदेश हो चुका है। फिर भी राजस्व निरीक्षक ने अब सीमांकन कर मेड़बन्दी नही कराई। वहीं मुकुन्द खेड़ा के मलखान एसडीएम कोर्ट से हदबरारी आदेश के दो साल बाद भी मेड़बन्दी के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। दो राजस्व निरीक्षकों के तबादले हो चुके हैं फिर मेड़बन्दी नही हो सकी। दोनों शिकायतें सामने आते ही एडीएम वित्त एवं राजस्व हिमांशु कुमार गुप्ता का पारा चढ़ गया। नाराज एडीएम ने मातहतों को फटकार लगाकर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

## अवैध कब्जों की शिकायतों पर दी कार्रवाई की चेतावनी

**मोहनलालगंज** तहसील में शिकायतें सुन रहे एडीएम वित्त एवं राजस्व हिमांशु कुमार गुप्ता को चकमार्ग पर अवैध कब्जे की कई शिकायत मिली। गौरियाकला के प्रधान ने भी बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। जिसे लेकर नाराज एडीएम ने अवैध कब्जे खाली कराने में लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# छूटे किसानों के लिए आखिरी मौका, चूके तो रुक सकती है 14 वीं किश्त

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**प्रधानमंत्री** किसान सम्मान निधि की 14 वीं किश्त का लाभ पाने के लिए लाभार्थी किसानों का ई-केवाईसी व आधार सीडिंग और भूलेख अंकन अनिवार्य किया गया है। लिहाजा जिन किसानों ने अब तक आधार सीडिंग नही कराई हो वह लोग तुरन्त बैंक जाकर अपने एकाउण्ट में आधार सीडिंग तुरन्त पूर्ण करवा लें। आधार सीडिंग नही हो पाने की स्थिति में लाभार्थी किसान पोस्ट आफिस में इण्डियन पोस्टल पेमेण्ट बैंक एकाउण्ट खुलवाकर कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक को एकाउण्ट नंबर देकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ई-केवाईसी कराने से वंचित रह गए किसान जनसेवा केन्द्र पर जाकर आसानी से ई-केवाईसी करा सकते हैं। जबकि कृषि विभाग के प्राविधिक सहायक को खतौनी की छायाप्रति देकर भूलेख अंकन कराया जा सकता है। जिला कृषि अधिकारी तेगबहादुर सिंह ने बताया 10 जून तक सभी पंचायतों में संतृप्तीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि योजना से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या का लाभार्थी किसान शिविर में समाधान करा सकते हैं।

# उत्तराखंड के पूर्व सीएम हुए टेराकोटा के मुरीद, बोले अद्‌भुत है यह माटी शिल्प

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**उत्तराखंड** के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत भी यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की ब्रांडिंग से वैश्विक मंच पर इतरा रहे गोरखपुर के टेराकोटा माटी शिल्प के मुरीद हो गए। शनिवार शाम टेराकोटा गांव औरंगाबाद और लंगड़ी गुलरिहा में टेराकोटा उत्पाद और इसके बनने की प्रक्रिया से रूबरू हुए रावत ने कहा, अद्भुत है गोरखपुर का टेराकोटा शिल्प।

मोदी सरकार के 9 वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क महाभियान के सिलसिले में उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत को बांसगांव समेत पांच लोकसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई। इस निमित्त गोरखपुर आए श्री रावत शनिवार शाम गोरखपुर की ओडीओपी योजना में शामिल टेराकोटा की खूबियां जानने शिल्पकारों के गांव पहुंचे। वह सबसे पहले लंगड़ी गुलरिहा गांव में टेराकोटा शिल्पकार राजन प्रजापति के वर्कशेड पर पहुंचे। उन्होंने वर्कशेड में रखे टेराकोटा के तैयार व बन रहे उत्पादों को देखा और शिल्पकार से कई जानकारियां लीं। रावत ने पूछा कि ओडीओपी में शामिल होने से टेराकोटा के क्षेत्र में क्या अंतर आया हैघ् राजन प्रजापति ने उन्हें बताया कि सरकार की तरफसे इलेक्ट्रिक चाक, पगमिल आदि मिलने से काम काफी आसान हो गया हैख उत्पादन में कई गुना वृद्धि हुई है। रही बात बाजार की तो जब हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार कई मंचों से टेराकोटा की खुद ब्रांडिंग करते रहते हैं तो बाजार बढ़ना ही है। टेराकोटा शिल्पकारों के पास इतना काम है कि वे कोरोना काल में भी खाली हाथ नहीं बैठे थे। यह सीएम योगी की ही पहल है कि जो बैंक लोन देने में कतराते थेए आज वह घर आकर वित्तपोषण करते हैं।

लंगड़ी गुलरिहा के बाद श्री रावत औरंगाबाद गांव में पन्नेलाल प्रजापति व अखिलेश प्रजापति के घर पहुंचे। टेराकोटा उत्पाद देखने के बाद शिल्पकारों को मिल रही सुविधाओं के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने शिल्पकारों से कहा कि आपका टेराकोटा नायाब है। आपके मुख्यमंत्री ने तो गांव की इस माटी कला को देश-दुनिया तक पहुंचा दिया है।

# अपराधी या माफिया को ना मिले किसी काम का ठेका: योगी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ शनिवार को वाराणसी पहुंचे। सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने शहर में चल रही विकास परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान युद्धस्तर पर अभियान चलाकर निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराए जाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अफसरों को इस बात का ध्यान रखने के लिए भी सख्त हिदायत दी है कि किसी भी हाल में कोई अपराधी या माफिया छवि का व्यक्ति किसी प्रकार का ठेका न प्राप्त कर सके।

**वार्ड स्तर, मोहल्ला स्तर पर कमेटी गठित करें**- मुख्यमंत्री ने वाराणसी में 11 से 13 जून को आयोजित होने जा रहे जी-20 बैठक के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुदृढ़ किए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। निर्धारित रूट से अवैध टैक्सी स्टैंड, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने पर जोर दिया। उन्होंने शहर की स्वच्छता विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने निर्देशित किया कि नगर निगम वार्ड स्तर, मोहल्ला स्तर पर कमेटी गठित करें तथा जन जागरूकता अभियान चलाये, ताकि लोगों को इसमें बड़े स्तर पर जोड़े। पुलिस का व्यवहार काशी में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति से व्यावहार कुशल होना चाहिए।

**फुट पेट्रोलिंग बढ़ाए वाराणसी पुलिस**-मुख्यमंत्री ने वाराणसी विकास प्राधिकरण के वीसी को ट्रांसपोर्ट नगर के लिए वर्तमान रेट पर बचे किसानों को मुआवजा देने का आदेश दिया तथा कमिश्नर को तुरंत प्रभाव से आंदोलन खत्म कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग को तुरंत प्रभाव से वरुणा नदी को साफ करने को निर्देशित किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन को अर्बन नक्सलियों के तरफ भी ध्यान देने की जरूरत पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री ने घाटों के काम यूपीपीसीएल को देने पर सख्त नाराजगी जतायी तथा कहा कि कोई भी कार्य उसी कार्यदायी संस्था को दिया जाये जो उसके अनुरूप हो और जिसके पास मैन पावर की सप्लाई सुनिश्चित हो। उन्होंने मुख्य सचिव को ओवर लोडिंग की समस्या पर तत्काल प्रभाव से एक्शन लेने व समस्या के समाधान पर कार्य करने को कहा। पुलिस विभाग को फुट पेट्रोलिंग, पीआरवी-112 पर और कार्य करने को कहा ताकि सेफ सिटी की भावना उचित हो सके।

**काशी विश्वनाथ धाम की सुरक्षा के लिए करें पुख्ता इंतजाम**-मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों काशी विश्वनाथ मंदिर में हुई सुरक्षा चूक की चर्चा करते हुए सुरक्षा व्यवस्था और चाक चौबंद करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से बात करके शहर में और कैमरे लगवाने को पर जोर देते हुए कहा कि इसे कंट्रोल रूम से लिंक करे। ताकि शहर से अवैध वसूली, अवैध टैक्सी स्टैंड इत्यादि को रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, सेतु निगम सभी से कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह द्वारा उनके क्षेत्र में बनी आईटीआई की खराब गुणवत्ता पर जिलाधिकारी को जांच करके संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।

**वाराणसी में अभी 61 प्रोजेक्ट पर हो रहा काम, लागत 10305 करोड़ रुपए**-समीक्षा बैठक के दौरान कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बताया कि वर्तमान में शहर में केंद्र व राज्य के कुल 61 प्रोजेक्ट्स चल रहे। जिनकी की कुल लागत 10305 करोड़ रुपये है। इनमें अधिकतर के शिलान्यास हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सबसे ज्यादे काम सड़कों पर हो रहा हैं। जिसमें वाराणसी-औरंगाबाद चौड़ीकरण, वाराणसी रिंग रोड, शिवपुर-फुलवरिया मार्ग इत्यादि प्रमुख हैं। उन्होंने डाफी टोल प्लाजा के पास ओवरलोड ट्रकों द्वारा खराब की गयी सड़क के बारे में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने शहर के अंदर 5 सड़कों के चौड़ीकरण के बारे में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी, जिसमें मोहनसराय-रोहनिया, लंका-रविंद्रपुरी आदि शामिल हैं। कमिश्नर ने बताया कि कज्जाकपुरा फ्लाइओवर प्रोजेक्ट को वर्तमान में गति देते हुए लगभग 41फीसदी काम पूरा हो चुका है, जिसको मार्च तक पूरा करा लिया जायेगा।

बैठक में उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, पूर्व मंत्री एवं विधायक नीलकंठ तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक डॉ अवधेश सिंह, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ और काल भैरव मंदिर में किया दर्शन-पूजन



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर एवं काशी के कोतवाल काल भैरव मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन पश्चात अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी कतई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने पर विशेष जोर दिया।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी देश के अंदर प्रतिभा की पहचान : अनुराग

सुशील कुमार मिश्र। वाराणसी



**केंद्रीय** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय राज्य मंत्री गृह एवं खेल निशीथ प्रमाणिक ने वाराणसी में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022 के समापन समारोह में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि आज मुझे बहुत संतुष्टि मिली है कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की परिकल्पना के अनुरूप खेलो इंडिया अभियान ने एक क्रांति का रूप ले लिया है। खेलो इंडिया गेम्स एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से आयोजित किए जाता हैं जहां विविध पृष्ठभूमि के एथलीट भाग लेते हैं और एक मंच पर अपनी विविधता साझा करते हैं। यह खेल की उत्कृष्टता और राष्ट्र की सेवा में अनुशासित, समर्पित तथा कर्त्तव्य-केंद्रित युवाओं के निर्माण से संबंधित है। खेल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स खेलों में देश के अंदर प्रतिभा की पहचान का सबसे बड़ा मंच बन गया है।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर पंजाब यूनिवर्सिटी, दूसरे स्थान पर गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर और तीसरे स्थान पर कर्नाटक के जैन यूनिवर्सिटी रही। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री ने कहा कि गर्मी व मुश्किल समय में योगी जी के प्रभावी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 में शानदार आयोजन किया है। इसके लिए उनको और उनकी टीम को भारत सरकार की ओर से धन्यवाद देता हूं। खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स देश के हर सामाजिक पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के लिए प्रदर्शन करने का बेहतरीन माध्यम बना है। उन्होंने बंगाल की कुंडू, उड़ीसा की रग्बी खिलाड़ी निर्मला राव, मछली विक्रेता के पुत्र रग्बी खिलाड़ी भरत चौहान, वाराणसी के वॉलीबॉल खिलाड़ी श्रेयांश और त्रिपुरा की जूडो खिलाड़ी स्मिता डे का उदाहरण दिया और कहा कि यह सभी सामान्य परिवार से हैं लेकिन बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए विपरीत परिस्थितियां इनके आड़े नहीं आई है। श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत वर्तमान में सभी क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है तो खेल में कैसे पीछे रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भारत का पदक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। यह संभव प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनका मनोबल बढ़ाने के कारण हुआ है।

# कबीरदास के 625वीं जयंती पर अंतरराष्ट्रीय विद्वान लेंगे भाग

**● 9-11 जून को तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी होगी मालवीय अनुशीलन के सभागार में**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**संत** भक्ति कविता का आकलन मूल्याकंन हिन्दी विभाग की विशेषता रही है। कबीर सूर जायसी और तुलसी के प्रामाणिक मूल्यांकन से विभाग के पूर्व आचार्यो ने संत भक्ति कविता को हिन्दी के स्वर्ण युग के रूप में स्थापित किया है। इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए हम कबीर की 625वीं जयती वर्ष में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ' सत कविता में मानव धर्मः कबीर से कीनाराम तक संगोष्ठी का आयोजन 9-11जून उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान और भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के साथ मिलकर कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 9 जून 2023 को पूर्वाह्न 11 बजे मालवीय अनुशीलन केन्द्र के सभागार में मुख्य अतिथि बीएचयू के कुलपति प्रो0 सुधीर कुमार जैन दीप-प्रज्जवलन व महापुरूषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर करेगे तथा समापन कार्यक्रम 11 जून को सायं काल चार बजे होगा इसके मुख्य अतिथि कोलकाता के प्रो0 शम्भुनाथ होगें। यह जानकारी शनिवार को बीएचयू के जनसम्पर्क कार्यालय के सभागार में बीएचयू हिन्दी विभाग के अध्यक्ष प्रो0 सदानंद शाही ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

प्रो0 शाही ने बताया कि इसमें हम कबीर और रैदास के साथ कुछ महत्वपूर्ण अल्पख्यात संतों पलटूदास, शिवनारायण, गरीबदास, दयाबाई, सहजोबाई, मलूकदास से लेकर कीनाराम पर विस्तृत विचार विमर्श करेगें। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रो0 सच्चिदानंद मिश्र, प्रो0 गोपेश्वर सिंह, रंजन सिंह, नईदिल्ली, प्रो0 माधवहाड़ाए उदयपुर, प्रो0 दलपत सिंह राजपुरोहित, टैक्सास अमेरिका प्रो0 संध्या सिंह, नेशनल यूर्निवरसिटी सिंगापुर सरिता माली, कैलिफौर्निया अमेरिका प्रो0 राजेश कुमार मल्ल एवं प्रो0 दीपक त्यागी सहित तमाम हस्तिंया शिरकत करेगें।

## चोरी के आरोप में दो अभियुक्त गिरफ्तार

**डाला/सोनभद्र।** स्थानीय चौकी क्षेत्र में पच्चास दिन पूर्व हुए चोरी के मामले में शनिवार को सुबह 6 बजे डाला पुलिस ने सेवा सदन मोड से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा,जहां सें न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को घर में रखा समान सोने चांदी के गहने बर्तन व मोबाइल चोरी हो गया था, जिसका काफी खोजबीन किया गया पर पता नही चल सका था। जिसे लेकर चोपन थाने में शुक्रवार की देर सायंकाल मुकदमा पंजीकृत किया गया था, मुकदमा पंजीकृत होते ही चोपन पुलिस ने डाला सेवा सदन मोड़ से 28 वर्षीय संजीव रावत उर्फ सोनू पुत्र सुखदेव निवासी बाड़ी डाला थाना चोपन 24 वर्षीय कोर्शीद आलम पुत्र स्व0 समसुद्दीन इदरीशी निवासी गोसिया नगर सेवा सदन के पीछे डाला को गिरफ्तार कर लिया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौके पर ही हुआ 44 मामलों का निस्तारण

संवाददाता। सोनभद्र

**शासन** की मंशा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जून महीने के प्रथम शनिवार को किया गया, मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से कराने के साथ ही, क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 61 शिकायतें सुनते हुए 10 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरणों को निस्तारित किये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन डी0आई0जी0 विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। 52 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये और 04 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 04 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर 29 शिकायतों को सुनते हुए,मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 25 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज का आयोजन उप जिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार मिश्रा व अपर पुलिस अधीक्षक सदर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया 108 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 05 मामलें निस्तारित किये गये और 03 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 03 प्रकरणों को निस्तारित किया गया।

# डिफाल्टर होने पर नपेंगे अधिकारी : एडीएम

संवाददाता। सकलडीहा/चन्दौली



**अपर** जिलाधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एक एक करके फरियादियों से रूबरू रहे। इस दौरान कुल 85 प्रार्थना पत्र में आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम ने कार्य दिवस के समापन पर समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नही होने पर नाराजगी जताया। चेताया कि शिकायत डिफाल्टर होने पर संबधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ जिले स्तर पर कार्रवाई की जायेगी। एडीएम के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों में खलबली मच गयी। शासन स्तर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस और थाना दिवस पर पड़ने वाली समस्या का निस्तारण को लेकर मॉनिटरिंग किया जा रहा है। जिसमें जिले की कई विभागों की रिपोर्ट संतोष जनक नही है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर राजस्व से लेकर स्वास्थ्य, ड्रेन, साफ सफाई, अवैध कब्जा सहित अन्य समस्याओं से फरियादियों ने अवगत कराया। अधिकारियों ने मौके पर 85 में 8 समस्या का त्वरित निस्तारण किया। अंत में कार्य दिवस के समापन पर एडीएम ने नाराजगी जताते हुए संबधित विभाग के अधिकारियों को चेताया कि लापरवाही क्षम्य नही होगा। थाने से लेकर संबधी विभाग के अधिकारी सीधे जिम्मेदार होंगे। इस मौके सीएमओ डा. वाईके राय, बीएसए सतेन्द्र विक्रम सिंह,एसडीएम मनोज पाठक, एडीशनल एसपी विनय कुमार सिंह,पीडी लालता प्रसाद, डीआईओएस डा. जय प्रकाश, डीपीआरओ ब्रम्हचारी दूबे, सीओ राजेश कुमार राय, तहसीलदार विकास धर दूबे,बीडीओ अरूण पांडेय सहित अन्य मौजूद रहे।

# विश्व साइकिल दिवस पर केन्द्रों पर निकली यात्रा

संवाददाता। मिर्जापुर



**स्वास्थ्य** विभाग के सभी केन्द्रों पर विश्व साइकिल दिवस पर केन्द्रों से साइकिल यात्रा निकला गया और मुख्यालय से साइकिल यात्रा की अगुवाई जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ओझा ने की।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर अनिल ओझा ने बताया कि विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर जिले के 16 सामुदायिक केन्द्र, 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा 326 सबसेन्टरों से साइकिल यात्रा निकाला गया । इस यात्रा के लिए पहले से ही सभी केन्द्रों व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया था। मुख्यालय से प्रातः 11 बजे सैकड़ो की संख्या में लोगों ने साइकिल यात्रा में अपनी भागीदारी को दर्ज कराया इस यात्रा का एक मात्र उद्देश्य शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का है। यह विभाग की ओर से पहली बार एक अनोखी पहल की गई है। इसके पूर्व में यह यात्रा कभी नही निकाला गया था लेकिन आज के परिवेश को देखते हुए विभाग की ओर से 03 जून को विश्व साइकिल दिवस के रूप में मनाये जाने का फैसला लिया गया है।

इस अवसर पर उपस्थित जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने साइकिल के महत्व व चलाने से होने वाले फायदे के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और साइकिल न चलाने से आलसपन एवं शारीरिक निष्क्रियता से होने वाले बीमारियों के बारे पर चर्चा किया । इसके अलावा साइकिल का प्रयोग के लिए आसपास के लोगों को भी प्रेरित करने का काम करे और जिले के हेल्थ एवं वेलनेस सेण्टर पर साइक्लोथांन का भी आयोजन करने के लिए सभी को निर्देशित किया।

## क्विक न्यूज

### वेदों में पर्यावरणीय चिन्तन का प्रसारण आज


**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वैदिक विज्ञान केन्द्र के सहयोग से दूरदर्शन नेशनल द्वारा निर्मित 'वेदों में पर्यावरणीय चिन्तन' कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन नेशनल पर रविवार दिनांक 4 जून, 2023 को प्रातः 10:30 बजे किया जाएगा। इसमें वाराणसी को केन्द्र में रखकर अस्सी घाट, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वैदिक विज्ञान केन्द्र, पाणिनी कन्या महाविद्यालय और ब्रह्मा वेद विद्यालय के बटुकों द्वारा वेद पाठ और पर्यावरण विशेषज्ञों के विचार को प्रमुखता दी गई है। यह सूचना दूरदर्शन नेशनल के कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप अग्निहोत्री द्वारा वैदिक विज्ञान केन्द्र के समन्वयक प्रो. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी दी गई है।

### राज्य स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य ने किया निरीक्षण



**सोनभद्र।** राज्य स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य, धीरेन्द्र कुमार वाल्मीकि नें शनिवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र के मलिन बस्ती वार्ड नं0-13 हर्ष नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में साफ़सफ़ाई की व्यवस्था देखकर उनके द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सभी सफ़ाई कर्मचारियों को उनकी सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस मौके पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी, विजय कुमार यादव द्वारा सफ़ाई कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राइवेट सीवर व सेप्टी टैंकों मे उतर कर किसी भी दशा में कार्य न करें बल्कि उसके लिए नगर पालिका कार्यालय में उपलब्ध सीवर सेक्शन मशीन का प्रयोग करे इसके अतिरिक्त सफ़ाई कार्य में मानक के अनुरूप सुरक्षा किट का उपयोग करते हुए कार्य करने के निर्देश दियें।

### पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सोनभद्र।** नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड एनसीएल में चल रहे मिशन लाइफ़पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली के कार्यक्रमों की श्रंखला में दूधिचुआ क्षेत्र ने आईटीआई कॉलेज सिंगरौली में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण जागरूकता एवं संरक्षण विषय पर निबंध स्लोगन लेखन पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ भी दिलायी गयी। दूधिचुआ क्षेत्र द्वारा परियोजना के डीएवी स्कूल में भी एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 100 से अधिक बच्चों के बीच कपड़े के बैग और पर्यावरण जागरूकता कैलेंडर का वितरण करके मिशन लाइफके बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में दूधिचुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक सतीश झा प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव एवं परियोजना के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कबीरदास के जयंती पर निकली कलश यात्रा

**डीह-रायबरेली।** कबीरदास की जयंती पर शनिवार को सरायमानिक के सनेहीदास बाबा की कुटी से बाबा विमलदास की अगुवाई में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा सनेहीदास बाबा की कुटी से सराय मानिक, महराज का पुरवा, जगदीशपुर, डीह कस्बे होते हुए गल्थरेश्वर मंदिर डीह पहुंची। इसके बाद कलश यात्रा डीह थाने से होते हुए वापस बाबा सनेहीदास की कुटी पर समाप्त हुई। कलश यात्रा के बाद कुटी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### गंगा नदी को जाने वाले दूषित पानी पर लगेगी रोक

लालगंज,रायबरेली। लालगंज स्थित आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने गंगा को जाने वाले मथना नाले के गंदे जल को प्रदूषण मुक्त बनाये जाने को लेकर बड़ी कार्ययोजना तैयार की गई है। जीएम पी के मिश्रा ने इस कार्ययोजना को अमल में लाये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिया है। दरअसल आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने से मथना नाम का बड़ा नाला गुजरता है। इस नाले से होते हुए रेल कोच के आवासीय कॉलोनी और फैक्ट्री एरिया का गंदा पानी गंगा में प्रवाहित होता है। इस गंदे पानी से गंगा प्रदूषित होती है। गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने को लेकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के जीएम ने मथना नाले के जल को शुध्द करके गंगा में प्रवाहित करने की योजना बनाई है। इसी योजना को मूर्तरूप देने के लिए कार्ययोजना पर काम शुरू करते हुए जीएम पीके मिश्रा ने अधीनस्थों को निर्देशित कर दिया है। दअरसल इस पानी को एसटीपी के माध्यम से शुद्ध करने के बाद इसका कुछ जल पोलो ग्राउंड की सिंचाई में इस्तेमाल किया जायेगा। बाकी का बचा हुआ शुद्ध जल पूर्व की तरह गंगा में जाता रहेगा

# पेयजल पाइप क्षतिग्रस्त होने पर ग्रामीणों ने मचाया हो हल्ला



संवाददाता। सकलडीहा/चन्दौली

**सकलडीहा** अलीनगर तिराहा के समीप तेंदुईपुर गांव में पिछले कई दिनों से जल निगम की पाइप क्षतिग्रस्त है। शिकायत के बाद भी मरम्मत नही हो सका। जिसे लेकर शनिवार को सुबह पेयजल की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया। इस दौरान ग्रामीणों ने दूर संचार और गैसपाइप लाइन बिछाने वालों द्वारा जगह जगह गड्ढा खोदकर छोड़ दिये जाने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग किया।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चिलचिलाती धूप और उमस से लोग परेशान है। वही दूसरी ओर गांव गांव में दूर संचार और गैसपाइप लाइन बिछाने के लिये जगह जगह गड्ढा खोदा जा रहा है। ऐसे में जल निगम की पाइप क्षतिग्रस्त हो जा रहा है। कस्बा में पानी की समस्या होने पर ग्रामीणों की ओर से शिकायत किया गया। बाबजूद विभागीय अधिकारी के मौन साधे रहने पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत की मांग को लेकर विरोध जताया। चेताया कि समस्या का समाधान नही होने पर ग्रामीण सड़क पर आन्दोलन के लिये उतरेंगे। इस मौके पर विरोध जताने वालों में युवा समाज सेवी नेता रतेन्द्र राजभर,सुनील राय,सूरज,दुर्गा देवी, दीना राय,संजय, पिंटू पासवान,बेचू राय,महेंद्र यादव,सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता। अमेठी



**जनसामान्य** की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके।

# दलित डीजे संचालक ने चार लोगों पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप

**लालगंज** रायबरेली। कस्बे के तिकोना पार्क निवासी दलित डीजे संचालक नें कुम्हडौरा गांव के चार युवको पर जानलेवा हमला किये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई किये जाने की मांग की है। हमले में पीडित को पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई है। तिकोना पार्क निवासी शिवम् रैदास पुत्र राजू ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि वह डीजे चलाकर अपने परिवार की रोजी रोटी चलाता है। बीते 1 जून को वह ब्रजेंद्र नगर पेट्रोल पम्प में तेल लेने के बाद मुबारकपुर स्थित होटल में खाना खाने जा रहा था। कुम्हडौरा गांव मोड के पास पहले से घात लगाये टीशू सिंह, शुभम् सिंह, कुलदीप सिह, अभिषेक ने उसे रोक लिया। जिसके बाद मां बहन तथा जाति सूचक गालियां देने लगे। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी, डंडो व सरिया से उस पर हमला बोल दिया। हमले से उसके पूरे शरीर समेंत चेहरे आदि में गंभीर चोटें आई है। पीडित का आरोप है कि वह मामले की शिकायत पुलिस से करने जा रहा था तो आरोपियों ने उसे गांधी चौराहे पर रोककर फ़िर से जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद वह डरकर घर चला गया। पीडित ने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराये जाने के साथ आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# 10 सेण्टर ही एएनम व नर्स के शिक्षा के लिए निर्धारित

**मिर्जापुर।** नर्सिंग व एएनम की पढ़ाई करने के लिए जिले में 10 संस्थान ही मान्य हैं। यह सूची शासन की ओर से जारी हुई है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने बताया है कि शासन ने जिले के 10 केंद्रों को ही नर्सिंग व एएनएम की पढ़ाई के मान्य माना जाएगा। साथ ही यदि कोई भी किसी अन्य सेण्टर से पढ़ाई या ट्रेनिंग प्राप्त करती है तो वह मान्य नहीं होगा और न ही उसको विभाग में किसी भी जगह पर आवेदन करने की अधिकारी होगी।

विभाग और सरकार द्वारा मान्य संस्था में अम्बेडकर जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग सेण्टर रीवां रोड मीरजापुर, एपेक्स इन्स्टीच्यूट पैरामेडिकल साइन्स चुनार, एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कालेज चुनार, एचडब्लू टेनिंग सेण्टर मड़िहान, इन्स्टूयचूट आफ कम्प्लीमेन्ट मेडिसीन नरायनपुर, मां विन्ध्यवासिनी मेडिकल कालेज, पापुलर नर्सिंग स्कूल एण्ड पैरामेडिकल इन्स्टीच्यूट, पापुर नर्सिंग स्कूल, रामललित सिंह पैरामेडिकल इन्स्टीच्यूट आफ मेडिकल साइन्स व संतोषी नर्सिंग कालेज डगमगपुर मीरजापुर को ही आज की तिथि मान्य होगा। इस समय जिले में 563 एनएम व 900 नर्स विभाग की सेवा में कार्यरत है। उन्होने बताया कि इस सम्बन्ध में जिले के सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों, प्रभारी चिकित्साधिकारियों के अलावा कालेज के प्रबन्धक संचालक को भी पत्र. के माध्यम से अवगत करा दिया गया है और स्पष्ट आदेश भी दिया गया है कि इन सेण्टरों से ही आने वाली नर्सो व एएनम को ही केन्द्र पर जगह दे अन्य केन्द्रों के नर्सो को रखने पर विभाग की ओर से कठोर कार्यवाही की जायेगी।

**● इन सेण्टरो से निकलने वाले लोग विभाग में भरने के अधिकारी -सीएमओ**

### राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले पर पूर्व न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल का खुलासा

# फैसला नहीं सुनाने का था दबाव



**मेरठ (भाषा)।** साल 2010 में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में अहम फैसला सुनाने वाली इलाहाबाद उच्च न्यायालय की पीठ का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) सुधीर अग्रवाल ने दावा किया कि उनपर निर्णय नहीं देने का दबाव था और कहा कि अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया होता, तो अगले 200 वर्षों तक इस मामले में कोई फैसला नहीं होता। न्यायमूर्ति अग्रवाल 23 अप्रैल 2020 को उच्च न्यायालय से सेवानिवृत्त हो गए। शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अग्रवाल ने कहा, फैसला सुनाने के बाद... मैं धन्य महसूस कर रहा था.... मुझ पर मामले में फैसला टालने का दबाव था। घर के अंदर भी दबाव था और बाहर से भी। बकील अग्रवाल, परिवार व रिश्तेदार सभी सुझाव देते रहे थे कि वह किसी तरह समय कटने का इंतजार करें और खुद फैसला न दें। उनका यह भी कहना है, अगर 30 सितंबर 2010 को वह राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद में फैसला न सुनाते तो इसमें अगले 200 साल तक भी फैसला नहीं हो पाता। तीस सितंबर 2010 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2:1 के बहुमत से फैसला सुनाया था जिस के तहत अयोध्या में स्थित 2.77 एकड़ भूमि को समान रूप से तीन हिस्सों में विभाजित किया जाना था और एक हिस्सा सुन्नी वक्फ बोर्ड को, एक हिस्सा निर्मोही अखाड़े को और एक हिस्सा राम लला को दिया जाना था। पीठ में न्यायमूर्ति एस यू खान, न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और न्यायमूर्ति डी वी शर्मा शामिल थे नवंबर 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में, उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अयोध्या में विवादित भूमि पर मंदिर बनाया जाएगा और सरकार को मुस्लिम पक्षकारों को कहीं और पांच एकड़ का भूखंड देने का आदेश दिया।

## मजदूर की जेसीबी की टक्कर से मौत

**जालौन (उरई)।** बिहार से काम धंधे से वापस आकर घर जा रहे युवक की जेसीबी की टक्कर से मौत होने के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जेसीबी व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परधानी निवासी संतराम कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र विजय कुमार कुशवाहा (32) बाहर रहकर काम धंधा करता है। शुक्रवार की देर शाम वह घर आ रहा था। तभी सुहार संपर्क मार्ग के आगे वह रूककर लघुशंका करने लगा। उसी समय जालौन की ओर से जेसीबी मशीन आ रही थी। जेसीबी मशीन के चालक ने तेजी व लापरवाही से जेसीबी चलाते हुए उनके पुत्र को टक्कर मार दी।

## अधिकारी प्रत्येक शिकायत को लेकर टाल मटोल न करें:डीएम

जालौन (उरई)। संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली वाली शिकायतों को गुण दोष के आधार पर मौके पर जाकर शिकायतकर्ता को बुलाकर उनका निस्तारण करें। निस्तारण आख्या से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराएं। ताकि उसे बार बार शिकायत के लिए न आना पड़े। यह निर्देश डीएम चांदनी सिंह ने तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों को सुनने के बाद अधीनस्थों को दिये। डीएम चांदनी सिंह की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ. ईराज राजा की उपस्थिति में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका की एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। इस दौरान राजस्व विभाग सबसे अधिक 37 शिकायतें पंजीकृत हुई। इसके अलावा विकास की आठ, नगर पालिका पांच, पुलिस विभाग पांच, पूर्ति विभाग, बिजली व डूडा विभाग की दो-दो एवं लोक निर्माण विभाग की एक शिकायत पंजीकृत हुई। राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा शिकायतें आने पर डीएम ने नाराजगी जाहिर की और उन्हें निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी को दिया। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत डीएम ने अधीनस्थों को निर्देश देकर कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से ले और पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उसका निस्तारण करें। अगर शिकायत का सही से निस्तारण कर दिया जाएगा तो फरियादी को बार बार शिकायत के लिए नहीं आना होगा। इससे पूर्व डीएम ने सुंदरीकरण कराए गए तहसील सभागार का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा, एसडीएम सुरेश कुमार, डीडीओ अवधेश राजपूत, सीओ रविंद्र कुमार गौतम, बीडीओ संजीव यादव, ईओ सीमा तोमर, एसडीओ कौशलेंद्र सिंह, जेई जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक अजीत कुमार, डॉ. केडी गुप्ता, कोतवाल समीर सिंह, एलआई चंदन सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## पास्को एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

गाजीपुर। जनपद के नगसर स्थानीय थाना क्षेत्र के सरहुला में शुक्रवार को पास्को का अभियुक्त हुआ गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी जमानिया के निकट पर्यवेक्षण में शुक्रवार को उ0नि0 रामबालक मय हमराह देखभाल क्षेत्रए जांच पेंडिंग विवेचना के दौरान क्षेत्र में मामूर होकर मु0अ0स0 18द्ध23 धारा 363 366 भादवि से संबंधित प्रकाश में आए अभियुक्त सुरेंद्र जायसवाल पुत्र बंसीलाल जायसवाल निवासी ग्राम महेवा पट्टी थाना नैनी जनपद प्रयागराज को सुबह स्थान सरहुला चट्टी थाना नगसर हाल्ट जनपद गाजीपुर से गिरफ्तार किया गयाए गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अंतर्गत धारा 161 सीआरपीसी व अवलोकन समस्त कागजात व अन्य संकलित साक्ष्य के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 376 भादवी व 5एलध्6 पॉक्सो एक्ट का अपराध का साक्ष्य पाए जाने पर धारा 376 भादवी व 5एलध्6 पॉक्सो एक्ट दर्ज किया गया। नगसर थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि उ0नि0 रामबालक व का0 अजय शर्माएका0 पंकजएम0 का0 अर्पणा सिंह की टीम ने थाना नैनी जिला प्रयागराज के सुरेन्द्र जायसवाल उम्र 30 पुत्र बंसीलाल को सरहुला बाजार से पकड़ कर पास्को व अन्य विधिक धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जा रही है।

## अपराध से तौबा कर चुके हिस्ट्रीशीटर डरें नहीं, समाज की मुख्य धारा से जुड़ें:सीओ

जालौन (उरई)। अपराध से तौबा कर चुके हिस्ट्रीशीटर डरें नहीं, बल्कि समाज की मुख्य धारा से जुड़कर पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। यह बात सीओ रविंद्र गौतम ने कोतवाली में हिस्ट्रीशीटरों के साथ बैठक में कही। एसपी डॉ. ईराज राजा ने अच्छी पहल करते हुए हिस्ट्रीशीटरों को सुधरने का मौका दिया है, ताकि वे समाज की मुख्य धारा से जुड़कर समाजहित में काम कर सकें। कोतवाली परिसर में सीओ रविंद्र गौतम और कोतवाल समीर सिंह ने हिस्ट्रीशीटरों के साथ बैठक की। इस दौरान सीओ ने कहा कि अपराध से तौबा कर चुके हिस्ट्रीशीटर डरें नहीं, बल्कि समाज की मुख्य धारा से जुड़कर पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। कहा कि पंजीकृत 76 हिस्ट्रीशीटरों में 3 हिस्ट्रीशीटरों का निधन हो चुका है। शेष 73 हिस्ट्रीशीटरों की पुलिस निगरानी करती है। सीओ ने उन्हें अपराध का रास्ता छोड़कर अपनी खेती-मजदूरी कर अपने परिवार के साथ रहने की सलाह दी। साथ ही कहा कि अगर क्षेत्र में कोई आपराधिक घटना होती है तो उसकी सूचना देकर पुलिस का सहयोग करें। पुरानी बातों को भूलकर मेहनत मजदूरी कर अपने परिवारों का पालन-पोषण करें। साथ ही उन्हें सख्त हिदायत भी दी गई कि यदि कोई भी हिस्ट्रीशीटर किसी भी प्रकार गैरकानूनी कार्यों में लिप्त पाया जाएगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाई अमल में लाई जाएगी। यदि अब अपराध का रास्ता छोड़ देता है तो उसकी निगरानी भी रूकवाई जा सकती है। बुजुर्ग हो चुके हिस्ट्रीशीटरों को भी चिन्हित किया गया। इस मौके पर एसएसआई आनंद सिंह, एसआई शिवभूषण वर्मा, ओंकार सिंह आदि मौजूद रहे।

## उरई तहसील ने निर्धारित समय में रियल टाइम खतौनी का लक्ष्य प्राप्त किया: अभिषेक कुमार

### बड़े पैमाने पर रुकेगा फर्जीवाड़ा, किसानों को होगा लाभ

**उरई (जालौन)।** उप जिलाधिकारी सदर आईएएस अभिषेक कुमार ने बताया पूरे जनपद की तहसीलों में सिर्फ उरई तहसील ही अपने निर्धारित लक्ष्य 20 प्रतिशत खतौनीओं को रियल टाइम में ला पाई है इसके लिए नायब तहसीलदार विजय कुमार को तहसील प्रभारी बनाया गया था। उरई तहसील में बड़े स्तर पर खतौनियों को रियल टाइम में लाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त प्रक्रिया को पूर्ण करने में 90 दिन का समय लगेगा।

उन्होंने बताया कि पूर्व के समय में 13 कॉलम वाली खतौनी में 6 साल की फसलों के बाद रिवीजन व अपडेशन होता था। जिससे यदि कोई किसान खाताधारक ने कुछ वर्ष पूर्व भी जमीन को खरीद लिया होता था तो उसका नाम आदेश में चढ़ता था व खतौनी में पूर्व के खातेदार का नाम दिखता रहता था। फिर चाहे खाते धारक की मृत्यु ही क्यों न हो गई हो। जमीन की खरीद-फरोख्त के समय फर्जीवाड़ा होने की इससे संभावनाएं अत्यधिक रहती थी क्योंकि खतौनी में अगर किसी की मृत्यु भी हो गई है उसका नाम 6 वर्षों के बाद हटेगा और नया नाम 6 वर्षों के बाद जुड़ेगा। उन्होंने बताया कि उरई तहसील में एक प्रकरण ऐसा भी सामने आया है जिसमें किसान द्वारा खुद की जमीन से अधिक जमीन के बैनामा कर दिया गए है। उसमें भी लेखपाल के चक्कर लगाने पड़ते थे। लेकिन अब खतौनी को रियल टाइम में लाया जा रहा है। रियल टाइम का मतलब दाखिल खारिज होने के तुरंत बाद ही या कोई भी न्यायालय का आदेश करने के तुरंत बाद ही उसको तुरंत खातेदार का नाम खतौनी में अंकित किया जाएगा। अगर किसी का नाम खतौनी से हटाना है तो हटा दिया जाएगा। इसी क्रम में जो नई रियल टाइम खतौनी में 19 कॉलम है जिसमें खातेदार का विवरण, खातेदारी प्रारंभ होने का विवरण, भूमि का विवरण भूमि का विवरण, खातेदार का अंश खातेदार की श्रेणी परिवर्तन का विवरण, खारिज किया गया नाम, दर्ज किया गया नाम, खातेदारी की जमीन अगर किसी बैंक में बंधक है तो उसका भी स्पष्ट विवरण एवं लंबित वाद का भी स्पष्ट विवरण रियल टाइम खतौनी में दर्ज किया जाएगा जिससे भूमि क्रय एवं विक्रय के समय किसानों को अत्यधिक लाभ मिलेगा एक से अधिक खाताधारक होने पर भूभागों के अंश बंटवारा भी अंकित किया जाएगा। जिससे अगर कोई एकल खातेदार अपनी जमीन बेंचना चाहेगा तो उसे आसानी से बंटवारे के समय इस खतौनी से बहुत लाभ मिलेगा व किसानों को लेखपाल व तहसील के खतौनी में नाम दर्ज कराने के लिए चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे तहसील उरई में 34 गांव को चिन्हित कर उन्हें रियल टाइम में लाया गया है। लगभग 3 माह के अंदर ही पूरी तहसील के समस्त गांव शासन की मंशा अनुरूप रियल टाइम खतौनी में लाया जाएगा जिसमें ग्राम इकहरा, बिरगुवां बुजुर्ग, नरछा, .खेडा, अतपुरा, ललपुरा, बाबूपुरा, करथरा, कहटा, नंदा, टिकटोली, सेसा कुरकुरु आदि गांव शामिल है।



**इंजीनियरिंग के बाद आईएएस परीक्षा की पास**

उरई। आईएएस अभिषेक कुमार ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई दिल्ली की इसके बाद वह दो साल तक बेंगलुरु में मल्टीनेशनल कंपनी में काम करने के बाद फिर आईएएस की तैयारी की और वर्ष 2020 में उन्हें सफलता प्राप्त हुई।

## बाइक सवार युवक की गोली मारकर हत्या

**प्रतापगढ।** जिले में अज्ञात मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने शनिवार को एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमले का कारण तत्काल ज्ञात नहीं हो पाया है।थाना प्रभारी (एसएचओ) पुष्पराज सिंह ने कहा, मानधाता थाना अंतर्गत मिश्रपुर इलाके में मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने रोशन (36) को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल रोशन को स्थानीय चिकित्सालय लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में रोशन की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। सिंह ने कहा, घटना की जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया है। हम हमलावरों की पहचान की कोशिश कर रहे हैं।

### सुलतानपुर में किशोरी ने नदी में कूदकर आत्महत्या की

सुलतानपुर (उप्र), दो जून (भाषा) सुलतानपुर जिले के धनपतगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को गोमती नदी में एक किशोरी ने कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। धनपतगंज थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) श्रीराम पाण्डेय ने बताया कि जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र के बभंगवा निवासी कल्लू राम की बेटी नंदिनी (14) शुक्रवार सुबह 10:30 बजे ननिहाल जाने के लिए निकली थी। किशोरी का ननिहाल उसके गांव से लगभग आठ किलोमीटर दूर धनपतगंज थाना क्षेत्र के मूंडवा गांव में है। ग्रामीणों से मिली सूचना के हवाले से उन्होंने बताया कि किशोरी ई-रिक्शे पर बैठकर जा रही थी। जब वो धनपतगंज-कुड़वार मार्ग पर नौगवातीर के पास पहुंची तो गोमती पुल के पास उसने ई-रिक्शा रुकवा दिया।

## लखीमपुर के दुधवा बफर जोन में मृत पाई गई दो वर्षीया बाघिन

लखीमपुर खीरी (उप्र), तीन जून (भाषा) लखीमपुर खीरी जिले के दुधवा बफर जोन के मैलानी रेंज के एक गांव में शनिवार को दो वर्षीय एक बाघिन मृत पाई गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दुधवा टाइगर रिजर्व (डीटीआर) के क्षेत्र निदेशक बी प्रभाकर ने उप निदेशक सुंदरेश और पशु चिकित्सकों की टीम के साथ घटनास्थल का दौरा किया और शव का निरीक्षण किया। प्रभाकर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि करीब दो साल की बाघिन रामपुर ढकेरिया गांव में बेहद कमजोर हालत में झोपड़ी में घुस गई थी। उन्होंने कहा कि जब वन विभाग के बचाव दल ने ग्रामीणों की मौजूदगी में उसे जंगल में वापस ले जाने का प्रयास किया, तो बाघिन ने उनके वाहन पर हमला किया और पास की झाड़ियों में शरण ले ली, जहां बाद में वह मृत पाई गई। उन्होंने बताया कि शव के प्रथम दृष्टतया आकलन और मौके पर मिले साक्ष्यों से जहर खोरानी (विष देने) या अवैध शिकार की आशंका प्रतीत नहीं हो रही है। प्रभाकर ने कहा कि शव की शारीरिक जांच में बाघिन के नाखूनों और पंजों में चोट के निशान मिले हैं, जिसके कारण बाघिन शिकार करने या ठीक से चलने में असमर्थ थी और बाद में उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए आईवीआरआई, बरेली भेजा जा रहा है ताकि उसकी मौत के कारण का पता लगाया जा सके।

## मंदिर में शराब पीने से रोका तो भाइयों को पीटा

जालौन (उरई)। मंदिर परिसर में शराब पीने जा रहे युवक को रोकना दूसरे युवक को भारी पड़ गया। शराब पीने से मना करने पर 6 लोगों ने मिलकर दो भाईयों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। घायल ने आरोपियों के खिलाफकार्रवाई के लिए कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र मोहल्ला फर्दनवीस निवासी अवधेश वर्मा ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार की शाम घर के बाहर टहल रहा था। घर के पास बने मंदिर के पास मोहल्ले के ही बबलू व मुन्ना अपने 2 अज्ञात साथियों के साथ शराब पीने के लिए पहुंच गए। उन्हें मंदिर परिसर में जाता हुआ देखकर उसने मंदिर परिसर में शराब पीने से उन लोगों को मना किया। जिससे नाराज होकर बबलू अपने घर गया और अपने साथी आकाश, गोलू व मुन्ना के साथ लोहे की राड लेकर वापस आ गया और गाली, गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उसके सिर में लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे वह जख्मी हो गया। उसके चिल्लाने पर भाई अखिलेश बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट कर की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दरगाह पर दो रोजा उर्स का आयोजन आज से

जालौन (उरई)। हजरत कमाल शाह सैयद वली का 2 दिवसीय सालाना उर्स लहचूरा के पास स्थित दरगाह पर होगा। जिसमें 4 जून दिन इतवार को शाम 9 बजे से तकरीर का प्रोग्राम होगा। दिनांक 5 जून दिन सोमवार को सुबह 7 बजे कुरानख्वानी होगी। शाम 5 बजे चादर उठेगी एवं रात 9 बजे तसनीम आरिफव टीना परवीन के बीच जवाबी कब्बाली का मुकाबला होगा।

## 42 साल पुराने मामले में 90 वर्षीय बुजुर्ग को उम्रकैद की सजा सुनाई

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद की जिला अदालत ने 42 साल पहले 10 दलितों की हत्या के एक मामले में 90 वर्षीय एक बुजुर्ग को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने शनिवार को बताया कि अदालत ने दोषी गंगा दयाल पर 55,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह मामला 1981 में जिला मैनपुरी के थाना शिकोहाबाद के अंतर्गत घटित हुआ था जो अब फिरोजाबाद जिले की मक्खनपुर थाना कोतवाली के अंतर्गत आता है। फिरोजाबाद जिला फरवरी 1989 में अस्तित्व में आया। जिला शासकीय अधिवक्ता राजीव उपाध्याय ने बताया कि 42 वर्ष पूर्व दिसंबर 1981 में गांव साढूपुर में 10 दलितों की गोली मारकर हत्या की गई थी। उन्होंने बताया, पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर 10 आरोपियों के खिलाफ मैनपुरी की एक अदालत में आरोप पत्र दायर किया था। उपाध्याय ने बताया, एक अक्टूबर 2021 को मामला फिरोजाबाद के जिला न्यायाधीश हरवीर सिंह की अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया (चूंकि साढूपुर, मक्खनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है)। जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि जिन 10 आरोपियों को आरोपपत्र में अभियुक्त बनाया गया था उनमें से नौ लोगों की सुनवाई के दौरान मौत हो गई जबकि 90 वर्षीय गंगा दयाल ही जीवित बचा था जिसे न्यायाधीश हरवीर सिंह की अदालत ने बृहस्पतिवार को गवाहों और सबूतों के बयानों के आधार पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उन्होंने कहा कि अदालत ने उसपर 55 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड न भरने की स्थिति में 13 माह की अतिरिक्त सजा भुगतने का भी आदेश सुनाया है।

## मिट्टी के टीले में दबकर महिला की मौत, तीन अन्य लोग घायल

**कौशांबी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में मिट्टी का टीला ढहने से उसके मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गईं। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोखराज थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि कसिया पश्चिम गांव निवासी नत्थी देवी, सुशीला देवी, उर्मिला देवी और बिट्टू देवी घर की पुताई के लिए शुक्रवार को गांव के बाहर एक मिट्टी के टीले से मिट्टी खोदने गई थीं, तभी अचानक मिट्टी का टीला ढहने से चारों मलबे के नीचे दब गईं। मौर्य के अनुसार, आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से चारों महिलाओं को मलबे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक नत्थी देवी (40) की मौत हो चुकी थी।

## बलिया में सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

बलिया। बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, बैरिया थाना क्षेत्र के मठ योगेंद्र गिरी गांव के निकट शुक्रवार की देर रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार रजनीश पाठक (30) व पिंकू सिंह उर्फ सुमित सिंह (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, राहगीरों ने दोनों को सोनबरसा अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने रजनीश पाठक को मृत घोषित कर दिया तथा पिंकू सिंह को गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल से भी पिंकू सिंह को ट्रामा सेंटर, वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया है। बैरिया थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मवीर सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा नरेंद्र पाठक की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि घटना के समय दोनों युवक दोकटी थाना क्षेत्र के दलनछपरा गांव में आयोजित एक शादी समारोह में भाग लेकर अपने घर बलिया लौट रहे थे। एक अन्य सड़क हादसे में जिले के गड़वार थाना क्षेत्र के नारायण पाली गांव के निकट शुक्रवार की रात्रि अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार अखिलेश शर्मा (32) की मौत हो गई। घटना के समय वह गांव चंदुकी से गड़वार जा रहा था। पुलिस के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## जालसाजी करके शादी करने व दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत तीन को सजा सुनाई

**बलिया।** बलिया जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को दहेज के लिए अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने और खुद को डॉक्टर बताकर उससे शादी करने के जुर्म में शनिवार को पांच साल कैद की सजा सुनाई। वकील त्रिभुवन नाथ यादव ने बताया कि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) शांभवी यादव ने पति सुनील कुमार वर्मा के माता-पिता शंकर वर्मा और राधिका को भी इस मामले में तीन-तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने तीनों दोषियों पर पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के जापलिनगंज मोहल्ले के सुनील वर्मा ने अपनी बहन सुनीता की शादी फेफना थाना क्षेत्र के सागरपाली गांव के सुनील कुमार वर्मा से हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक 28 मई 2013 को की थी।

## महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कालेज का कीर्तिमान

### एक वर्ष में 4 लाख 69 हजार मरीजों का किया इलाज



**गाजीपुर।** जनपद के महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कालेज ने एक वर्ष में 4 लाख 69 हजार मरीजों का इलाज कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डाण् आनंद मिश्रा के नेतृत्व में चिकित्सकों और नर्सों एवं मेडिकल स्?टाफ की टीम ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में 24 घंटे अथक प्रयास कर एक मिसाल प्रस्तुत किया है कि जनपद के जनता को इलाज के लिए अब दूसरे जिलों के अस्पतालों में नही जाना पड़ेगा। मेडिकल कालेज में निशुल्क और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है। इसी के चलते एक वर्षों में मेडिकल कालेज में आने वाले मरीजों की संख?या में 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डाण् आनंद मिश्रा ने बताया कि अप्रैल 2021 से लेकर मार्च 2022 तक ओपीडी में दो लाख 34 हजार मरीज देखें गये हैं वहीं एक वर्ष बाद 2022 से लेकर 2023 तक मरीजों की संख?या दोगुनी यानी 4 लाख 69 हजार हो गयी। सन् 2021.22 में मेजर सर्जरी 1500 हुये वहीं 2022.23 में मेजर सर्जरी 2500 मरीजों का किया गया। माईनर सर्जरी में 2021.22 में 4800 मरीजों का इलाज हुआ वहीं 2022.23 में दस हजार मरीजों का माइनर आपरेशन हुआ। उन?होने बताया कि मेडिकल कालेज में 2021.22 में 34 हजार मरीजों को भर्ती कर इलाज किया गया वहीं 2022.23 में 64 हजार मरीजों का भर्ती कर इलाज हुआ। उन?होने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में हमारा लक्ष?य है कि मेडिकल कालेज में दूरबीन विधि से सर्जरीए पैथोलाजी विभाग के सहायक आचार्य डाण् अभिषेक सिंह के नेतृत्व में हिप्टो पैथोलाजी का शुभारंभ होगा। प्रिंसिपल ने बताया कि पांच जून से हार्मोन जांच की सुविधाए मेडिकल कालेज में उपलब?ध हो जायेगी। यह सुविधा डाण् संचित तिवारी के अथक प्रयास से शुरु हुई है। मेडिकल कालेज में हार्मोन जांच का शुल्क बाहरी पैथोलाजियों से बहुत ही कम दर पर उपलब्ध होगा। एक अक्टूबर 2023 को पैरामेडिकल कालेज में एक?स.रे टेक्निशियनए ओटी टे?क्निशियनए लैब टेक्निशियन के पहले बैच का पढ़ाई शुरु हो जायेगी। उन?होने कहा कि हमारा प्रयास है कि जनपदवासियों की सेवा के लिए मेडिकल कालेज में स?वास?थ?य संबंधी हर ?यवस?था उपलब?ध करायी जाये जिससे कि सरकार के प्राथमिकताओं को पूरा किया जा सके।

## अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाएं: डीएम



**गाजीपुर।** जनपद में जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियॉ में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे 226 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातो तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 694 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 41 शिकायत व प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 32 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 66 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 93 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 07 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में अपर जिलाधिकारी;वि0ध्रा0द्ध की अध्यक्षता में 66 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 76 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 10 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 135 शिकायत व प्रार्थना प्राप्त 06 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत व प्रार्थना पत्रो का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। उन्होने सावजनिक भूमिए तालाबए सरकारी भूमिए ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होने आई जी आर एस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो को प्रतिदिन शत.प्रतिशत निस्तारण किया जाय शिकायत किसी भी दशा में डिफाल्टर न हो। उन्होने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है। इसमे लापरवाही पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होगे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक राजेश यादवए उपजिलाधिकारी जखनियॉए तहसीलदार जखनियॉए क्षेत्राधिकारी जखनियॉ एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी

**डीएम, एसपी और सीडीओ, ने संपूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की सुनी फरियाद**



संवाददाता। अंबेडकरनगर

**जन समस्याओं** के निराकरण हेतु कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम अविनाश सिंह तथा एसपी अजीत कुमार सिन्हा अध्यक्षता में सीडीओ अनुराग जैन की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में जो भी शिकायत आए उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। तहसील दिवस के दौरान डीएम द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले कार्यालय में जो भी लाभार्थी, नागरिक आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी तथा बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम तथा एसपी के समक्ष कुल 65 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 05 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 60 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर एसडीएम टांडा, डीडीओ वीरेंद्र सिंह तथा जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम जलालपुर के समक्ष कुल 109 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 06 शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया तथा शेष 103 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम अकबरपुर के समक्ष 147 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 11 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया। शेष 136 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। तहसील भीटी में संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम भीटी के समक्ष कुल 101 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुईं। जिसमें से 04 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शेष 97 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। तहसील आलापुर मे संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर एसडीएम सदानंद गुप्ता तथा सीओ आलापुर के समक्ष कुल 33 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 04 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण करा दिया गया तथा शेष 29 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए।

## सपा विधायक इरफान सोलंकी को नहीं मिली राहत

**प्रयागराज।** सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने उनके भाई रिजवान सोलंकी की जमानत अर्जी के साथ इनकी अर्जी को सुनवाई हेतु 17 जुलाई को पेश करने का आदेश दिया है। यह महाराजगंज जिला जेल में बंद हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्र ने इरफान सोलंकी की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है। सोलंकी पर कानपुर नगर के जाजमऊ थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इन पर जाजमऊ डिफेंस कालोनी की नजीर फातिमा की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से उनके घर में आग लगवाने सहित गैंग चलाने का आरोप है। विदेशी लोगों को राशन कार्ड आदि बनवाने के मामले में अलग से केस चल रहा है। सह अभियुक्त इनके भाई रिजवान की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी की। उन्होंने दुबारा अर्जी दी है। जिसमें कोर्ट ने जिला जज से केस ट्रायल की स्थिति की जानकारी मांगी है और सुनवाई की तिथि 17 जुलाई तय की है। याची की भी अर्जी उसी के साथ सुनी जायेगी।

# हर प्रार्थना पत्र का पारदर्शिता के साथ हो निस्तारण

**नवागत आयुक्त ने मेंहदावल तो डीएम-एसपी ने धनघटा में सुनी जनसमस्या**

संवाददाता। संतकबीरनगर।



**मेंहदावल** तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश सिंह ने फरियादियों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए मौके पर उपस्थित सम्बंधित विभागीय अधिकारी/ कर्मचारी को बुलाकर तत्काल अथवा निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में वरासत, भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार निस्तारण किया जाए। मेंहदावल तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 66 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 04 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया, अवशेष 62 प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। मण्डलायुक्त ने इस आयोजन में पिछले संपूर्ण समाधान दिवसों में प्राप्त लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों में निस्तारण मे विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाय साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाय। धनघटा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी संदीप कुमार ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि मामलों के निस्तारण में स्थलीय जांच एवं अन्य कार्यवाही आदि के दौरान अधिकारीगण शिकायतकर्ता सहित दोनो पक्षों की पूरी बात को गम्भीरता से सुनने के उपरान्त ही नियमानुसार निस्तारण करें। धनघटा तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 01 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित किया गया। इसी क्रम में खलीलाबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

# कागज नहीं, धरातल पर दिखे शिकायतों का निस्तारणः कमिश्नर



संवाददाता। गोंडा

**शनिवार** को मण्डलायुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में तहसील कर्नलगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। क मिश्नर श्री मिश्र ने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करें। जिससे शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हो सके। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच कर शिकायत के निस्तारण करने को कहा। कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों के उचित निस्तारण हेतु नोडल अधिकारी बनाने के भी निर्देश दिये। तहसील में आये फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है, तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा और निषाद पार्टी के नेताओं ने रेल हादसे के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता। संतकबीरनगर



**ओडिशा** रेल हादसा पर भारतीय जनता पार्टी एवं निषाद पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। जिला मुख्यालय के पीडब्लूडी डाक बंगला पर शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें भाजपा और निषाद पार्टी के सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने मृतकों के प्रति दो मिनट का मौन रहकर शोक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शोकसभा सांसद प्रवीण निषाद एवं विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सांसद प्रवीण निषाद ने कहा कि ओडिशा रेल दुघर्टना में सैकड़ो लोगों की मौत और लोगों के घायल होने की सूचना प्राप्त होने के बाद मुझे गहरा दुःख हुआ है। सांसद ने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में ईश्वर मृतकों के परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करें। शोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामललित चौधरी, धनन्जय पाण्डेय, क्षेत्रीय संयोजक बुनकर व कारीगर प्रकोष्ठ, अम्बरीश राय उर्फ मन्टू, मोहित पाण्डेय, श्रीमन आनंद, सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिपाठी, दयाराम, ब्रहमानंद पाण्डेय, दिवाकर सिंह, धर्मेन्द्र निषाद, दिनेश सिंह, व्यापारी प्रकोष्ठ के सदस्य बबलू गुप्ता, रमा शंकर पाण्डेय, दिवाकर शुक्ला सहित अन्य भाजपा व निषाद पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हेल्थ एटीएम का सीडीओ ने किया शुभारम्भ



संवाददाता। श्रावस्ती

**संयुक्त** जिला चिकित्सालय भिनगा में इंडियन बैंक के सौजन्य से प्रदत्त हेल्थ एटीएम का मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस हेल्थ एटीएम से विभिन्न प्रकार की महत्वपूर्ण जांच जैसे कि शुगर, ब्लड प्रेशर, एच वी, तापमान आदि जैसे 23 जांचे निःशुल्क 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। यह हेल्थ एटीएम जिला अस्पताल के पैथालॉजी विभाग में लगवाया गया है। इस अवसर पर सीडीओ ने कहा कि जनपद में हेल्थ एटीएम की सुविधा प्रदान की जा रही है। हेल्थ एटीएम स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हेल्थ एटीएम संचालित करने हेतु कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित किया गया है। हेल्थ एटीएम से 23 प्रकार की जांचें की जा सकेंगी। किसी भी डॉक्टर से वीडियो कॉल के माध्यम से जांच रिपोर्ट दिखाकर परामर्श प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर अंचल प्रमुख इंडियन बैंक रविंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राम गोपाल पैथालॉजिस्ट डॉक्टर अनिल कुमार सिंह, मुख्य प्रबन्धक सुधीर कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ परमार्शदाता जीतेन्द्र मिश्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक श्रावस्ती सुभाष चंद्र मित्राए अग्रणी जिला प्रबंधक बहराइच जीतेन्द्र नाथ श्रीवास्तव सहित उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### समझौता कर अवार्ड लेने वाले किसानों की याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी में ट्रांसपोर्ट नगर के योजनाबद्ध विकास के लिए अर्जेंसी क्लाज में कर्ण डांडी मिल्की चक सराय मोहन बैरवाल गावों की अधिगृहीत भूमि के मुआवजा विवाद को निस्तारित कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि जिन किसानों का प्राधिकरण से समझौता होकर जमीन के बने अवार्ड होने के बाद मुआवजा दे लिया है। उन्हें कोई राहत नहीं मिलेगी। ऐसे किसानों की याचिका खारिज कर दी गई है और कहा जिन किसानों की अधिगृहीत जमीन का अवार्ड नहीं हुआ और मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है और कब्जा उन्हीं का है उनके अधिकार संरक्षित रहेंगे। नियमानुसार अवार्ड बगैर इनकी जमीन विकास प्राधिकरण नहीं ले सकेगा। कोर्ट ने अधिग्रहण के खिलाफयाचिकाओं ने तय कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र तथा न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की खंडपीठ ने अंकुर प्रसाद व हरवंश पांडेय की याचिका पर दिया है। दोनों याचिकाओं में अधिग्रहण को चुनौती दी गई थी। कुछ किसानों की जमीन का कब्जा नहीं लिया किंतु मुआवजा दे दिया गया। कुछ को मुआवजा नहीं दिया गया। 50 किसानो ने चुनौती दी। 40 ने हलफनामा दाखिल कर बताया कि उनकी जमीन का अवार्ड हो चुका है। कोर्ट ने कहा जिन किसानों ने प्राधिकरण से समझौते कर अवार्ड ले लिया है। उनकी याचिका खारिज की जाती है। शेष को नियमानुसार मुआवजा देने पर ही सरकार को अधिकार होगा तब तक जमीन के मालिक काश्तकार रहेगा।

### सेवा भारती लगायेगा प्याऊ

**गोंडा।** राष्ट्रीय सेवा भारती की गोंडा शाखा अपने सामाजिक सरोकार के तहत निशुल्क प्याऊ का चरणबद्ध प्रबंध करने जा रही है। सेवा भारती गोंडा का पहला प्याऊ भरत मिलाप चौराहे पर स्थित जायसवाल ब्रदर्स प्रतिष्ठान के सामने संचालित होगा। यह जानकारी देते हुए सेवा भारती के जिला महामंत्री प्रो. जितेंद्र सिंह ने बताया कि संगठन के जिला अध्यक्ष डॉ. ओंकार पाठक के प्रयास एवम प्रेरणा से 04 जून दिन रविवार को सायं 4.00 बजे से प्रथम प्याऊ का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सेवा भारती का दूसरा प्याऊ भी श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा के विज्ञान परिसर स्थित सीवी रमन गेट के सामने शीघ्र ही संचालित किया जाएगा। सेवा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ. ओंकार पाठक ने बताया कि सेवा भारती के तत्वावधान में जल्द ही एक चयनित सेवा बस्ती में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा तथा वहां की महिलाओं व युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाएँगे।

### प्रत्येक विद्यालयों में एक खेल अवश्य कराया जाए

**अंबेडकरनगर।** माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय क्रीड़ा समिति की बैठक शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक अवध किशोर सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में हुई। बैठक के दौरान समिति के पदेन अध्यक्ष के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक और उपाध्यक्ष जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि मौजूदा शिक्षा सत्र में प्रत्येक विद्यालयों में एक खेल अवश्य कराया जाए। जिससे विद्यालयों में खेलकूद की गतिविधियां सतत रूप से चलती रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान वे इस बात पर जोर भी देंगे कि विद्यालय में किस तरह का खेल आयोजित किया जा रहा है। माध्यमिक विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता से अधिक से अधिक वित्त विहीन विद्यालयों को भी जोड़ने के लिए उन्होंने निर्देश दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि किसी भी स्कूल या कॉलेज में यदि कोई बच्चा किसी भी खेल में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है तो उस पर और अधिक ध्यान दिया जाए जिससे वह जिले से बाहर निकल कर प्रदेश में भी अच्छा प्रदर्शन कर सके। बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बेसिक विद्यालयों में भी खेलकूद की गतिविधियों को प्रभावी रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा स्काउट गाइड और अन्य पाठ्य से इतर क्रियाओं को भी बढ़ाने के लिए स्कूलों को निर्देश दिए जाएंगे। बैठक के दौरान एकलव्य स्टेडियम में 15 मई से 30 जून तक चलने वाले समर कैंप के संबंध में भी जिला विद्यालय निरीक्षक ने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर के नजदीक के विद्यालयों के अधिक से अधिक खिलाड़ी छात्र छात्राओं को समर कैंप में जाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक भी पांच जून को शाम 5रू00 बजे कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई है जिसमें समर कैंप में अधिक से अधिक खिलाड़ियों के प्रतिभाग करने की समीक्षा की जाएगी। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से क्रीड़ा सचिव अजीत कुमार सिंहए कोषाध्यक्ष सुमित्रा देवीए डॉक्टर हरेंद्र प्रताप यादवए रईस अहमदए मोहम्मद हसनए प्रतिमा सिंहए विपिन कुमार द्विवेदीए जिला विद्यालय निरीक्षक ऑफिस के क्रीड़ा पटल प्रभारी शशीकांत वर्मा समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बेहद जरूरी

**प्रयागराज।** विश्व पर्यावरण दिवस एक ग्लोबल इवेंट है। जिसे हर साल पांच जून को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के पीछे का विचार यह है कि ग्लोबल वार्मिंग समुद्री जीवन और संसाधनों का संतुलित इस्तेमाल जैसे सामाजिक पर्यावरण मुद्दों पर आवश्यक संदेश फैलाया जाए। जिन पर गौर करने और जिन्हें सुलझाने की आवश्यकता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर बसीर अली उर्फकुंडली भाग्य के शौर्य ऐश्वर्या खरे उर्फभाग्य लक्ष्मी की लक्ष्मी अदिति शर्मा यानी रब से है दुआ की दुआ और कीर्ति नागपुरे उर्फप्यार का पहला नाम राधा मोहन की तुलसी जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने पर्यावरण की रक्षा करने और इसके महत्व के बारे में अपनी राय ज़ाहिर की है। कुंडली भाग्य में शौर्य का रोल निभा रहे बसीर अली कहते हैं हर दिन वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे होता है। भाग्य लक्ष्मी में लक्ष्मी का रोल निभा रहीं ऐश्वर्या खरे बताती हैं एक एक्टर के रूप में मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मेरे पास एक ऐसा मंच है जो मुझे जागरूकता फैलाने और सबकी जिंदगी में बदलाव लाने की दिशा में प्रयास करने का मौका देता है। रब से है दुआ में दुआ का रोल निभा रहीं अदिति शर्मा बताती हैं उस खास ग्रह के संरक्षण के लिए मनाया जाता है। जिसने हमें ज़िंदगी खूबसूरती और अनेक करिश्मों से नवाजा है।

### प्रधान संपादक को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व सदस्य व जनमोर्चा के प्रधान संपादक शीतला सिंह के निधन के पश्चात वामपंथी दलों ने शोक सभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जिसकी अध्यक्षता माकपा के पूर्व जिला सचिव माता बदल और संचालन भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी ने किया। शोक सभा में उनके जीवन संघर्षों को याद करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 रघुवंशमणि ने कहा कि शीतला सिंह ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया था। समाज के कमजोर और उत्पीड़ित वर्ग की आवाज अपनी लेखनी के जरिए जीवन पर्यन्त उठाते रहे। वरिष्ठ कवि जसवंत अरोड़ा ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में ऐसा जीवट व्यक्ति हमने नहीं देखा जिसने सत्ता के सामने बिना झुके पत्रकारिता के असली चरित्र को बुलन्द रखा। भाकपा नेता सूर्यकान्त पाण्डेय ने कहा कि देश के मौजूदा संक्रमण काल के दौर में उनके द्वारा लिखे गए साहसिक लेखों को युवा पीढ़ी को अध्ययन करना चाहिए और उसको पुस्तक के रुप में संकलित करना चाहिए। माकपा जिला सचिव अशोक यादव ने आज की पत्रकारिता की तुलना करते हुए कहा कि जब अखबार और पत्रकारिता सिर्फ सत्ता के अनुकूल काम करते हों ऐसे में शीतला सिंह जी हम सबके लिए प्रेरणा का काम करेंगे। भाकपा (माल) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने कहा कि पत्रकारिता के साथ साथ जन सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता ने बाबू शीतला सिंह को जिले में ही नहीं बल्कि देश में चमकते हुए सितारे के रूप में स्थापित कर दिया था।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होता है वासःअर्चना तिवारी




संवाददाता। प्रयागराज।

**टैगोर** पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का शुक्रवार को समापन हो गया। शिविर में भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित युवा संस्कार योग शिविर में लगभग 250 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें बास्केट बॉल फुटबाल खो खो ताइक्वांडो नृत्य तथा गायन का प्रक्षिक्षण प्रशिक्षको द्वारा दिया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। समापन के अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना तिवारी ने बच्चों को योग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। प्रधानाचार्या ने सभी बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार और धन्यवाद ज्ञापन साधना मिश्रा ने किया। इस अवसर पर जे पी श्रीवास्तव राजेश जायसवाल आर आर शुक्ला राजन श्रीवास्तव विजय शंकर मिश्र अनिल यादव विजय राय संजय श्रीवास्तव शुभाशीष मजूमदार सुधा सिंह मनीष वर्मा सौम्या सिंह पूजा मालवीय अनूप कपूर आदि उपस्थित रहे।

## इंडियन बैंक में उचक्की महिला ने उड़ाए एक लाख 14 हज़ार रूपये

**श्रावस्ती।** भिनगा नगर स्थित इंडियन बैंक की मुख्य शाखा में शुक्रवार को दोपहर में भिनगा नगर के खैरी मोड़ निवासी नूर जहाँ अपना एक लाख 14 हज़ार रुपये जमा करने के लिए आई थी। इस दौरान उन्होंने बैंक में जमा करने के लिए अपने साथ लाए गए एक लाख 14 हज़ार रुपये को बैंक के अंदर पटल पर रख दिया। इसी दौरान वहां पहुँची एक बुर्का पहने महिला उन रुपये को लेकर चंपत हो गई। रुपये उड़ाने वाली महिला के साथ एक 12 वर्षीय बच्ची भी थी सभी बैंक के सीसीटीवी फुटेज मे कैद हो गए ।इस मामले में महिला के पति आफ़सार अहमद खान की तहरीर पर भिनगा कोतवाली पुलिस ने अज्ञात महिला के विरुद्ध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच में जुट गई है।एसपी प्राची सिंह ने बताया कि घटना के शीघ्र खुलासे के लिए टीमो का गठन किया गया है।शीघ्र ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# ग्राम पंचायतों में डाकिया खोल रहे किसान सम्मान निधि का खाता

**आधार सीडेड खातों में ही जाएगी पीएम किसान सम्मान निधि की राशि**

संवाददाता। मिल्कीपुर



**कृषि** मंत्रालय भारत सरकार ने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक को 14 वीं पीएम किसान योजना निधि दिलाने के लिए आधार सीडेड खाता खोलने एवं आधार में मोबाइल लिंक कराने का दायित्व सौंपा है। यह जानकारी अवर अधीक्षक डाकघर पी0के0 सिंह ने दी। श्री सिंह ने कहा कि पंचायत स्तर तक किसानों का खाता खोलने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैंए जिसमें डाकघर व कृषि विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह जल्द अपना नया खाता खुलवाएं या बैंक खाते को अपडेट करवा ले। किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए कृषि विभाग द्वारा बैंक स्तर पर नोडल अफसर भी बनाए गए हैं। अवर अधीक्षक ने बताया कि अब तक 2162 खाते खोले गए हैं। तथा 47410 किसानों का खाता एनपीसीआई के स्तर पर आधार सीडेट नहीं हैए या आधार में मोबाइल नंबर लिंक नहीं है। इस दशा में किसानों को प्रधानमंत्री किसान योजना राशि से वंचित होना पड़ेगा। उप कृषि निदेशक डॉ संजय त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की धनराशि 10 जून तक किसानों के खातों में आनी हैए इसके लिए बैंक खातों को आधार सीडेट होनाए केवाईसी होना आवश्यक है।मजे की बात तो यह है कि लोग पीएम किसान सम्मान निधि आवेदन में हुई त्रुटियों को ठीक कराने के लिए जनसेवा केंद्रोंए ब्लॉक एव जिले के कृषि भवन तक चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन त्रुटियां समाप्त नहीं हो पा रही है। किसान भवन के कर्मचारी किसानों को सीएससी पर संशोधन कराने को कहते हुए अपना पल्ला झाड़ ले रहे हैं। वहीं जनसेवा केंद्रों पर जैसे त्रुटियों को पूर्ण करने के लिए केंद्र संचालक आवश्यक दस्तावेज को सम्मिट करते है साइड बैठ जा रही है जिससे किसान मायूस नजर आ रहे हैं।

# दस लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में एक गिरफ्तार

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** ऑटो मोबाइल एजेंसी मालिक दस लाख रुपये रंगदारी मांगने के मामले में कोतवाली टाण्डा पुलिस ने एक अभियुक्त को मय महेंद्रा थार वाहन के साथ गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने इस घटना का अनावरण 24 घण्टे में करने का दावा किया है। ज्ञात हो कि कोतवाली टाण्डा क्षेत्र के मोहल्ला मुबारकपुर के मोहन गंज चौराहे पर स्थित ऑटो मोबाइल के एजेंसी धारक लल्लन यादव ने 10 लाख रुपये रंगदारी मांगने का मुकदमा बीते 1 जून को कोतवाली में मनीष कुमार निवासी ग्राम आलमपुर धनोरा परवेज निवासी ग्राम सिसवां व अश्वनी के विरुद्ध दर्ज कराया था। उक्त मुकदमे में मुकदमा दर्ज होते ही पुलिस सक्रिय हुई और एक अभियुक्त परवेज अहमद उर्फ पप्पू पुत्र अब्दुल समद निवासी ग्राम सिसवां दौलतपुर हाजलपट्टी कोतवाली टाण्डा को कोतवाली के उप निरीक्षक सर्वेन्द्र स्थाना ने मय पुलिस टीम के साथ वाराणसी लुम्बनी हाईवे पर ग्राम फुलवरिया के पास से गिरफ्तार कर लिया । इस संबंध में कोतवाल अमित प्रताप सिंह ने बताया कि परवेज ने पूछताछ में बताया कि लगभग दो महीने पहले मेरी जान पहचान मनीष कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी आलम पुर धनोरा से हुई थी उससे मेरी दोस्ती हो गयी तो मैंने बताया कि मुझे डेरी खोलनी है जिसके लिए जमीन खरीदने हेतु रुपये पैसे की आवश्यकता है।अगर कोई ब्याज पर पैसा देता है तो दिलवा दें। तो मनीष ने लल्लन यादव से दस लाख रुपये उधार मुझको देने के लिए कहा था जिसको लल्लन ने मना कर दिया तब मैंने मनीष से लल्लन का फोन न0 लेकर मैंने लल्लन को धमकाया था कि मुझको रुपये दे दो नही तो अंजाम ठीक नही होगा।पुलिस ने परवेज का चालान न्यायालय कर दिया है।

# सपाइयों ने 2024 चुनाव के लिए कसी कमर

संवाददाता। संतकबीरनगर।



**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अब्दुल कलाम ने कहा है कि पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ता एकजुट होकर बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करते हुए लोक सभा चुनाव 2024 को फतह करने पर पूरा जोर लगाएं। श्री कलाम समाजवादी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी ने संतकबीरनगर जिले की दो महत्वपूर्ण व बड़ी नगर निकायों नगर पालिका परिषद खलीलाबाद तथा नगर पंचायत मेंहदावल में भारी जीत हासिल की तथा चार नगर निकायों में दूसरे स्थान पर रही जिससे भाजपा नेतृत्व तथा खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बौखला गए हैं क्योकि यह उनके गृह जनपद से सटा जिला है। श्री कलाम के कहा कि भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में हार का डर सताने लगा है इसलिए समाजवादी पार्टी को बदनाम करने के लिए तरह-तरह के कुचक्र रचे जा रहे हैं। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ सपा नेता दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने कहा कि नगर पालिका परिषद खलीलाबाद तथा नगर पंचायत मेंहदावल में भारी जीत से पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है तो वहीं चार नगर निकायों में मामूली अंतर से दूसरे नंबर पर प्रत्याशी रहे हैं जहां हमारी कुछ कमजोरियां रही है उन्हें ठीक कर लिया जाएगा और लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी का परचम लहराया जाएगा। बैठक का संचालन करते हुए नि0 जिला महासचिव नित्यानंद यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी जोश है तथा आम जनता सपा तथा अखिलेश यादव की ओर आशा से देख रही है। बैठक को पूर्व विधायक जय चौबे, वरिष्ठ नेता जयराम पाण्डेय, के0डी0 यादव, कौशल चौधरी, इंदल यादव, रामअशीष यादव, आलोक यादव सोनू, राहुल यादव बादल, पूर्व जिलाध्यक्ष लोरिक यादव, मनोहर सिंह सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाना फायदेमंदः मल्होत्रा

**तीन जून को वर्ल्ड बाइसिकल डे के अवसर पर अच्छे स्वास्थ्य का राज बताते टीवी कलाकार**

संवाददाता। प्रयागराज

**साइकिल** परिवहन का एक सरल वाजिब विश्वसनीय और पर्यावरण के अनुकूल माध्यम है। फिटनेस को बढ़ावा देने प्रकृति को बचाने और पर्यावरण को बनाए रखने के उद्देश्य से हर साल तीन जून को वर्ल्ड बाइसिकल डे मनाया जाता है। यह दिन आवागमन और लोगों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए साइकिल का चलन बढ़ाने पर भी जोर देता है। अपराजिता के अक्षय समर्थ जुरेल उर्फ मैत्री के हर्ष मोहित मल्होत्रा उर्फ भाग्य लक्ष्मी के विक्रांत और कृष्णा कौल उर्फ कुमकुम भाग्य के रणबीर जैसे ज़ी टीवी के कलाकारों ने साइकिलिंग से जुड़ीं अपनी सबसे अच्छी यादें ताजा की साथ ही अच्छे स्वास्थ्य के लिए इसकी अहमियत भी बताई। मैं हूं अपराजिता में अक्षय का रोल निभा रहे मानव गोहिल बताते हैं जब भी किसी को साइकिल चलाते हुए देखता हूं तो बचपन के वो दिन मेरी आंखों के सामने आ जाते हैं। इसके अलावा साइकिलिंग हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। यदि हम अपने डेली वर्कआउट में साइकिलिंग को शामिल करेंगे या फिर सिर्फइससे आना जाना भी करने लगेंगे तो यह कई तरह से हमारी जिंदगी की गुणवत्ता में सुधार लाएगा। मैत्री में हर्ष का रोल निभा रहे समर्थ जुरेल बताते हैं साइकिल मेरे दिल के करीब है क्योंकि यह मुझे मेरी ज़िंदगी के उस सुनहरे दौर की याद दिलाती है।

# कैबिनेट मंत्री की गाड़ी सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क के गड्ढे में फंसी

● आनन-फानन अधिकारियों में मौके पर पहुंचकर गड्ढे की मरम्मत के लिए फौरन लेबर लगाया

संवाददाता। शाहजहांपुर





**शहर** में सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क के गड्ढे में पहले पब्लिक को परेशानियों का सामना करना पड़ता था अब प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना की गाड़ी सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़क के गड्ढे में फंस गई। मंत्री की गाड़ी को जब स्थानीय लोगों ने धक्का देकर बाहर निकल रहे थे तो मंत्री गाड़ी के बाहर खड़े होकर इंतजार नजर आए । खबर विभाग के आला अधिकारीयों तक जैसे ही पहुंची तो अधिकारीयों ने मौके पर पहुंचकर उस गड्ढे की मरम्मत के लिए फौरन लेबर लगा दिए गए। इस मौके पर जब मीडिया ने सवाल किया तो अधिकारी जवाब से बचते नजर आए। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शनिवार दोपहर करीब 3 बजे सीएमओ कार्यालय के पास से गुजर रहे थे। सीएमओ कार्यालय के पास सीवर लाइन डालने के लिए सड़क को खोदा गया था। सीवर लाइन का कार्य पूरा होने के बाद भी विभाग और ठेकेदार रोड की मरम्मत नहीं करा रहे थे। उसी गड्ढे में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की गाड़ी फंस गई।मंत्री गाड़ी से उतरे और गड्ढे को देखने लगे। तभी स्थानीय लोग भी इकट्ठा हो गए। फौरन विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों को फोन लगाना शुरू किया गया। इस बीच स्थानीय लोगों की मदद से मंत्री की गाड़ी को बाहर निकाला गया और उसके बाद मंत्री आगे के लिए रवाना हो गए।

## जवाब देने से बचते रहे एक्सईएन

**जल** निगम एक्सईएन सुनील यादव समेत क्षेत्र के इंजीनियर और ठेकेदार मौके पर पहुंचे। फौरन मजदूरों को बुलाकर पास में पड़ी बजरी से उस गड्ढे को भरना शुरू कर दिया गया। जिस गड्ढे में मंत्री की गाड़ी फंसी थी। हालांकि मंत्री की गाड़ी फंसने पर जब पत्रकार ने जल निगम एक्सईएन से सवाल किया तो जवाब देने से बचते हुए उन्होंने कैमरे पर हाथ रख दिया। गौर तलब है शहर में सीवर लाइन का कार्य के लिए गड्ढे खोदे गए है जिससे लोगो को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है मगर जल निगम के अधिकारी जायज सवालों पर भी खामोशी अख्तियार करते है मगर जब मंत्री की गाड़ी की गड्ढे में फंसी तो विभाग के कई अधिकारीयों ने मौके पर पहुंचकर खुले गड्ढे को फौरन बंद करा दिया इस सरे मंजर में कुछ मकामी लोग अधकारी की सटपटाहट को देखकर मुस्कुराते नजर आए।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : जिलाधिकारी

● डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**आमजन** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को खीरी की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजित हुआ। वही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता एवं विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी की मौजूदगी मे तहसील धौराहरा सभागार में 'संपूर्ण समाधान दिवस' आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई कीए गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जन सुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 78 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 31, पुलिस 27, विकास 11, चकबंदी 04, आपूर्ति 02, विद्युत 02, समाज कल्याण से एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एएसपी नेपाल सिंह, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, पीडी केके पांडेय, डीडीओ अरविंद कुमार, एसडीएम अनुराग सिंहए सीओए तहसीलदार भीमसेन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**डिप्लोमा** फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जनपद.शाखा खीरी का द्विवार्षिक अधिवेशन जिला पंचायत सभागार में मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी के प्रतिनिधि अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता एवं मातृ एवं शिशु चिकित्सालय खीरी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव, डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रान्तीय अध्यक्ष माननीय संदीप बडोला, प्रान्तीय महामंत्री उमेश मिश्रा तथा स्टेट फार्मेसी कौंसिल के रजिस्ट्रार अखिल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। डा अनिल कुमार गुप्ता जी ने फार्मेसिस्ट संवर्ग की समस्याओं के शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन देते हुए जनमानस को अधिक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं देने पर जोर दिया। प्रान्तीय अध्यक्ष संदीप बडोला ने बताया कि प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य से बैठक करके शीघ्र ही फार्मेसिस्ट का शुरुआती वेतन ग्रेड 4600 करवाने तथा पद नाम परिवर्तन करके 'फार्मेसी अधिकारी' कराने का प्रयास करेंगे। बडोला ने अटेवा को पूर्ण समर्थन करते हुए पुरानी पेंशन बहाली के कार्यक्रमों में फार्मेसिस्टों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कराने कर जोर दिया और बताया कि माननीय विथय बन्धु जी के नेतृत्व में अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए पूरी ईमानदारी से लड़ रहाहै। विजय वन्धु जी की पेंशन बहाली रथ यात्रा दिनांक 08.06.2023 को जनपद खीरी में मैगलगंज में निकलना है। पेंशन रथ यात्रा के स्वागत के लिए अटेवा के साथ तमाम कर्मचारी संगठनों के साथी और समस्त फार्मेसिस्ट पहुंच कर ऐतिहासिक स्वागत करेंगे। और प्रदेश के प्रत्येक जनपद में विजय वन्धु जी का भव्य स्वागत किया जायेगा जिसमें फार्मेसिस्ट संवर्ग की पूर्ण भागी दारी रहेगी। द्वितीय सत्र में जनपद शाखा-खीरी का चुनाव प्रान्तीय पर्वेक्षक, महामंत्री उमेश मिश्रा की देखरेख में सदन द्वारा नामित चुनाव अधिकारी अवधेश कुमार चौधरी और अखिलेश कुमार शर्मा द्वारा सम्पन्न कराया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रान्तीय पर्वेक्षक के द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 140 शिकायतों में से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

संवाददाता। शाहजहाँपुर



**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील कलान में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान 140 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों का प्रभावी निस्तारण निर्धारित समयावधि में कराए जाने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अंतरित किया गया। इस अवसर पर राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांग जनसशक्तीकरण विभाग, विद्युत विभाग आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुयी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अनुपस्थित होने पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग का जवाब तलब करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों को पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सुनकर, उनका प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। कहा कि शासन शिकायतों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण के प्रति गंभीर है एवं सदैव पीड़ितों के साथ है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए। जरूरतमंदों एवं पीड़ितों के प्रकरण प्रभावी रूप से निस्तारित हो सकें, इसके लिए सभी को संवेदनशीलता एवं टीम भावना से कार्य करने हेतु भी जिलाधिकारी ने प्रेरित किया। उन्होंने थाना समाधान दिवस को और अधिक प्रभावी किए जाने हेतु भी निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान माननीय विधायक जलालाबाद हरिप्रकाश वर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी पात्र शासन की योजनाओं से लाभान्वित हो। इसके लिए सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थानीय स्तर जैसे थाना, विकास खंड और तहसील स्तर पर ही जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसपी एस आनंद ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान सीएमओ डा आर के गौतम, एसडीएम कलान दशरथ कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए अवधेश राम, डीडीओ पवन कुमार सिंह, तहसीलदार पैगाम हैदर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपा, बसपा व भाजपा के दर्जनों नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**विधान** सभा मोहम्मदी, कस्ता से लगभग सैकड़ों लोगों ने सपा, बसपा, भाजपा छोड़कर के 10 माल एवेन्यू कांग्रेस कार्यालय लखनऊ में प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, संगठन सचिव य अनिल यादव, प्रदेश महासचिव / जिला प्रभारी अभिषेक सिंह पटेल, विक्रम पांडे सहित आधा दर्जन नेता गणों के समक्ष युवा नेता विशोक मिश्रा के संयोजन में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने



कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी सदस्यों को पार्टी का पटका पहना करके सभी जनों का स्वागत करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई प्रमुख रूप से युवा नेता विशोक मिश्रा, राम दत्त शुक्ला, अविनाश चंद्र अग्निहोत्री , अंजूल श्रीवास्तव, विमल कुमार शुक्ला, वीरेंद्र शुक्ला , सरदार कमलजीत सिंह , सुरेंद्र मिश्रा, घनश्याम सिंह, अनिल पाल, आनंद मिश्रा, संतोष शुक्ला , आलोक दीक्षित, रईस खान, विनय कुमार शुक्ला, लियाकत खां, देव कुमार, गोपीचंद , धर्मेश प्रताप सिंह, रियाज खान, संतोष अवस्थी, विनोद कुमार, सरदार सतनाम सिंह , विशाल फरहान खान, वैभव , धीरू, पुष्कर वर्मा , शैलेंद्र शर्मा, श्वेतांक श्रीवास्तव, सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# एक करोड़ 80 लाख रुपये की अफीम बरामद, दो गिरफ्तार

संवाददाता। शाहजहांपुर



**लखनऊ** एसटीएफ यूनिट ने शाहजहांपुर में डेरा डालकर दो अफीम तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई इनके पास एक करोड़ 80 लाख रुपये की अफीम बरामद हुई ै। झारखंड का रहने वाला आरोपी तस्कर के साथ मिलकर उसकी तस्करी करता था। आरोपियों के पास से मोबाइल, बाइक और नकदी भी बरामद की गई हैं। लखनऊ एसटीएफ यूनिट मुखबिर से सूचना मिलने के बाद सक्रिय हुई और उसके बाद रोजा थाने की पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रोजा थाना क्षेत्र के अटसलिया ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर दी। तभी बाइक से दो तस्कर वहां से गुजरे तो पुलिस ने उनको रोकने की कोशिश की, इसी बीच आरोपियों ने भागने की कोशिश तो पुलिस ने उनकी घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## महंगे दामों पर बेचने के लिए आते थे शाहजहांपुर

**पुलिस** ने आरोपियों के पास से एक करोड़ 80 लाख रुपये की अफीम बरामद की है। आरोपियों के पास से बाइक, नकदी और मोबाइल भी बरामद किए हैं। आरोपी प्रदीप कुमार झारखंड और तस्कर रामवीर शाहजहांपुर का रहने वाला है। झारखंड का रहने वाला तस्कर प्रदीप झारखंड में सस्ते दामों पर अफीम खरीदरने के बाद उसको महंगे दामों पर बेचने के लिए शाहजहांपुर आता था। यहां का रहने वाला तस्कर रामवीर ग्रामीण क्षेत्रों में अफीम बेचने में मदद करता था। जिसका कमीशन उसको मिल जाता था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर उसके बाद जेल भेजेगी। एसपी एस आनंद ने बताया कि, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एक आरोपी झारखंड और दूसरा शाहजहांपुर का रहने वाला है। उनके पास से एक करोड़ 80 लाख रूपये की अफीम बरामद हुई है। जो पुलिस के लिए एक बड़ी सफलता है। आरोपियों को पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर युवाओं को किया जाएगा जागरुक

**सीतापुर।** वन पर्यावरण और जलवायु मंत्रालय द्वारा 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस के लिए युवाओं को जागरूक करने का कार्यक्रम किया जा रहा है। मेरी लाइफ के नाम से इस कार्यक्रम में एक मोबाइल एप लांच किया गया है। सीतापुर जिला स्थित कृषि विज्ञान केंद्र कटिया के मृदा वैज्ञानिक और इस कार्यक्रम के समन्वयक सचिन प्रताप तोमर ने मेरी लाइफएप के बारे में बताया कि इसका उद्देश्य जीवन में सरल कार्यों के प्रभाव पर जोर देकर पर्यावरण को बचाने में युवा शक्ति का प्रदर्शन करना है। केंद्र अध्यक्ष और वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. दया शंकर श्रीवास्तव और प्रसार वैज्ञानिक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह उपयोगकर्त्ताओं को ऊर्जा बचाओ, जल बचाओ, एकल उपयोग प्लास्टिक को कम करो, सतत् खाद्य प्रणाली को अपनाओ और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाओ जैसी 5 थीम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## क्विक न्यूज

### कर्ज से परेशान किसान ने की आत्महत्या

**बरेली।** कर्ज से परेशान किसान ने जहरीला पदार्थ खा लिया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रामपुर के मिलक थाना क्षेत्र के गांव नरखेड़ा निवासी वेदप्रकाश पुत्र रामगोपाल की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे कल दिन में बेहोशी की हालत में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घरवालों ने बताया कि कुछ समय पहले वेद प्रकाश ने खेती के काम के लिए एक प्राइवेट बैंक और सहकारी बैंक से लगभग 400000 रुपए का लोन लिया था लेकिन वह लोन को वापस नहीं कर सके जिसके चलते 3 दिन पहले उन्हें दोनों जगह से नोटिस आया था नोटिस आने के बाद से ही वेद प्रकाश मानसिक रूप से परेशान हो गए और उन्होंने खाना पीना छोड़ दिया तनाव के चलते ही कल दिन में उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी पता चलने पर घर के लोग उन्हें पहले स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए और फिर इलाज के लिए बरेली से निजी अस्पताल लाए लाये जहां देर रात उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक 4 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम आरती है।

### नेत्र शिविर का किया गया आयोजन

**सीतापुर।** पुराना सीतापुर के शेख सराय में सभासद रामशरण के आवास पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीतापुर आंख अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा 400 मरीजों की जांच कर 60 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस अवसर पर मरीजों को निःशुल्क दवा अस्पताल द्वारा दी गई। कैंप आयोजन में अज़हर ग़ाज़ी, निर्मल राठौर, मसूद आलम और शादाब अंसारी आदि का योगदान रह।

### गोकशी गैंग की श्रेणी में किया पंजीकरण

**बरेली।** पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गतिविधियों को नियंत्रित किये जाने के लिए प्रभारी निरीक्षक सिरौली की आख्या के आधार पर कुख्यात एवं सक्रिय अभियुक्त रहीसउद्दीन पुत्र सहाबुद्दीन निवासी ग्राम केसरपुर थाना सिरौली जनपद बरेली द्वारा अपने अन्य 02 साथी के साथ मिलकर संगठित होकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से गौकशी करने जैसा जघन्य अपराध कारित करके समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त होना पाये जाने पर इस गिरोह की अपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु पुलिस रेगुलेशन में निहित प्राविधानों के अंतर्गत इस गिरोह को जनपद स्तर पर गौकशी गैंग की श्रेणी में गैंग पंजीकरण किया है गैंग के सदस्यों पर थाने में गंभीर धाराओंमें कई मुकदमे दर्ज है ।

### सम्पूर्ण समाधान हुआ आयोजित

**सीतापुर।** निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को सीतापुर जिले की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान तहसील महमूदाबाद में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम अनुज सिंह और एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने की। इस दौरान विभिन्न समस्या लेकर आए शिकायतकर्ताओं की शिकायतें सुनी गई और खतौनी से संबंधित 2 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर एसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान डीएफओ बृज मोहन शुक्ला, सीएमओ डा. मधु गैरोला, डीडीओ हरिश्चन्द्र प्रजापति, एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी और तहसीलदार सुखबीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। तहसील महमूदाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 126 शिकायतों में से 14 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से तहसील सिधौली में प्राप्त 104 प्रार्थना पत्रों में से 10, तहसील सदर में प्राप्त 52 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील लहरपुर में प्राप्त 111 प्रार्थना पत्रों में से 6, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 66 प्रार्थना पत्रों में से 5, तहसील महोली में प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 4, तहसील बिसवां में प्राप्त 77 प्रार्थना-पत्रों में से 6 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

### किडनी चोरी के मामले में की विवेचक बदलने की मांग

**बरेली ।** थाना इज्जत नगर के सैदपुर हॉकिंस निवासी सखावत हुसैन पुत्र सादिक हुसैन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए अपने द्वारा दर्ज कराए मामले में विवेचक बदलने की मांग की है। प्रार्थी ने बताया कि उसके द्वारा 30 मई 2023 को थाना इज्जत नगर में किडनी चोरी के मामले में डॉक्टरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है जिसमें विवेचक द्वारा निष्पक्ष विवेचना की उम्मीद नहीं है क्योंकि मुकदमे में नामजद डॉक्टर असरदार एवं पैसे वाले हैं जिनके चलते दबाव बनाकर विवेचना को प्रभावित कर रहे हैं पीड़ित ने विवेचना किसी अन्य व्यक्ति से निष्पक्ष करवाने की मांग की है।

### आरएमपी महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया जारी

**सीतापुर।** शहर स्थित आरएमपी महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है, बीए और बीएससी के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए वरीयता सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में जिनके नाम है, उनका प्रवेश 5 जून से शुरू हो जाएगा। सूची में शामिल सभी छात्र-छात्राओं को उनके मोबाइल पर व्यवस्था से अवगत करा दिया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव ने बताया कि मोबाइल संदेश के अनुसार छात्र-छात्राएं महाविद्यालय पहुंचकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कर लें। इससे पूर्व महाविद्यालय में टैबलेट वितरण कार्यक्रम हुआ। इसका शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव और हिंदी विभागाध्यक्ष डा. जयवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर पवन कुमार यादव, प्रोफेसर उषा मिश्रा, डा. यामिनी शुक्ला, डा. ऋतु शाही और डा. शालिनी साहनी मौजूद रहीं।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पालिका विजय शुकुल रिंकू ने की शोक सभा

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** उड़ीसा राज्य में दिनांक 2/6 / 23 को भीषण रेल दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु हो गई थी इस संदर्भ में नगर पालिका के अध्यक्ष ने नगर पालिका सभागार में एक शोक सभा का आयोजन किया जहां उनके साथ नगर के सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक जनों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की साथ ही एक अन्य नगर पालिका के नवनिर्वाचित सदस्य वार्ड नंबर 24 दीपिका सैनी की माता की मृत्यु पर भी शोक जताया गया अध्यक्ष ने कहां कि भगवान सभी मृतक आत्माओं को शांति प्रदान करें।



### किशोरी को घर बुलाकर किया दुराचार

**बरेली।** गांव के ही रहने वाले युवक ने एक किशोरी को अपने घर में बुलाकर उसके साथ दुराचार किया। घर वापस लौटी किशोरी ने घटना की जानकारी अपने घर वालों को दी जिन्होंने आरोपी की शिकायत पुलिस से की जिसने आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही रहने वाले दीपक राठौर पुत्र कुंवर बहादुर ने अपने घर बुलाकर दुराचार किया किशोरी के घरवालों ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि दीपक राठौर कल शाम को वह किशोरी को अपने साथ बुलाकर अपने घर ले गया जहां पर उसने उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए दुराचार किया।

# नशे का असर स्वास्थ्य और शिक्षा पर पड़ रहा : प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक

संवाददाता। शाहजहांपुर



● ड्रग्स फ्री कैम्पस विषय पर गोष्ठी

**जी एफ** कॉलेज में आज ड्रग्स फ्री कैम्पस विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक ने कहा कि वर्तमान समय मे युवा विशेष रूप से नशे के शिकार हो रहे हैं,जिसका असर उनके स्वास्थ्य और शिक्षा पर पड़ रहा है।इसलिए हमारा यह कर्तव्य है कि हम युवाओं को नशे से दूर रहने के किए जागरूक करें। एनएसएस, एनसीसी रेंजर्स- रोवर्स के छात्र छात्राओं को चाहिए कि वह नशा मुक्ति अभियान के लिए रैली निकालें, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाएं,जिससे युवा नशे से दूर रहें। डॉ रईस अहमद ने कहा कि नशे की लत से युवाओं का शारीरिक,मानसिक, शैक्षिक, आर्थिक नुकसान होता हैं,इसलिए छात्र-छात्राएं अपने आप को नशा से दूर रखें। छात्र-छात्राओं ने भी नशे के खिलाफ अपने विचार व्यक्त किये। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने साइकिल रैली निकाल कर प्रदूषण मुक्त पर्यावरण का संदेश दिया, जिसे महाविद्यालय के प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद शोएब अहमद,डॉ दरख्शा बी, डॉ तजम्मुल हुसैन डॉ इरम जहां, डॉ जमील अहमद, डॉ कौशर जमाल एवं छात्र-छात्राओं में अदिति,गोविंद,अंजनि,निकिता मिश्रा,सना,आयशा आदि उपस्थित रहे।

# बिना पंजीकरण चल रहे डायग्नोस्टिक सेंटर

● जांच के नाम पर मरीजों से लिया जा रहा मोटा कमीशन

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**नगर** से लेकर अन्य जगहों पर बगैर रजिस्ट्रेशन चल रहे डायग्नोस्टिक सेटरएमरीजो से जाच के नाम पर लिया जा रहा बडा कमीशन डाक्टर के माध्यम से डायग्नोस्टिक सेटरो से। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदी नगर में एक या दो डायग्नोस्टिक सेंटर छोड़ दिए जाएं तो अन्य किसी के पास रजिस्ट्रेशन नहीं है बगैर रजिस्ट्रेशन के किसके संरक्षण में चल रहे हैं यह डायग्नोसिस सेंटर यह एक चर्चा का विषय है एडायग्नोसिस सेंटर पर झोलाछाप डाकटर के माध्यम से जांच की जाती है वहीं मरीजों से डायग्नोस्टिक सेटरो से मोटा कमीशन भी बधा है, मरीज मरता तो क्या न करता। वही ईश्वर के दूसरे नाम ने पर्चा बनवाई, फीस अलग, बेड चार्ज अलग, अस्पताल मे खुले मेडिकल की दवाइयों के कमीशन से जब पेट नही भरा तो जांच के नाम डायग्नोस्टिक सेंटरों से कमीशन अलग, हर तरह से आम आदमी को लाचार बनाने का काम बड़ी तेजी से किया जा रहा है। खुले डायग्नोस्टिक सेटर मानक के विपरीत होने के उपरांत स्वास्थ्य विभाग खामोशी की नींद सोए हुए हैं और यह डायग्नोसिस सेंटर मनमानी पर मनमानी करते नजर आ रहे हैं, इससे यह पूर्ण रूप से इस बात को बल मिलता है कि ऐसे लोगो को किसी न किसी का संरक्षण प्राप्त है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर मयंक मिश्रा से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मुझे पूरी जानकारी नहीं है कि कितने डायग्नोस्टिक सेंटर खुले हैं। सभी की जांच कराई जाएगी। वही कमीशन के संबंध में उन्होंने कहा कि इस समबन्ध में भी जानकारी नही है, कुल मिलाकर दाल में कुछ काला की बात नहीं, पूरी की पूरी दाल काली लगती दिखाई दे रही है।

# करंट लगने से राजमिस्त्री की मौत, हत्या की जताई आशंका

संवाददाता। बरेली

**काम** के दौरान करंट लगने से एक राजमिस्त्री की मौत हो गई मृतक के घर वालों ने हत्या की शंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव बड़ेपुरा निवासी 45 वर्षीय नत्थू लाल पुत्र हेतराम की लाश गांव से कुछ दूरी पर कल रात को लगभग 8 पाई गई जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के बड़े बेटे विमल ने बताया कि उसके पिता कल दिन में गांव के ही रहने वाले फहीम के घर राजमिस्त्री का काम करने गए थे उन्हें गांव का ही रहने वाला राजमिस्त्री सद्दाम अपने साथ बुलाकर लेकर गया था काम के दौरान ही लोहे के जाल में फैले करंट की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई और उनकी लाश को लगभग एक किलोमीटर दूर फेंक कर घर वालों को सूचना भी नहीं दी गई जब शाम को वह घर वापस नहीं लौटे तब रात लगभग 8 तक उनका इंतजार करने के बाद घरवाले उन्हें तलाशने में जुट गए इसी दौरान लगभग 1 किलोमीटर दूर उनकी लाश पाई गई उसने आरोप लगाया कि फहीम और उसके घर वाले ने उसके पिता की लाश को एक किलोमीटर दूर फेंक कर घर वालों को भी सूचना नहीं दी उन्हें तलाशने के दौरान ही उनकी लाश को देखा और स्थानीय डॉक्टर के पास ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया तब वह लाश को जिला अस्पताल लाए जहां से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी मृतक 4 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम बुद्धों देवी है विमल ने फहीम पर अपने पिता की हत्या का आरोप लगाया ।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता।** पुखरायां कानपुर देहात

**जिला** स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को भोगनीपुर तहसील में जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इ जहां पर कुल शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें का निस्तारण किया गया इ इस अवसर पर जिला अधिकारी नेहा जैन ने जिला स्तर समस्त अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि गरीब जनता को घर बैठे ही समस्या का समाधान हो हर एक व्यक्ति की समस्याओं को ढंग से सुनकर उनका निस्तारण किया जाए अपने से नीचे के स्तर के कर्मचारियों को दी जाने वाली शिकायतों का फीडबैक लिया जाए तहसील स्तर शिकायतें 1 सप्ताह के अंदर वह थाना व ब्लॉक स्तर की समस्याओं को 2 सप्ताह के अंदर निस्तारित हो जानी चाहिएइ जिलाधिकारी नेहा जैन जैसे ही भोगनीपुर तहसील में अपने वाहन से नीचे उतरी वही फतेपुर मूसा नगर निवासी जमीदन व कृष्णा नगर मंडी समिति निवासी चंद्रावती को तहसील दिवस में नीचे फर्श पर बैठे हुए देखकर जिलाधिकारी रक गए और उनको कुर्सी में बैठा कर उनकी समस्या सुनी । चंद्रावती ने बताया कि वह अकेले विधवा महिला है रहने के लिए घर नहीं है जिस पर जिलाधिकारी ने काशीराम आवास के तहत उसको आवास देने के लिए उप जिला अधिकारी को निर्देशित किया। वही नगर निवासी जमीदन पत्नी रसीद ने बताया कि उसका आवास पास हो गया है लेकिन लड़के बनाने नहीं दे रहे हैं जब वह पिलर खड़ा करती है तो लड़के गिरा देते हैं जिस पर उन्होंने लेखपाल वा थाना प्रभारी को मौके पर जाकर तुरंत समस्या का समाधान करने के लिए आदेशित किया। भोगनीपुर में तहसील दिवस में भोगनीपुर निवासी फरीदा खरका निवासी तारा कुमारी गौर निवासी मनीष तिवारी आहरोली निवासी उषा पुखराया निवासी बाबूराम कमल पुर निवासी जितेंद्र बड़ौली निवासी लक्ष्मीनारायण ने जिलाधिकारी को शिकायत पत्र देते हुए बताया कि गांव में आए दिन जमीन के पीछे झगड़े होते रहते हैं तहसील थाने में सुनवाई नहीं हो रही है । उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कढ़ाई की समस्या के समाधान के लिए आदेशित किया वही पुखराया निवासी दिलीप कुंवर पुर निवासी भूरेलाल रसूलपुर निवासी खुशीराम चंद्रभान सीतापुर उत्तर प्रदेश निवासी पूनम मीरपुर निवासी महेश ने शिकायत की कि उसके खेत के बैनामा करने के बाद भी कब्जा नहीं मिल रहा है।



# नपा की पहली बैठक में सभासदों ने चेयरमैन व ईओ रूरा को कार्यवाही की जिम्मेदारी सौंपी

**संवाददाता।** रूरा

**नगर** पंचायत की पहली बैठक में चेयरमैन एवं उनकी टीम के सदस्यों का पहला प्रस्ताव नगर की सीमित सीमा विस्तार का रहा जिसके लिए राजस्व ग्राम सरवा टप्पा तिगाई से राजस्व ग्राम रूरा के आधार पर नगर का सीमा विस्तार का रहा। इस प्रस्ताव को सर्व सम्मति से मंजूरी देते हुए सभासदों ने चेयरमैन रामजी गुप्ता एवं ईओ रूरा को कार्यवाही की जिम्मेदारी सौंपी।



नगर पंचायत रूरा की पहली बैठक दिन के लगभग सवा दो बजे शुरू हुई जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन राम जी गुप्ता ने तथा संचालन ईओ निलाब शाल्या ने संभाला। नगर पंचायत में पहली वार के सभासदों एवं दोबारा, तीसरी बार के जीते सभासदों के परिचय के तत्काल बाद चेयरमैन ने सीधे सभासदों से प्रत्येक वार्ड की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा शुरू की । जल निकासी, सफाई, पीने के पानी,वाटर कूलर आदि की समस्याओं को सभासदों ने सदन में पेश किया तो चेयरमैन ने ईओ रूरा को समस्याओं का निराकरण एक सप्ताह में करने का निर्देश दिया, वहीं चेयरमैन राम जी गुप्ता के साथ सभी 12 सभासदों ने एक स्वर से राजस्व ग्राम रूरा की सीमा विस्तार,टाउन एरिया में सुलभ शौचालय, आयुर्वेदिक अस्पताल, कान्हा गौशाला के लिए भूमि चयन, तालाबों के सुंदरीकरण, पार्क एवं खेल के मैदान के लिए भूमि चयन, निर्बलों के लिए आवास आदि मुद्दों को सदन के पटल पर रखने के साथ नगर पंचायत की दुकानों के किराए में वृद्धि एवं चेयर मैन के चुनावी एजेंडे की मांगों पर सदन में खुली चर्चा शुरू की।

चेयरमैन ने सदन में रखे गए प्रस्तावों पर शुरू हुई चर्चा में टाउन एरिया की दुकानों में 20% किराया वृद्धि,आयुर्वेदिक अस्पताल के लिए पानी की टंकी के पास की खाली जमीन, अंबेड कर नगर में सुलभ शौचालय, तालाबों के सुंदरीकरण, खेल के मैदान एवं पार्क के लिए भूमि चयन की जिम्मेदारी सभासदों को सौंपने के साथ जल भराव एवं उसके निकास पर सदन के सभी सदस्यों ने एकमत से मंजूरी देते हुए शीघ्र निराकरण की बात कही।

नगर पंचायत की बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर फ्लैक्सी लगाने और मीनू का विवरण लिखवाए जाने, नालियों गलियों के अवैध अतिक्रमण को चिन्हित किए जाने,राम लीला मैदान में टीन शेड डलवाने, 100 परिवारों को अकबरपुर में बने आसरा आवास में भवन दिलाने के प्रस्ताव पारित किए गए।

## सूचना न देने पर डीपीआरओ व बीडीओ-मलवां पर जुर्माना

**फतेहपुर।** मांगी गई सूचना को देने में आनाकानी करने पर जिला पंचायतराज अधिकारी एवं बीडीओ मलवां पर राज्य सूचना आयुक्त नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने जुर्माना लगाया है। आरटीआई कार्यकर्ता मलवां विकास खंड के शिवराजपुर के रहने वाले दिनेश त्रिपाठी ने खंड विकास अधिकारी मलवां एवं जिला पंचायतराज अधिकारी से आरटीआई के तहत सूचनाएं मांगी थी। जन सूचना अधिकारियों द्वारा बार-बार मांगी जा रही सूचनाओं को न देने के बाद अपीलकर्ता ने राज्य सूचना आयोग की ओर रुख किया।

# दोहरे हत्याकांड का चौबीस घंटे के अंदर खुलासा

**संवाददाता।** खागा (फतेहपुर)

**कोतवाली** क्षेत्र के कटोघन टोल प्लाजा के समीप झाड़ियों में मिले दो हत्यायुक्त शवों का पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के अनुसार प्रेमिका उस पर दूसरी लड़की से बात करने का शक करती थी। कहासुनी के दौरान उसने उसे मौत के घाट उतार दिया। भतीजी ने जब उसे मौसी की हत्या करते हुए देख लिया तो उसको भी मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को नकद पुरस्कार दिया।



पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दो जून को कटोघन टोल प्लाजा के समीप एक युवती व एक किशोरी का शव बरामद हुआ था। जिनकी शिनाख्त नीलम पुत्री रामनजर सिंह निवासी रामपुर अफोई थाना सुल्तानपुर घोष व ममेरे भाई की लड़की कुमारी जलसा 16 वर्ष के रूप में हुई थी।

दोहरे हत्याकांड के खुलासे के लिए खागा कोतवाली पुलिस के अलावा स्वाट व सर्विलांस टीम को लगाया गया था।

# प्रदेश अध्यक्ष ने अल्पसंख्यकों से किया संवाद

**संवाददाता।** फतेहपुर

**कर्नाटक** चुनाव जीतने व सरकार बनाने के बाद कांग्रेस पार्टी बेहद उत्साह में है। लोकसभा चुनाव की नजदीकी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी नई ऊर्जा के साथ लोगो से संवाद में जुटी है। एक तरफकांग्रेस नेता राहुल गांधी विदेशों में जाकर लगातार चर्चा में हैं वही चुनावी राज्यों व लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार प्रचार प्रसार में है। जिसके क्रम मे कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज़ आलम ने जनपद का दौरा करते हुए कई जगह जन चौपाल के माध्यम से अल्पसंख्यक समाज के लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के साथ-साथ प्रदेश की मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। शनिवार को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष ने जनपद प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश उपाध्यक्ष मिस्बाहुल हक़,

## ● लोकतंत्र मजबूती के लिये अल्पसंख्यक समाज को अग्रिम भूमिका में आना होगाः शाहनवाज़

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी मोईन राईन के साथ तकिया चांद शाह स्थित दरगाह हज़रत चांद शाह की दरगाह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से चादर पेश की तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने जन चौपाल में कहा कि ईवीएम, चुनाव पूर्व सत्ता की रैली, अस्तित्व के लिए जूझ रही राज्य स्तरीय पार्टी को मीडिया द्वारा बढ़ा-चढ़ा कर कांग्रेस के मुकाबले नाम से हटकर प्रचार करना एक सोची समझी साजिश है। अफवाह फैलाकर वोट के महत्व कम करने व कांग्रेस को कमज़ोर करने का काम किया जा रहा है। बैठक में बिंदकी नगर पालिका से कांग्रेस पार्टी से जीते सभासद मुन्नी (राजू रज़ा), सदर नगर पालिका के पनी वार्ड से प्रत्याशी नफीस खां का स्वागत किया गया। इस मौके पर मौलाना फैजान अहमद, जिला चेयरमैन शोएफ कुरैशी, आमिर जमा खान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शमशाद अहमद, अब्दुल हफीज शकीला बानो, नेहाल अहमद, मोहम्मद अजीज, परवेज मोहम्मद, शमशाद व्यवसाई, सलीम खान, निहाल अहमद आदि मौजूद रहे।

## पुलिस चौकी में जल्द होंगी सभी सुविधायें: एसपी वृंदा शुक्ला

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने क्षेत्राधिकारी मऊ राजकमल की मौजूदगी में नवनिर्मित चौकी खण्डेहा का निरीक्षण किया। चौकी में किस प्रकार के उपकरणों एवं सामान की आवश्यकता है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक मऊ एवं प्रधान खण्डेहा से वार्ता की गयी।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने खण्डेहा चौकी का निरीक्षण कर सुविधाओं को जल्द मुहैया कराने का भरोसा दिया। कहा कि पुलिस चौकी में जल्द सभी संसाधन उपलब्ध होंगे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल, ग्राम विकास अधिकारी खण्डेहा व प्रधान खण्डेहा तथा गांव के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# जन शिकायतों के निस्तारण में न हो विलंबः जिलाधिकारी

**संवाददाता।** खागा (फतेहपुर)



**माह** के प्रथम शनिवार को खागा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें आज राजस्व, विकास, पुलिस, विद्युत आदि विभागों से संबंधित कुल 86 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को समयबद्धता व गुणवत्ता के साथ निस्तारित किये जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार का विलंब नहीं होने पाये। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारी आईजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न बरतें।

# जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने प्रधानों को किया सम्मानित

**संवाददाता।** चित्रकूट



**तहसील** मऊ के सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने टीएचडीसीएल एवं यूपी नेडा (टूस्को) के तहत तहसील मऊ के दस गांव-मनका छितैनी, छितैनी माफी, खरणडाह, गाहुर, कटैया डांडी, चचोखर, छरेहरा, डोडिया माफी, कोटवा माफी, उसरी माफी में आठ सौ मेगावाट सोलर पावर पार्क के तहत आने वाले प्रधानों को सम्मानित किया।

शनिवार को जिलाधिकारी ने जमीन लीज रेंट पर लेने की प्रगति को तेज गति से कार्य करने को प्रधानों को आदेश देते हुए कहा कि जून के अंत तक निजी भूमि पर 70/80 फीसदी प्रगति की जाये। उन्होंने प्रधान मनका, गाहुर, कोटवा माफी, कटैया डांडी एवं ढुढवा माफी के प्रधानों को साल व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।

# पेंटिंग प्रतियोगिता से पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने का होगा प्रयास : डा. गोपाल मिश्र

**संवाददाता।** चित्रकूट

**विश्व** पर्यावरण दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता से जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। भारत सरकार के मिशन लाइफ तथा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर परिसर में सवेरे साढे सात बजे से नौ बजे तक पेंटिंग प्रतियोगिता होगी।



शनिवार को दिव्यांग विश्वविद्यालय के डॉ गोपाल मिश्र ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक, पानी बचाओ, पर्यावरण बचाओ, मिशन लाइफ विषय पर स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों की प्रतिभागिता से जनजागरण किया गया है। इस प्रतियोगिता में कला क्षेत्र से जुड़े अधिक से अधिक प्रतिभागियों को हिस्सा लेने को कहा है। प्रतिभागी पांच जून को समय से आकर सहभागिता कर सकते हैं। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, आयोजन सचिव डॉ रजनीश कुमार सिंह, सह आयोजक सचिव डॉ कु रमा सोनी ने बताया है। प्रतियोगिता के आयोजन की शुभकामनाएं देते हुए संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष डॉ गोपाल मिश्र ने कहा कि संस्कार भारती की जिला इकाई भी कला एवं संगीत से सामाजिक समस्याओं के समाधान को व्यापक प्रयास करती है। कला एवं संगीत की शिक्षा से संस्कार विकसित करने का प्रयास करते हैं।

## समापन में योग अभ्यास में छह दर्जन बहनों ने लिया हिस्सा

**चित्रकूट।** महिला पतंजलि योग समिति का नि:शुल्क तीन दिवसीय योग शिविर के समापन में छह दर्जन बहनों ने योग क्रियायें की। शनिवार को पुरानी बाजार स्थित राम अग्रवाल के हाते में महिलाओं को योग क्रियायें सिखाई गईं। सूर्य नमस्कार के अभ्यास के साथ एक्यूप्रेशर चिकित्सा भी बताई गई। वात-पित्त-कफ के अनुसार सात्विक भोजन के बारे में जानकारी दी गई। जिला महिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि महिला पतंजलि की ओर से प्रतिदिन नि:शुल्क योग क्लास जिले के कई स्थानों पर चलती है। जिले की बहने योग अभ्यास का लाभ ले सकती हैं। योग अभ्यास से अपने शरीर और मन को स्वस्थ्य करें।

## भाजपा प्रत्याशी की हार के बाद मंडल अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, उत्तम सिंह बने मंडल अध्यक्ष

**मौदहा, हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी में नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशी हार की गाज अब गिरना शुरू हो गयी है इसी सम्बंध मे नगर मंडल अध्यक्ष ने अपना इस्तीफा दे दिया है। उनके स्थान पर राष्ट्रीय स्वम सेवक संघ के पदाधिकारी को कार्यवाहक मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है।

मंडल अध्यक्ष अरविंद शर्मा ने नगर निकाय चुनाव में हुई पार्टी की पराजय के बाद हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष को इस्तीफा सौंप दिया।वहीं इस्तीफे को जिलाध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता ने स्वीकार करते हुए उनके स्थान पर नये मंडल अध्यक्ष उत्तम कुमार सिंह को कार्यवाहक अध्यक्ष घोषित किया है।वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष को पार्टी द्वारा हटाए जाने के मामले पर नगर के लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं।

# मिलावटी खाद्य सामग्री बिक्री से लोग हो रहे है गंभीर बीमारियों के शिकार

**संवाददाता।** हमीरपुर

**जिले** में मिलावटी खाद्य पदार्थों की विक्री से लोग गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे है। खाद्य सुरक्षा विभाग हाथ में हाथ धरे बैठा है। छापामारी अभियान संचालित करना तो दूर नगर में किसी भी दुकान में जांच पड़ताल नही की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक शासन के सख्त आदेश है कि गर्मी के दिनों में दुकान में विक्री होने वाले खाद्य पदार्थों को जाली में ढक कर रखा जाये समय समय पर विभाग दुकानदारों को को जागरुक करे मगर स्थानीय बस स्टाप में एक्सपायरी तिथि की पेय पदार्थों की खुलेआम विक्री की जा रही है यदि किसी ग्राहक ने इसका विरोध किया तो दुकानदार मारपीट कर उतारु हो जाते है। होटलो में सड़ी गली सामग्री विक्री करना आम बात हो गयी है,करीब एक दर्जन लोग खराब सामग्री खाकर अस्पताल पहुच चुके है। इस मामले की शिकायत खाद्य सुरक्षा विभाग से की गयी है मगर कोई असर नही हो रहा है। दूधिया मिलावटी दूध खुलेआम विक्री कर रहे है विभाग ने सैम्पल भरना ही बंद कर दिया है। विभाग में अफसरो की फौज है मगर सभी लोग कुम्भकर्णीय नीद सो रहे है सबसे ज्यादा खराब हालत राठ सरीला,कुरारा हमीरपुर की बतायी जा रही है। जिला अस्पताल के डाक्टरों का कहना है कि मिलावटी सामग्री खाने से पेट के मरीजों की संख्या लगातार बढती जा रही है कभी कभार करीब सौ मरीज उल्टी दस्ते के आते है वे सभी होटलों में वस्तुओं के खाने से आ रहे है। दूध में यूरिया उर्वरक विक्री करने की पुष्टि तो जांच में हो चुकी है।

# साहब हैंडपंप लगाने के लिये सचिव मांग रहा है पांच हजार

## ● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न

**संवाददाता।** मौदहा, हमीरपुर

**काफी** अर्से के बाद नगर में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस जिला अधिकारी डा.चंद्रभूषण की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, इस मौके पर 111 शिकायतों में 11 मामलों का निस्तारण मौके पर किया गया।

ग्राम परहेटा के एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कृषि योग्य भूमि पट्टे कराने की मांग की तो वही रहमानिया इंटर कॉलेज के कक्षा नौ व दस के अनुसूचित जाति के छात्र पीयूष आदि ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई कि समाज कल्याण अधिकारी की लापरवाही के चलते उन्हें इस वर्ष छात्रवृत्ति नहीं मिल सकी है। ग्राम खंडेह निवासी कुंवर बहादुर ने जिला अधिकारी को अवगत कराया कि उनके मोहल्ले में पानी का संकट है जिसके चलते सचिव शिव शंकर पाल से ग्रामीणों ने योजना के तहत हैंडपंप लगवाने पर सचिव पांच हजार रूपये रिश्वत मांग रहा है उसने सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वही नगर के पूर्वी तरोस निवासी रामप्रसाद में जिलाधिकारी को बताया कि उसने 2021 में कृषि उत्पादन मंडी समिति की दुकान नंबर 116 नीलामी में खरीदी थी जिसकी वह संपूर्ण रकम व मार्च 2023 तक का किराया जमा कर चुका है लेकिन मंडी सचिव दुकान का अनुबंध करने में आनाकानी कर रहा है। रामप्रसाद ने जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी दुकान का अनुबंध कराने की मांग की है। इसके अलावा अन्य फरियादियों ने पानी की समस्या व वृद्धावस्था पेंशन समेत अन्य समस्याएं रख उनके निदान की मांग की। रहे। तहसील परिसर पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, कन्या सुमंगला योजना, राशन कार्ड, पीएम शादी सम्मान निधि, शादी अनुदान व पेंशन आदि के आवेदन हेतु स्टाल लगाए गए।



## क्विक न्यूज

### स्कॉर्पियो की टक्कर से अधेड़ जख्मी

**पुखरायां, कानपुर देहात।** बरौर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी 55 वर्षीय रज्जाक पुत्र इब्राहिम बाइक द्वारा कानपुर से अपने घर आ रहे थे तभी मारकर कट से मुड़ते समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार क65 ए 1112 ने जोरदार टक्कर मारी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची देवीपुर चौकी पुलिस टीम ने घायल की हालत को गंभीर देखते हुए उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा जहां उपचार के दौरान रात 11 बजे रज्जाक ने दम तोड़ दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### 35 लाख की सम्पति होगी कुर्क

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के आदेश पर आरोपी विपिन अवस्थी की 10,14,404 लाख, विनोद अवस्थी उर्फभूरे 3,81,500 लाख, रामबाबू उर्फबद्दे लल्ला 12,09,839 लाख, अरुण अवस्थी उर्फनन्हे लल्ला 4,55,000 लाख व एक अन्यगैंगेस्टर के आरोपी जयवीर सिंह यादव निवासी परतापुर की 5,06,400 लाख की सम्पति कुर्क की कार्यवाही होगी। सभी की कुल सम्पति 3,56,143 लाख रुपये आंकी गयी है। जिसे जल्द मुनादी कराकर कुर्क किया जायेगा।

### युवक का शव उसी के खेत में मिला, हत्या की आशंका

**फर्रुखाबाद।** युवक का शव उसी के खेत में मिला,हत्या की आशंका बीते दिन घर से गये हुए युवक का शव शनिवार सुबह खेत में पड़ा मिला। जिससे कोहराम मच गया। पुलिस नें शव को कब्जे में लेकर छानबीन की और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। परिजनों नें हत्या का आरोप लगाया है।थाना मऊदरवाजा के ग्राम बेनीनगला निवासी 30 वर्षीय विपिन कुमार पाल पुत्र रामसेवक दिल्ली में नौकरी करता था। बीते डेढ़ महीनें पूर्व ही वह अपने घर आया था। शुक्रवार को विपिन के बड़े भाई मौजपाल व ओमपाल, माँ गंगा देवी, पिता रामसेवक के साथ विपिन की 4 वर्षीय पुत्री काव्या अलीगंज एटा के रिश्तेदारी में थे। शुक्रवार को विपिन अपनी पत्नी रूबी से बाजार (फर्रुखाबाद) जानें की कहकर लगभग 11 बजे घर से निकला लेकिन वापस नही लौटा । काफी समय बाद भी जब विपिन घर नही आया तो परिजनों को सूचना दी गयी। जिसके बाद अलीगंज गये परिजन भी आ गये। उन्होंने विपिन की तलाश शुरू की। लेकिन उसका पता नही चला।

### समाधान दिवस में 180 के सापेक्ष 28 का मौके पर समाधान

**फर्रुखाबाद।** तहसील समाधान दिवस में 180 के सापेक्ष 28 का मौके पर समाधान किया गया तहसील सदर में समाधान दिवस जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।पुलिस अधीक्षण अशोक कुमार मीणा,मुख्य चिकित्साधिकारी अवनींद्र कुमार,जिला विकास अधिकारी योगेश पाठक,उपजिलाधिकारी संजय कुमार सिंह,तहसीलदार श्रीमती श्रद्धा पांडेय सहित कई विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। फरियादियों के कुल 180 आवेदन आए जिसमे मौके पर 28 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।कई शिकायतों में राजस्व की 75 शिकायते,पुलिस विभाग की 29 शिकायते,विकास की 3 शिकायते और 45 शिकायते आई। अन्य शिकायतों को विभिन्न विभागों में निस्तारण हेतु भेज दिया गया। सबसे ज्यादा शिकायते मकानों पर कब्जे,अतिक्रमण,जलभराव,गली बंद करने,खेतो पर कब्जा करने से संबंधित रही।इसमें कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

### खेल खेल में मासूम ने सांप को चबाकर मार डाला

**फर्रुखाबाद।** खेल खेल में मासूम ने सांप को चबाकर मार डाला सुबह मासूम नें खेल-खेल में एक सांप को पकड़कर उसे चबाकर मार डाला। मासूम की हालत खराब होनें पर उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम मदनापुर निवासी दिनेश सिंह का 3 वर्षीय पुत्र अच्छे शनिवार को सुबह लगभग 9.30 बजे खेल रहा था उसी समय एक सांप भी वहां निकल कर आ गया। मासूम की नजर जब सांप पर पड़ी तो उसने बिना किसी भय के सांप को हाथों में उठा लिया और उसे मुंह से काटकाट कर मौत के घाट उतार दिया। जिसके बाद अच्छे की हालत बिगड़ गयी और बेहोशी आनें लगी। परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचे। दादी सुनीता देवी नें उसे भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद मासूम स्वास्थ्य हो गया।

### श्रीराम धुन के साथ जगदगुरू के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्रदास ने लगाई कामदगरि की परिक्रमा

**चित्रकूट।** भगवान श्रीराम की तपोभूति चित्रकूट की पावन धारा में जय श्री राम की धुन से धारा का कण कण राममय हुआ। हर पूर्णीमा की तरह इस बार भी सैकड़ों संतों, राम भक्तो के साथ शनिवार को बट पूर्णीमा के दिन बट वृक्ष रुपी पूज्य स्वामी श्रीरामानंद रामभद्राचार्य जी महाराज की इच्छा से उनके उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास जी द्वारा पूर्णीमा में भगवान कामता नाथ जी की परिक्रमा राम धुन से सैकड़ों भक्तो के साथ भगवा पताका लहराते हुए की गई। जगदगुरू के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास महाराज के साथ कामदगिरि परिक्रमा लगाने में चित्रकूट के पूज्य संत 108 श्याम दास जी महराज महंत बड़ा अखाड़ा खोही, पूज्य सीता शरण जी महराज जानकी महल जनकीकुंड, पूज्य 108 दीनदयाल दास महंत निर्मोही अखाड़ा राम घाट, गोपाल दास जी महराज परिक्रमा, बाबा हरिदास मुन्ना शास्त्री , मदन दास महाराज, डा विवके उपाध्याय, सुमन जी आदि सैकड़ों भक्तो शामिल रहे।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने छापेमारी कर लिये नमूने

**फतेहपुर।** जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की प्रभावी रोकथाम के लिए सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय डीपी सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत टीम ने जनपद के विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल पांच खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। टीम की अगुवाई कर रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शहर के राधानगर स्थित आरबी ट्रेडर्स से चिली पाउडर का एक नमूना, सिविल लाइन स्थित बिंदकी प्रोविजन स्टोर से बंधानी हींग का एक नमूना, कटरा अब्दुल गनी स्थित श्रेया ट्रेडर्स से धनिया पाउडर का एक नमूना, चौक बाजार स्थित किशन चंद्र पुरवार से पनीर चिली मसाला मिक्स का एक नमूना व जहानाबाद किराना की दुकान से धनिया पाउडर का एक नमूना संग्रहित किया गया है। संग्रहित नमूनों को जाँच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, दुकानों में साफसफाई रखने, मिलावट रहित शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ बेचने व्यक्तिगत स्वच्छता का पालन करने तथा बिना लाइसेंस के खाद्य कारोबार संचालित नहीं करने के कड़े निर्देश दिये। टीम में महेन्द्र कुमार यादव, रवि शेखर कुशवाहा, रामबाबू एवं पूजा गुप्ता शामिल रहीं।

### विक्की दस लाख की हिरोइन सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** विक्की दस लाख की हिरोइन सहित गिरफ्तार,घायल विक्की के पास दरोगा की चुराई बाइक भी मिली थाना कमालगंज पुलिस ने दस लाख रुपए कीमती हीरोइन सहित घायल विक्की गिहार को गिरफ्तार कर उसके पास से पुलिसकर्मी की चुराई गई बाइक बरामद की है। कमालगंज थानाध्यक्ष राजेश राय ने थाना मऊ दरवाजा के मोहल्ला रकाबगंज खुर्द निवासी विक्की गिहार पुत्र बिक्रम एवं थाना कमालगंज के ग्राम अखमेलपुर निवासी शिवम पुत्र रामनरेश के विरुद्ध नशीला पदार्थ व चोरी के मुकदमे दर्ज कराए हैं। कमालगंज थानाध्यक्ष खुदागंज बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे उसी दौरान विक्की कमालगंज की ओर से कानपुर की ओर जा रहा था। पुलिस को देखकर विक्की ने पीछे मुड़कर बाइक भगाई तो हड़बड़ी में वह सड़क के बीच में बाइक सहित गिर गया। जिससे विक्की के वाये हाथ में चोट लग गई, विक्की ने पुलिस को बताया की हीरोइन होने के कारण मैं भाग रहा था। थानाध्यक्ष ने सीओ अमृतपुर रविंद्र नाथ को बुलाकर 20 मिनट बाद विक्की की जेब से 105 ग्राम हीरोइन व 450 रुपए बरामद किए।

# अमृतपुर पिता पुत्र हत्याकांड में जिलाधिकारी ने पांचों की संपत्ति कुर्क करने के दिए आदेश

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद

**अमृतपुर** में हुए दोहरे (पिता-पुत्र) हत्याकांड में आरोपियों के खिलाफ जिलाधिकारी के आदेश पर सम्पति कुर्क की जायेगी। मामले में आरोपियों के खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत भी पुलिस नें कार्यवाही की थी। गैंगेस्टर के मुकदमें में ही डीएम नें कुर्की का फरमान जारी किया है। दरअसल बीते 7 मई को थाना व ग्राम अमृतपुर दिनेश चंद्र अवस्थी का परिवार के ही रामबाबू उर्फ बदल्ला अवस्थी से साढ़े पांच डिसमिल जमीन पर कब्जे को विवाद चल रहा था। दिनेश का 22 वर्षीय बेटा पीयूष अवस्थी दिल्ली में रहकर सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा था। पीयूष स्नान करने के बाद घर के बाहर शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए जा रहा था। शिवलिंग पर जल चढ़ाते समय परिवार के लोगों ने ही उसे दबोच लिया। उसे पकड़कर विवादित भूमि पर बनी झोपड़ी में ले गए। वहां पीयूष के हाथ-पैर बांधने के बाद आरोपियों ने उसका धारदार हथियार से गला रेता और सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। दिनेश बीच-बचाव करने मौके पर पहुंच गए। इस पर हमलावरों ने उन्हें भी गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर उनकी पत्नी मीरा देवी दौड़ी तो हमलावरों ने उन्हें भी गोली मारकर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी भाग गए। घटना के दो दिन बाद घायल दिनेश की भी मौत हो गयी। मामले में मृतक दिनेश चंद्र अवस्थी के दूसरे बेटे अनुभव ने रामबाबू उर्फबदल्ला अवस्थी, अरुण कुमार उर्फ नन्हें लल्ला, विपिन कुमार, विनोद कुमार अवस्थी, अंकित, अनमोल, प्रीती, सीमा, अलका, मुस्कान व अक्षत के खिलाफतहरीर दी।

# ब्रिक्स समूह के विस्तार का काम अभी भी जारी है : जयशंकर

भाषा। जोहानिसबग



**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर ने कहा है कि ब्रिक्स समूह के विस्तार का काम अभी भी जारी है और पांच देशों के समूह के सदस्य सकारात्मक उद्देश्य और खुले दिमाग से इस संबंध में विचार कर रहे हैं। केपटाउन में बृहस्पतिवार की शाम ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जयशंकर ने कहा कि इन देशों के नेताओं ने पिछले साल उनसे इस तरह के कार्य के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत, मानक, मानदंड और प्रक्रिया तैयार करने को कहा था। उन्होंने कहा, अभी भी कार्य प्रगति पर है। हम खुले दिमाग से सकारात्मक इरादे के साथ इस ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, इसके कई पहलू हैं। इसके एक पहलू के तहत यह देखना है कि मौजूदा ब्रिक्स सदस्य एक-दूसरे के साथ कैसे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका दूसरा पहलू यह है कि ब्रिक्स गैर-ब्रिक्स देशों को कैसे जोड़ता है। जयशंकर ने कहा, इसका तीसरा पहलू यह है कि हम ब्रिक्स के संभावित विस्तार को कैसे देखते हैं – इसके लिए उपयुक्त प्रारूप क्या होगा, इस पर भी हमें काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर बात यह है कि हम अभी भी इस संबंध में काम कर रहे हैंअ शेरपाओं (ब्रिक्स सदस्यों का प्रतिनिधित्व करने वाले) को इसका काम सौंपा गया है और हमें देखना होगा कि वे क्या कदम उठाते हैं। ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा ने कहा कि वह जयशंकर के विचार से सहमत हैं। विएरा ने कहा, ब्रिक्स एक ब्रांड और एक परिसंपत्ति है, इसलिए हमें इसका ध्यान रखना होगा क्योंकि यह काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स दुनिया की 40 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करता है जो इसे एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति बनाता है। उन्होंने कहा, हम काम कर रहे हैं और शायद यह इस बड़ी कामयाबी के कारण है कि इसने 15 वर्षों में (ब्रिक्स की स्थापना के बाद से) कई अन्य देशों का ध्यान आकर्षित किया है। चीन के उप मंत्री मा झाओक्सू ने कहा कि ब्रिक्स प्लस की अवधारणा बहुत तेजी से विकसित हो रही है। उन्होंने कहा, इसे ब्रिक्स देशों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने बहुत अच्छी तरह से मान्यता दी है और वास्तव में विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच एकजुटता और सहयोग के लिए एक मजबूत मंच प्रदान किया। उन्होंने कहा, हम उन देशों के ब्रिक्स में शामिल होने के इरादे का स्वागत करते हैं, और हम उम्मीद करते हैं कि अधिक से अधिक देश हमारे ब्रिक्स परिवार में शामिल होंगे। बैठक की मेजबानी करने वाले दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संबंध और सहयोग मंत्री नालेदी पंडोर ने कहा कि इस मामले पर अभी तक कोई उपयोगी दस्तावेज नहीं है। उन्होंने कहा, एक बार जब हमारे पास एक ऐसा दस्तावेज होगा जो स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करता हो, तो हम उसे अगस्त में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (प्रिटोरिया में राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन) में ले जाएंगे। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है कि इतने सारे देश ब्रिक्स में शामिल होना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ब्रिक्स समूह बहुध्रुवीयता का प्रतीक है और ब्रिक्स की ओर 12 से अधिक देशों का आकर्षित होना इसका प्रमाण है।

## दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति रामाफोसा से मिले

**केपटाउन।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के अलावा ब्रिक्स समूह के अन्य मंत्रियों से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं व्यक्त की। ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों का समूह है। जयशंकर केपटाउन में ब्रिक्स के एक सम्मेलन में भाग लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका की तीन दिवसीय यात्रा पर है। जयशंकर ने ट्वीट किया, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के अलावा ब्रिक्स के अन्य मंत्रियों के साथ मुलाकात करके प्रसन्नता हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं व्यक्त की। ब्रिक्स को आगे ले जाने पर उनका मार्गदर्शन और विचार महत्वपूर्ण है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका से जयशंकर चार से छह जून तक नामीबिया की यात्रा पर जाएंगे। ब्रिक्स वैश्विक आबादी के 41 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 16 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है।

## ब्राजील, ईरान व यूएई के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की

**केपटाउन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को यहां फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स की बैठक से इतर ब्राजील, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अपने समकक्षों से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधो को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। जयशंकर यहां ब्रिक्स समूह के एक सम्मेलन में भाग लेने आए है। जयशंकर ने ट्वीट किया, ब्रिक्स बैठक के मौके पर ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा से मिलकर अच्छा लगा। ब्रिक्स, आईबीएसए, जी20 और संयुक्त राष्ट्र के ढांचे में हमारे सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। हमारी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने को उत्साहित हूं। जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री आमिर अब्दुलाहियान से भी मुलाकात की और ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका सहित ब्रिक्स ब्लॉक के साथ-साथ शंघाई सहयोग संगठन पर विचार-विमर्श किया। उन्होने ट्वीट किया, फ्रेंड्स ऑफ ब्रिक्स की बैठक के मौके पर ईरान के विदेश मंत्री आमिर अब्दुलाहियान के साथ एक अच्छी बैठक हुई। हमने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की और उन्हें और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। इससे पहले, जयशंकर ने यूएई के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद बिन सुल्तान अल नाहयान से मुलाकात की।

## क्विक न्यूज

### तुर्किए: एर्दोआन ने राष्ट्रपति के तौर पर तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली

**अंकारा।** तुर्किए का लंबे समय से नेतृत्व कर रहे रजब तैयब एर्दोआन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपने तीसरे कार्यकाल के लिए शनिवार को शपथ ली। वह तीन बार देश के प्रधानमंत्री भी रह चुके है। एर्दोआन (69) पिछले हफ्ते हुए राष्ट्रपति चुनाव में पांच वर्षो के नए कार्यकाल के लिए निर्वाचित हुए। इसके साथ ही, उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य देश मे उनके 20 वर्षो के शासन को और पांच साल की अवधि के लिए बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। एर्दोआन, प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता में रहने के बाद, 2003 से देश के राष्ट्रपति हैं। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) मे अमेरिका के बाद सर्वाधिक संख्या मे सैनिक रखने वाला देश तुर्किए है, जिसकी आबादी 8.5 करोड़ है। तुर्किए मे लाखो की संख्या मे शरणार्थी शरण लिए हुए हैं। साथ ही, इस देश ने यूक्रेन के अनाज की ढुलाई से संबद्ध समझौते मे मध्यस्थता कर वैश्विक खाद्य संकट को टालने मे एक बड़ी भूमिका निभाई थी।एर्दोआन ने प्रेसीडेंशियल पैलेस परिसर मे एक शपथ ग्रहण समारोह से पहले संसद के एक सत्र मे राष्ट्रपति पद की शपथ ली। भारी बारिश के बावजूद उनके समर्थक संसद के बाहर उनका इंतजार करते दिखे। एर्दोआन देर शाम अपने नए मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे, जिससे इससे यह संकेत मिलेगा कि देश मे गैर रूढ़िवादी आर्थिक नीतियां जारी रहेंगी, या अधिक पारंपरिक नीतियो की ओर लौटा जाएगा। नाटो महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग और स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री कार्ल बिल्द सहित दर्जनो विदेशी अतिथि शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए तुर्किए की यात्रा पर है। सरकारी समाचार एजेंसी अनादोलु के मुताबिक, समारोह मे शामिल होने वाले अन्य नेताओं मे अजरबैजान के इलहम अलीजेव, वेनेजुएला के निकोलस मादुरो, दक्षिण अफ्रीका के सिरील रामफोसा, पाकिस्तान के शहबाज शरीफ और लीबिया के अब्दुल हामिद दबैबा शामिल है। बताया जाता है कि वे सैन्य गठबंधन मे स्वीडन की सदस्यता के प्रति तुर्किए की आपत्तियो को दूर करने के लिए एर्दोआन पर दबाव डालेंगे। नाटो की सदस्यता हासिल करने के लिए सभी सदस्य देशो के अनुमोदन की जरूरत पड़ती है। तुर्किए ने स्वीडन पर कुर्द चरमपंथियो और अन्य आतंकी समूहो के प्रति काफी उदार रुख रखने का आरोप लगाया है। नाटो चाहता है कि 11-12 जुलाई को लिथुआनिया मे होने वाली नाटो की बैठक से पहले स्वीडन को सैन्य गठबंधन का सदस्य बना दिया जाए।

### डेढ़ अरब आबादी वाले देश का प्रधानमंत्री होने के नाते मोदी सभी जगह सम्मान पाने के हकदार: पित्रोदा

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की ऐतिहासिक आधिकारिक यात्रा से पहले कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कहा है कि दुनिया की सर्वाधिक आबादी वाले देश का प्रधानमंत्री हर जगह सम्मान पाने का हकदार है और वह इसे लेकर गर्व महसूस करते है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा अभी पार्टी नेता राहुल गांधी की तीन अमेरिकी शहरो की छह दिन की यात्रा के दौरान उनके साथ थे। अमेरिका मे राहुल ने जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दृष्टिकोण से इतर भारत की अपनी अवधारणा पर ध्यान केंद्रित किया है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कड़ी आलोचना की है, वही, पित्रोदा ने यूक्रेन युद्ध और चीन के मुद्दे पर भाजपा सरकार की विदेश नीतियो का समर्थन किया है। पित्रोदा ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार मे कहा, वह (राहुल) जानते है कि हम (भारत) कहां कुछ सही कर रहे है और हम सब इसके साथ है। और किसी ने मुझसे कहा कि भारत के प्रधानमंत्री का बहुत स्वागत हो रहा है। जवाब में मैने कहा कि मै इससे खुश हूं, क्योंकि आखिरकार वह मेरे भी प्रधानमंत्री है। उन्होंने कहा, लेकिन हमें गलती नही करनी चाहिए। उन्हे (मोदी को) स्वागत मिल रहा है, क्योंकि वह भारत के प्रधानमंत्री है। इसलिए नही कि वह भाजपा के प्रधानमंत्री है। इन दो चीजों को अलग रखिए। पित्रोदा ने कहा, डेढ़ अरब आबादी वाले देश का प्रधानमंत्री होने के नाते प्रधानमंत्री सभी जगह सम्मान पाने के हकदार है। और मुझे इस पर गर्व है। मै इसे नकारात्मक रूप मे नही लेता हूं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 22 जून को वाशिंगटन की राजकीय यात्रा पर आ रहे प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करेंगे। वह मोदी के सम्मान मे राजकीय रात्रिभोज भी देंगे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, लेकिन आप देखिए, वे (भाजपा नेता) हर संदेश को तोड़-मरोड़कर पेश करते है। वे हर चीज को उलझा देते है। और इसके बाद वे व्यक्तिगत हमलो पर उतर आते है। यह लोकतंत्र नही है। अन्य मनुष्यों के लिए मन में थोड़ा तो सम्मान रखिए। आप सोशल मीडिया पर 50 लोगों को झूठ के साथ आपके पीछे पड़ जाने के लिए लगा देंगे। उन्होंने कहा, और एक झूठ यह है कि (राहुल की) पूरी यात्रा मुसलमानों द्वारा प्रायोजित है। यह क्या है? चलिए अगर मान भी लिया जाए कि यह यात्रा प्रायोजित है, तो क्या हुआ, वे भी तो भारत के नागरिक है। आप क्या बात कर रहे है? पहली चीज कि उनका इससे कोई लेना-देना नही है। पूरी यात्रा की व्यवस्था इंडियन ओवरसीज कांग्रेस ने की है। मैने व्यक्तिगत रूप से यात्रा से जुड़े सभी 17 कार्यक्रमों की तैयारियों का निरीक्षण किया है। पित्रोदा ने दावा किया कि राहुल की यात्रा ने अमेरिका में उम्मीद और उत्साह पैदा किया है।

### दर्दनिवारक दवाओं से मिलने वाला नशा इनकी लत लगा देता है, थोड़ा हेरफेर कम करेगा दुष्प्रभाव

**टक्सन (अमेरिका)।** मॉर्फिन और फेंटेनाइल जैसी मादक दवाएं दो-मुंह वाले रोमन देवता जानूस की तरह हैः इनका दयालु चेहरा जहां लाखों पीड़ितों को दर्द से राहत देता है, वही गंभीर चेहरा इन नशीली दवाओं के दुरुपयोग और ओवरडोज संकट को बढ़ाता है जिसने अकेले 2020 में अमेरिका में लगभग 70,000 लोगों की जान ले ली।मेरे जैसे वैज्ञानिक जो दर्द और नशीली दवाओं का अध्ययन करते है, इन दवाओं के इन दो अविभाज्य चेहरों को अलग करने का एक तरीका ढूंढ रहे है। शोधकर्ता ऐसी दवाएं तैयार करने की कोशिश कर रहे है जो व्यसन और अधिक मात्रा सहित दुष्प्रभावों के जोखिम के बिना दर्द से प्रभावी राहत प्रदान कर सकें। इस लक्ष्य को प्राप्त करने का एक संभावित मार्ग उस तरीके को समझना है जो नशीली दवाएं आपके शरीर को प्रभावित करने के लिए अपनाती है। नशीली दवाएं कैसे काम करते है?आपके शरीर में ओपिओइड सिस्टम न्यूरोट्रांसमीटर का एक सेट है जो आपका मस्तिष्क स्वाभाविक रूप से उत्पन्न करता है जो न्यूरॉन्स के बीच संचार को सक्षम करता है और प्रोटीन रिसेप्टर्स को सक्रिय करता है। इन न्यूरोट्रांसमीटर मे एन्केफेलिन्स और एंडोर्फिन जैसे छोटे प्रोटीन अणु शामिल होते है।ए अणु आपके शरीर मे भारी संख्या मे कार्यो को नियंत्रित करते है, जिनमे दर्द, खुशी, स्मृति, आपके पाचन तंत्र की गति और बहुत कुछ शामिल है।ओपिओइड न्यूरोट्रांसमीटर रिसेप्टर्स को सक्रिय करते है जो आपके शरीर मे बहुत सारे स्थानो पर स्थित होते है, जिसमे आपकी रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क मे दर्द केंद्र, आपके मस्तिष्क मे इनाम और आनंद केंद्र और आपके आंत में पूरे न्यूरॉन्स शामिल है।आम तौर पर, इन सटीक स्थानो मे ओपियोड न्यूरोट्रांसमीटर केवल थोड़ी मात्रा मे जारी किए जाते है, इसलिए आपका शरीर इस प्रणाली को संतुलित तरीके से खुद को नियंत्रित करने के लिए उपयोग कर सकता है।समस्या तब आती है जब आप मॉर्फिन या फेंटेनाइल जैसी नशे की दवा लेते है, खासकर लंबे समय तक ज्यादा खुराक पर। ए दवाएं रक्त प्रवाह के माध्यम से यात्रा करती है और आपके शरीर मे प्रत्एक ओपियोइड रिसेप्टर को सक्रिय कर सकती है।आपकी रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क में दर्द केंद्रो के माध्यम से आपको दर्द से राहत मिलेगी। लेकिन जब वे दवाएं आपके मस्तिष्क के इनाम और आनंद केंद्रो पर पहुंचती है, तो आपको उत्साह की अनुभूति होती है और बार-बार उपयोग करने की इच्छा होने से इनकी लत लग जाती है।जब दवा आपकी आंत मे प्रवेश करती है, तो इस दवा के अन्य सामान्य दुष्प्रभावों के साथ ही आपको कब्ज हो सकती है।ओपिओइड सिग्नल ट्रांसडक्शन को लक्षित करनावैज्ञानिक ओपिओइड दवाओं को कैसे डिज़ाइन कर सकते है जो दुष्प्रभावो का कारण नही बनेंगी?मेरी शोध टीम और मै यह समझने की कोशिश करते है कि कोशिकाएं कैसे प्रतिक्रिया देती है जब वे एक ओपिओइड न्यूरोट्रांसमीटर से संदेश प्राप्त करती है। न्यूरोसाइंटिस्ट इस प्रक्रिया को ओपिओइड रिसेप्टर सिग्नल ट्रांसडक्शन कहते है। जिस तरह न्यूरोट्रांसमीटर आपके मस्तिष्क के भीतर एक संचार नेटवर्क है, उसी तरह प्रत्एक न्यूरॉन मे एक संचार नेटवर्क भी होता है जो रिसेप्टर्स को न्यूरॉन के भीतर प्रोटीन से जोड़ता है।जब ए कनेक्शन बनते है, तो वे दर्द से राहत जैसे विशिष्ट प्रभावो को ट्रिगर करते है। तो, एक प्राकृतिक ओपिओइड न्यूरोट्रांसमीटर या एक सिंथेटिक ओपिओइड दवा के बाद एक ओपिओइड रिसेप्टर को सक्रिय करता है, यह कोशिका के भीतर प्रोटीन को सक्रिय करता है जो न्यूरोट्रांसमीटर या दवा के प्रभाव को पूरा करता है।ओपियोइड सिग्नल ट्रांसडक्शन जटिल है, और वैज्ञानिक अभी यह पता लगाना शुरू कर रहे है कि यह कैसे काम करता है।



जापान मे तेज बारिश के बाद बाढ़ आ गई , एक जापानी शहर में बाढ़ के पानी में डूबी गाड़ियां

## कोसोवो में अशांति से निपटने के लिए कमांडो यूनिट भेजेगा तुर्किए

**अंकारा।** उत्तरी कोसोवो में जारी हिंसा पर काबू पाने के लिए नाटो के अनुरोध पर तुर्किए वहां एक कमांडो बटालियन भेजने वाला है। देश के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को इस आशय की घोषणा की है। मंत्रालय ने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर पोस्ट किए गए एक बयान में बताया कि यह अनुरोध उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की ओर से प्राप्त हुआ है और यह बटालियन क्षेत्र में मौजूद नाटो के शांतिदूतों के साथ रिजर्व इकाई के रूप में काम करेगी। इस रिजर्व इकाई को केएफओआर कहते है। हालांकि तुर्किए ने यह नही बताया कि कितने सैनिक वहां जाएंगे, लेकिन नाटो ने मंगलवार को बताया कि वह 700 सैनिक भेजने वाला है। संभावना है कि सभी सैनिक एक ही देश के होंगे। केएफओआर में वर्तमान मे करीब 3,800 सैनिक है जिनमे से 350 तुर्किए से है।

## मैक्कार्थी का आभारी हूं कि मोदी को बोलने का आमंत्रण दिया: खन्ना

**वाशिंगटन।** भारतीय अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस महीने के अंत में अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए आमंत्रित करने के निर्णय का स्वागत किया है। यह दूसरा अवसर होगा, जब मोदी अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। उन्होने आठ जून 2016 मे अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित किया था। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल (1941, 1943 और 1952) और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू (1996, 2011 और 2015) ने कांग्रेस को तीन-तीन बार संबोधित किया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला ने भी दो बार अमेरिकी संसद को संबोधित किया था। इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष खन्ना ने पीटीआई से कहा, मुझे खुशी है कि स्पीकर मैक्कार्थी ने इंडिया कॉकस के सुझाव को सुना और भारत के प्रधानमंत्री को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि उन्होंने मोदी को 22 जून को आधिकारिक यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। इसके बाद खन्ना और इंडिया कॉकस के उनके रिपब्लिकन सह-अध्यक्ष ने मैक्कार्थी को पत्र लिखा कि वे प्रधानमंत्री को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए आमंत्रित करें। खन्ना ने मैक्कार्थी के साथ एक बैठक की, जहां स्पीकर ने उन्हे आश्वासन दिया कि वह इस पर काम कर रहे है। राजीव गांधी 13 जून 1985 को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे।


## सीमा पर हुई गोलीबारी में तीन इजरायली सैनिकों और मिस्र के एक सैनिक की मौत


**यरूशलम।** इजरायल-मिस्र सीमा पर शनिवार को हुई गोलीबारी में तीन इजरायली सैनिकों के साथ ही मिस्र के एक सैनिक की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दोनों देशों की सीमा पर हिंसा का यह दुर्लभ मामला है। इजरायली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल रिचर्ड हेच ने कहा कि झड़प बीती रात शुरू हुई जब सैनिकों ने सीमा पर मादक पदार्थ तस्करी के प्रयास को रोकने की कोशिश की। उन्होने कहा कि कई घंटे बाद एक सुरक्षा चौकी में दो सैनिकों की गोली लगने से मौत हो गई। गोलाबारी के बाद सैनिको ने रेडियो संचार का कोई जवाब नही दिया, जिसके बाद उनके शव बरामद हुए। हेच ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह झड़प मादक पदार्थ तस्करी के भंडाफोड़ से जुड़ी है। सेना ने कहा कि गोलीबारी की दूसरी घटना में मिस्र सीमा बल के एक कर्मी की मौत हो गई।

# विभिन्न देशों के नेताओं ने ओडिशा रेल हादसे पर संवेदना प्रकट की

भाषा। लंदन-मॉस्को







**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा सहित दुनिया भर के नेताओं ने ओडिशा में हुई ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों और भारत सरकार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार रात कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने और एक मालगाड़ी से टकराने से जुड़े रेल हादसे में मृतक संख्या शनिवार को बढ़कर 288 हो गई। देश के सबसे भीषण रेल हादसों में से एक इस दुर्घटना में 800 से ज्यादा यात्री घायल हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे संदेश में अपनी संवेदना प्रकट की। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन की वेबसाइट पर प्रकाशित टेलीग्राम संदेश में कहा गया है, ओडिशा में त्रासद ट्रेन दुर्घटना पर हमारी गहरी संवेदना स्वीकार करें। हम उन लोगों के दुख को साझा करते हैं जिन्होंने इस त्रासदी में अपने रिश्तेदारों और करीबियों को खो दिया और हम सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने बचाव कार्यों में अथक परिश्रम करने वालों की सराहना की। सुनक ने ट्वीट किया, मेरी संवेदना प्रधानमंत्री मोदी, ओडिशा में दुखद घटना से प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मारे गए लोगों के परिवार और दोस्तों के प्रति मैं गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। बचाव कार्य के लिए अथक प्रयास करने वालों की सराहना करता हूं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक चीन के राष्ट्रपति शी ने रेल दुर्घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी को अलग-अलग शोक संदेश भेजे। जापान के प्रधानमंत्री किशिदा ने रेल दुर्घटना के बाद प्रधानमंत्री मोदी को एक शोक संदेश भेजा। किशिदा ने एक बयान में कहा, ओडिशा में रेल दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु और लोगों के घायल होने के समाचार से मुझे गहरा दुख हुआ है। जापान सरकार और उसके लोगों की ओर से, मैं हादसे में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति शोक प्रकट करता हूं और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने भी हादसे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर को शोक संदेश भेजा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में उनके देश के लोग भारत के साथ खड़े हैं। ट्रूडो ने कहा, ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना की तस्वीरों और खबरों से व्यथित हूं। मैं अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। भारत के चार दिवसीय दौरे पर गए नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने ट्वीट किया, ओडिशा में ट्रेन हादसे में लोगों की मौत से दुखी हूं। मैं दुख की इस घड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सरकार और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और दुर्घटना में घायल लोगों के जल्द ठीक होने की कामना की। शरीफ ने ट्वीट किया, भारत में ट्रेन दुर्घटना में सैकड़ों लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ। मैं इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने ट्वीट किया, ओडिशा में त्रासद ट्रेन दुर्घटना में मृतकों की संख्या के बारे में जानकर दुख हुआ। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि ओडिशा में हुए ट्रेन हादसे के बारे में जानकर उन्हें गहरा दुख हुआ। उन्होंने हादसे में प्रभावित सभी लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग ने ट्वीट किया, ओडिशा में दुखद ट्रेन दुर्घटना का पता चला। भारत के लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं। हादसे के पीड़ितों के परिजनों को शक्ति मिले। हम आपका दुख साझा करते हैं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की प्रार्थना करते हैं।



सिंगापुर में चीन, अमेरिका समेत कई देशों के रक्षामंत्रियों ने आईआईएसएस की बैठक दौरान कई विषयों पर चर्चा की

## ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक एआई पर वैश्विक नियामक बनाने का विचार कर रहे

भाषा। लंदन, तीन जून (भाषा)

**ब्रिटेन के** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर लंदन में वैश्विक नियामक स्थापित कर तेजी से विकसित हो रही प्रौद्योगिकी से जुड़े किसी भी खतरे की निगरानी की योजना बना रहे हैं। ब्रिटेन के एक अखबार की खबर में शनिवार को यह जानकारी दी गई। अखबार द टाइम्स के मुताबिक सुनक अगले हफ्ते व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात के दौरान एआई की निगरानी में सहयोग करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट में जिन कदमों पर विचार हो रहा है उनमें वियना स्थित अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की तरह लंदन में एक वैश्विक एआई प्राधिकरण स्थापित करना है। भारत सहित 176 देशों के साथ 1957 में स्थापित आईएईए परमाणु ऊर्जा के इस्तेमाल की निगरानी करती है, सुरक्षित मानकों को बढ़ावा देती है, और इसका उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए नहीं हो, इसके लिए कदम उठाती है। ब्रिटेन के एक मंत्री ने अखबार को बताया कि ब्रिटेन किसी भी नए निकाय के लिए दुनिया में उपयुक्त स्थान होगा क्योंकि कई प्रमुख कंपनियों की यहां पहले से ही मजबूत उपस्थिति है।

# आक्रामक लायनफिश पारिस्थितिक तंत्र, आजीविका के लिए खतरा

● कैरेबियन से दक्षिण में ब्राज़ील तक फैली

भाषा। डार्विन (ऑस्ट्रेलिया)



**ब्राजील के** तटीय जल बड़ी संख्या में जल जीवों की विभिन्न प्रजातियों से भरे हुए हैं जो लहरों के नीचे एक जीवित रंगबिरंगा संसार बनाते हैं। यह पानी के नीचे की दुनिया बहुत खास है क्योंकि इसकी कई प्रजातियाँ स्थानिक हैं – वे पृथ्वी पर कहीं और नहीं पाई जाती हैं।दक्षिण-पश्चिम अटलांटिक 111 स्थानिक रीफ मछली प्रजातियों का घर है, जिनमें से प्रत्एक समुद्री जीवन के जटिल तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।इन उष्णकटिबंधीय जल में एक बिन बुलाया मेहमान आ गया है: द पैसिफ़िक रेड लायनफ़िश (पेरोइस वोलिटन्स)।अपनी आश्चर्यजनक उपस्थिति और हर वक्त की भूख के लिए प्रसिद्ध, लायनफ़िश का पहली बार 1985 में फ्लोरिडा में पता चला था और यह पूरे कैरेबियन में फैल चुकी है और बड़ी संख्या में रीफ़ मछली को अपना शिकार बना चुकी है।अब इसने एक विकट बाधा को पार कर लिया है: अमेज़ॅन-ओरिनोको रिवर प्लम, जो पूर्वोत्तर ब्राजील से अटलांटिक में बहती है।ताजे पानी के इस विशाल स्रोत ने लंबे समय तक कैरेबियाई मछली प्रजातियों को ब्राजील के समुद्र तट के साथ दक्षिण की ओर से अलग करने वाली बाधा के रूप में कार्य किया है।

वैज्ञानिक और पर्यावरण प्रबंधक व्यापक रूप से सहमत हैं कि ब्राजील में लायनफिश का आक्रमण एक संभावित पारिस्थितिक आपदा है।

एक समुद्री पारिस्थितिक विज्ञानी के रूप में, मेरा मानना है कि क्षति को कम करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी जो इस शिकारी मछली द्वारा किए गए पारिस्थितिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान को संबोधित करे।

लायनफ़िश के प्रसार का पता लगाना: यह देखना आसान है कि लायनफ़िश एक्वेरियम के प्रति उत्साही लोगों को क्यों आकर्षित करती है। इंडो-पैसिफिक महासागर के गर्म पानी की मूल निवासी, यह मछली 12 से 15 इंच लंबी होती है, जिनमें लाल और सफेद धारियां और लंबे, दिखावटी पंख होते हैं। वे पृष्ठीय रीढ़ से अपनी हिफाजत करती हैं और दर्दनाक विषैले डंक मारती हैं।लायनफ़िश को पहली बार अटलांटिक महासागर में 1985 में डैनिया बीच, फ्लोरिडा से खोजा गया था, जिसे संभवत: एक उष्णकटिबंधीय मछली संग्राहक द्वारा छोड़ा गया था।तब से वे पूरे कैरेबियन सागर, मैक्सिको की खाड़ी और उत्तर की ओर बरमूडा और उत्तरी कैरोलिना तक फैल गई हैं। इसे रिकॉर्ड पर सबसे सफल समुद्री आक्रमणों में से एक कहा जा सकता है।इस मछली का एक करीबी रिश्तेदार, सामान्य लायनफ़िश या डेविल फ़ायरफ़िश (पटेरोइस मील) ने भूमध्य सागर पर आक्रमण किया है और वहाँ तेज़ी से फैल रही है।लायनफ़िश को सुरक्षित रूप से खाया जा सकता है यदि उनकी विषैली रीढ़ को ठीक से हटाया जाए। फ्लोरिडा और कैरेबियन में, लायनफ़िश शिकार टूर्नामेंट इसपर नियंत्रण लगाने के उपाय के रूप में लोकप्रिय हो गए हैं। हालांकि, लायनफ़िश बढ़ने के साथ गहरे पानी में चली जाती हैं, इसलिए सिर्फ शिकार करना उन्हें फैलने से नहीं रोक सकता।समुद्री वैज्ञानिकों को वर्षों से इस बात का अंदाजा था कि किसी दिन लायनफ़िश दक्षिण अमेरिका के पूर्वी तट पर आ जाएगी। अमेज़ॅन-ओरिनोको प्लम से दूर 2014 में दिखी सिर्फ एक मछली, प्राकृतिक प्रवासन के बजाय एक्वैरियम रिलीज का परिणाम था।फिर दिसंबर 2020 में, स्थानीय मछुआरों ने मेसोफोटिक क्षेत्र में प्रवाल भित्तियों पर लायनफ़िश का एक जोड़ा पकड़ा, जो शक्तिशाली अमेज़ॅन रिवर प्लम से कई सौ फीट नीचे है। ब्राजील के उष्णकटिबंधीय तट से 220 मील (350 किलोमीटर) दूर फर्नांडो डी नोरोन्हा के महासागरीय द्वीपसमूह में भी एक स्कूबा गोताखोर को एक लायनफ़िश दिखी।ब्राजील के उत्तरी और पूर्वोत्तर तटों पर आठ राज्यों और विविध समुद्री आवासों पर इस मछली की आक्रामक घुसपैठ का पता चला है। 350 से अधिक लायनफ़िश।,720-मील (2,765-किलोमीटर) तटरेखा पर गिनी गई हैं।प्राकृतिक दुश्मनों के बिना आक्रामक शिकारी : कई प्रचलित प्रजातियों की तरह, अटलांटिक में लायनफ़िश प्राकृतिक संख्या नियंत्रण तंत्र जैसे कि शिकार, बीमारी और परजीवीवाद का सामना नहीं करते हैं जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उनकी संख्या को सीमित करते हैं। 2011 के एक अध्ययन में पाया गया कि बहामास में रीफ पर लायनफिश अपने प्रशांत समकक्षों की तुलना में बड़ी और प्रचुर मात्रा में थी।लायनफ़िश कई समुद्री आवासों में पनपती है, मैंग्रोव और समुद्री घास की तहों से लेकर गहरे पानी की चट्टानों और जलपोतों तक।वे आक्रामक और लगातार शिकार करने वाली शिकारी मछलियां हैं जो छोटी मछलियों को खाती हैं।

## पर्यावरण दिवस नवाचार व नए तकनीकी पर जोर

**नई दिल्ल्ली ।** प्रमुख तकनीकी-नवाचार आधारित स्टार्ट-अप, मैटर विश्व ने पर्यावरण दिवस के मौके पर लोगो के लिए रोमांचक ऑफर्स की पेश किया। प्रारंभिक प्री-बुक ऑफर्स के लिए ग्राहकों से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, मैटर इस अवसर को देश भर के ग्राहकों तक पहुँचा रहा है। मिशन नो एमिशन ऑफर के विवरण और लाभ , उल्लेखनीय मैटर ऐरा पर 30,000 के मूल्य लाभ का आनंद लें,20,000का कम्प्लीमेंटरी मैटर केयर पैकेज प्राप्त करें, मात्र 999 की राशि के साथ अपनी प्री-बुकिंग 5 जून, 2023 तक कर सकते है।मैटर ऐरा की बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए, हम जून में उन ग्राहकों के लिए एक्सक्लूसिव एक्सपीरियंस राइड की पेशकश करके बेहद उत्साहित हैं, जो व्हीकल की सफलतापूर्वक प्री-बुकिंग कर चुके हैं। मोहल लालभाई, फाउंडर और ग्रुप सीईओ, ने कहा बीते कुछ समय में देश में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को लेकर रुचि और उत्साह में विशेष रूप से बढ़त देखी गई है। यह तब स्पष्ट हुआ, जब हमारे पिछले प्री-बुक ऑफर्स के दौरान ग्राहकों से हमें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

# रेल हादसाः लूप लाइन पर चली गई थी कोरोमंडल एक्सप्रेस

नई दिल्ली। ओडिशा में हुए भीषण रेल हादसे की प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि दुर्घटनाग्रस्त हुई कोरोमंडल एक्सप्रेस ट्रेन बाहानगा बाजार स्टेशन से ठीक पहले मुख्य मार्ग के बजाय लूप लाइन पर चली गई और वहां खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई। समझा जाता है कि बगल की पटरी पर क्षतिग्रस्त हालत में मौजूद कोरोमंडल एक्सप्रेस के डिब्बों से टकराने के बाद बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के डिब्बे भी पलट गए। सूत्रों ने बताया कि कोरोमंडल एक्सप्रेस की रफ्तार 128 किलोमीटर प्रति घंटा, जबकि बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस की गति 116 किमी प्रति घंटा थी। रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेल की लूप लाइन एक स्टेशन क्षेत्र में निर्मित की जाती है और इस मामले में यह बाहानगा बाजार स्टेशन है। इसका (लूप लाइन का) उद्देश्य परिचालन को सुगम करने के लिए अधिक ट्रेनों को समायोजित करना होता है। लूप लाइन आमतौर पर 750 मीटर लंबी होती है ताकि कई इंजन वाली लंबी मालगाड़ी का पूरा हिस्सा उस पर आ जाए। दोनों ट्रेनों में करीब 2,000 यात्री सवार थे। हादसे में कम से कम 288 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 1,000 यात्री घायल हुए हैं।

हादसे के प्रत्यक्षदर्शी रहे अनुभव दास ने पीटीआई-भाषा को बताया कि स्थानीय अधिकारियों और रेल अधिकारियों ने शुरूआत में कहा था कि कोरोमंडल एक्सप्रेस ने मालगाड़ी को टक्कर मार दी। दास इसी ट्रेन से सफर कर रहे थे। हालांकि, रेलवे ने इस तरह के किसी दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। घटना की गहन जांच जारी रहने के बीच, किसी भी अधिकारी ने षड्यंत्र की आशंका के बारे में अब तक बात नहीं की है। अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ने ओडिशा के बालासोर में हुए इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है, जिसका नेतृत्व रेल सुरक्षा, दक्षिण पूर्व क्षेत्र के आयुक्त कर रहे हैं। रेलवे सुरक्षा आयुक्त, नागर विमानन मंत्रालय के तहत आते हैं और इस प्रकार के सभी हादसों की जांच करते हैं। भारतीय रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा, एसई (दक्षिण-पूर्व) क्षेत्र के सीआरएस (रेलवे सुरक्षा आयुक्त) ए एम चौधरी हादसे की जांच करेंगे।


ओडिशा में रेल दुर्घटनास्थल का दौरा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। साथ में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व अन्य अधिकारी

रेलवे ने बताया कि रेलगाड़ियों को टकराने से रोकने वाली प्रणाली कवच इस मार्ग पर उपलब्ध नहीं है। दुर्घटना में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल है। भारतीय रेल के प्रवक्ता अमिताभ शर्मा ने कहा, बचाव अभियान पूरा हो गया है। हम अब मार्ग को सुचारू करने का कार्य शुरू कर रहे हैं। इस मार्ग पर कवच प्रणाली उपलब्ध नहीं थी। रेलवे अपने नेटवर्क में कवच प्रणाली उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में है, ताकि रेलगाड़ियों के टकराने से होने वाले हादसों को रोका जा सके। जब लोको पायलट (ट्रेन चालक) किसी सिग्नल को तोड़ कर आगे बढ़ता है तो यह कवच सक्रिय हो जाता है। सिग्नल की अनदेखी करना रेलगाड़ियों के टकराने का प्रमुख कारण है। यह प्रणाली जब किसी अन्य ट्रेन को उसी मार्ग पर एक निर्धारित दूरी के अंदर होने का संकेत प्राप्त करती है तब लोको पायलट को सतर्क कर सकती है, ब्रेक लगाती है और ट्रेन को स्वतः रोक देती है। सूत्रों ने पूर्व में कहा था कि सिग्नल के नाकाम रहने के चलते हादसा हुआ होगा। हालांकि, रेल अधिकारियों ने कहा है कि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि कोरोमंडल एक्सप्रेस लूप लाइन पर गई थी या नहीं और मालगाड़ी को टक्कर मारी थी, या यह (कोरोमंडल एक्सप्रेस) पहले पटरी से उतरी और लूप लाइन पर जाने के बाद वहां खड़ी मालगाड़ी को टक्कर मारी। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट की एक प्रति पीटीआई के पास है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सिग्नल दिया गया था और 12841 (कोरोमंडल एक्सप्रेस) लूप लाइन पर चली गई, मालगाड़ी से टकराई और पटरी से उतर गई। इस बीच, 12864 (हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस) मुख्य मार्ग पर सामने से आई और इसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए तथा पलट गए।

## दो रेलगाड़ियों के चालक, गार्ड घायल

कोलकाता। ओडिशा में हुए रेल हादसे में दो रेलगाड़ियों के चालक और गार्ड घायल हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। रेलवे के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हालांकि मालगाड़ी का इंजन चालक और गार्ड बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि घायल सूची में कोरोमंडल एक्सप्रेस के लोको पायलट और उनके सहायक के साथ-साथ गार्ड और बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के गार्ड शामिल हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक राजेश कुमार ने कहा, कोरोमंडल एक्सप्रेस के लोको पायलट, सहायक लोको पायलट तथा गार्ड और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस के गार्ड का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। रेल मंत्रालय ने इस हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

## विपक्ष ने यात्री सुरक्षा पर उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

ओडिशा रेल हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए विपक्षी नेताओं ने शनिवार को रेलवे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया। कई नेताओं ने इस हादसे में जवाबदेही तय करने और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की भी मांग की। कांग्रेस ने भीषण रेल हादसे पर दुख जताते हुए शनिवार को कहा कि यह दुर्घटना इस बात को सोचने के लिए बाध्य करती है कि रेलवे में सुरक्षा हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पार्टी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री वैष्णव से पूछने के लिए कई सवाल हैं लेकिन इन सवालों को बाद में पूछा जाएगा क्योंकि तात्कालिक काम राहत और बचाव का है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के सभी नेताओं को निर्देश दिया है कि वह अपने स्तर पर हर संभव मदद करें। खड़गे ने ट्वीट किया, ओडिशा में हुई भयावह रेल दुर्घटना एक राष्ट्रीय त्रासदी से कम नहीं है। मैंने समूचे कांग्रेस पार्टी संगठन को इस मौके पर निर्देशित किया है कि इस आपदा में पीड़ितों की यथासंभव मदद की जाए। विभिन्न राज्यों के कांग्रेस नेता घटनास्थल पर पहुंच गए हैं या शीघ्र बालासोर पहुंच जाएंगे। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि इस दुर्घटना को लेकर कई सवाल उठाने की जरूरत है, लेकिन उनकी पार्टी इन सवालों को रविवार को उठाएगी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि ओडिशा में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना इस सदी का सबसे बड़ा रेल हादसा है और सच्चाई का पता लगाने के लिए उचित जांच की आवश्यकता है।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के सांसद बिनॉय विश्वम ने इस दुर्घटना को लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के इस्तीफे की मांग की। दुर्घटना के पीड़ितों को अनुग्रह राशि दिए जाने संबंधी वैष्णव के एक ट्वीट को टैग करते हुए, ओडिशा से कांग्रेस के सांसद सप्तगिरि उल्का ने कहा, आपको पहले इस्तीफा दे देना चाहिए। बिहार के मंत्री एवं जद (यू) नेता संजय कुमार झा ने कहा कि यह दुर्घटना रेलवे की ढांचागत कमियों और यात्री सुरक्षा में खामियों को उजागर करती है। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ओडिशा में हुए इस भीषण रेल हादसे में कई यात्रियों की मौत होने पर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की।

# पश्चिम बंगाल : ट्रेन हादसे में तीन भाइयों की मौत से उनके गांव में मातम पसरा

भाषा। बरुईपुर (पश्चिम बंगाल)

काम की तलाश में तमिलनाडु जाते समय पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के तीन भाइयों की ओडिशा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चरनीखली गांव के निवासी हरन गाएन (40), निशिकांत गाएन (35) और दिबाकर गाएन (32) आमतौर पर साल के ज्यादातर समय तमिलनाडु में रहते थे और वहां छोटे-मोटे काम करते थे। वे कुछ दिन पहले घर आए थे, और इस बार खेतिहर मजदूर के रूप में काम की तलाश में कोरोमंडल एक्सप्रेस से वापस तमिलनाडु जा रहे थे। तीनों भाइयों की मौत की सूचना मिलते ही उनके गांव में मातम पसर गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि हरन की पत्नी अंजिता बीमार रहती हैं। उन्होंने कहा कि अब अंजिता का उपचार कैसे होगा, यह सवाल सबको परेशान कर रहा है। उनके परिवार में दो विवाहित बेटियां और एक बेटा है जिसने हाल में एक स्थानीय भोजनालय में काम करना शुरू किया है। निशिकांत के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटी और एक बेटा है। वे दोनों नाबालिग हैं। दिबाकर के घर में दो बेटे और उनकी पत्नी हैं। हरन के बेटे अभिजीत ने कहा, मेरे पिता और चाचा अब नहीं रहे, हमारा परिवार तबाह हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार शाम को हुई इस दुर्घटना में जिले के 12 लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि जिले के कुल 110 लोग घायल हुए हैं, 44 लापता हैं और 16 अब तक अपने घर लौट चुके हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में तीन भाइयों समेत छह लोग बसंती प्रखंड के हैं, दो काकद्वीप और एक-एक जॉयनगर-2, बरुईपुर, कैनिंग-। और मगराहाट-1 प्रखंड के हैं।

# ओडिशा रेल हादसाः 90 ट्रेन रद्द, 46 का मार्ग बदला

भाषा। बालासोर, नई दिल्ली

ओडिशा के बालासोर में शुक्रवार को हुए भीषण रेल हादसे के बाद करीब 90 ट्रेन को रद्द किया गया है जबकि 46 ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन किया गया है। इसके साथ ही 11 ट्रेन को उनके गंतव्य से पहले ही रोक दिया गया है। हादसे के कारण प्रभावित ज्यादातर ट्रेन दक्षिण और दक्षिण-पूर्व रेलवे जोन की हैं।

शुक्रवार को हुए भीषण रेल हादसे में अभी तक 288 यात्रियों की मौत होने की सूचना है। भारतीय रेल के दो जोन द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण पूर्व रेलवे ने चेन्नई-हावड़ा मेल, दरभंगा-कन्याकुमारी एक्सप्रेस और तीन जून को चलने वाली कामख्या-एलटीटी एक्सप्रेस को रद्द कर दिया है। रेलवे ने चार जून को चलने वाली पटना-पुरी विशेष ट्रेन भी रद्द कर दी है। दक्षिण रेलवे ने तीन जून की रात 11 बजे मंगलोर से रवाना होने वाली मंगलोर-संतरागाछी विवेक सुपरफास्ट एक्सप्रेस, चार जून को चेन्नई से सुबह सात बजे रवाना होने वाली डॉक्टर एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - शालीमार कोरोमंडल एक्सप्रेस, चार जून को चेन्नई से सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर रवाना होने वाली डॉक्टर एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - संतरागाछी एसी सुपरफास्ट ट्रेन को भी रद्द कर दिया है। दक्षिण रेलवे ने रंगपाड़ा उत्तर - इरोड सुपरफास्ट विशेष ट्रेन, छह जून को गुवाहाटी से सुबह छह बजकर 20 मिनट पर रवाना होने वाली गुवाहाटी - श्री एम. विश्वेश्वरैय्या बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस, सात जून को कामख्या से दोपहर दो बजे रवाना होने वाली कामख्या - श्री एम. विश्वेश्वरैय्या बेंगलुरु एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को भी रद्द कर दिया है।

रेलवे ने 11 ट्रेनों को उनके गंतव्य से पहले रोकने का निर्णय लिया है... दक्षिण पूर्व रेलवे ने हादसे से प्रभावित यात्रियों के रिश्तेदारों को मौके तक ले जाने के लिए तीन जून को अपराह्न चार बजे हावड़ा से बालासोर तक एक विशेष मेमू (एमईएमयू) ट्रेन चलाई है। यह ट्रेन संतरागाछी, उलूबेरिया, बागनान, मछेड़ा, पानस्कुरा, बालिचाक, खड़गपुर, हिजली, बेल्दा और जलेश्वर में रूकेगी। दक्षिण रेलवे भी हादसे से प्रभावित लोगों के परिजनोंारिश्तेदारों के लिए चेन्नई से भद्रक तक विशेष ट्रेन चला रहा है। शनिवार शाम तक उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में अभी तक 288 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। ओडिशा सरकार के अधिकारियों ने शनिवार रात करीब आठ बजे बताया कि लगभग।,175 यात्रियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जिनमें से 793 को छुट्टी दे दी गई और 382 का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि दो मरीजों को छोड़कर सभी की हालत स्थिर है।

## केंद्र सरकार ने 14 एफडीसी दवाओं पर प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली। सरकार ने निमेसुलाइड और घुलनशील पेरासिटामोल गोलियों एवं क्लोफेनिरामाइन मैलेट तथा कोडीन सीरप सहित 14 एफडीसी दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसने कहा कि इन दवाओं का कोई चिकित्सीय औचित्य नही है और ए लोगो के लिए जोखिम भरी हो सकती हैं। फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन (एफडीसी) वाली इन दवाओ पर प्रतिबंध लगाने के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी की। प्रतिबंधित दवाओ मे सामान्य संक्रमण, खांसी और बुखार के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली मिश्रित दवाएं शामिल है। इनमें निमेसुलाइड व पेरासिटामोल की घुलनशील गोलियां, क्लोफेनिरामाइन मैलेट, कोडीन सीरप, फोलकोडाइन, प्रोमेथाज़नि, एमोक्सिसिलिन, ब्रोमहेक्सिन और ब्रोमहेक्सिन, डेक्सट्रोमेथोर्फन, अमोनियम क्लोराइड, मेन्थॉल, पैरासिटामोल, ब्रोमहेक्सिनू फि नाइलफ़ ाइन,क्लो रफे निरामाइन, गुइफ़ेनेसिन और सालबुटामोल, ब्रोमहेक्सिन के नाम है। विशेषज्ञ समिति की सिफारिशो के बाद यह कदम उठाया गया है। विशेषज्ञ समिति ने कहा कि इस एफडीसी (फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन) का कोई चिकित्सीय औचित्य नही है और एफडीसी से मानव के लिए जोखिम शामिल हो सकता है। इ

## भैंसों का वध किया जा सकता है तो गायों का क्यों नहीं : कर्नाटक के पशुपालन मंत्री के. वेंकटेश

मैसुरु (कर्नाटक)। कर्नाटक के पशुपालन मंत्री के. वेंकटेश ने शनिवार को संकेत दिया कि राज्य मे कांग्रेस की नवगठित सरकार पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा लाए गए गोहत्या रोधी कानून की समीक्षा कर सकती है। साथ ही, उन्होने सवाल किया कि जब भैसो का वध किया जा सकता है तो गायो का क्यो नही। मंत्री ने कहा कि सरकार इस सिलसिले में चर्चा करेगी और फैसला लेगी। वेंकटेश ने कहा, हमने अभी तक फैसला नही किया है। पूर्ववर्ती भाजपा सरकार एक विधेयक लाई थी, जिसमें उसने भैस और भैसा का वध करने की अनुमति दी थी, लेकिन कहा था कि गोहत्या नही होनी चाहिए। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, जब भैंस और भैसा का वध किया जा सकता है तो गायो का क्यो नहीं? यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है...हम चर्चा करेंगे और फैसला लेंगे। इस सिलसिले मे अब तक कोई चर्चा नही हुई है। मंत्री ने बूढ़ी गायो की देखभाल करने मे किसानों द्वारा सामना की जाने वाली मुश्किलों के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब मे अपना उदाहरण दिया, जिसमें उन्हें अपनी मृत गाय को दफन करने के लिए एक जेसीबी की मदद लेनी पड़ी थी।

# हमे यकीन ही नहीं हुआ कि हम बच गएः चेन्नई पहुंचे यात्रियों ने कहा



रेल यात्रा के मृतकों को श्रद्धांजलि देते कलाकार

चेन्नई। ओडिशा में हुए रेल हादसे में सकुशल बचे तीन यात्रियों ने शनिवार को यहां पहुंचने पर दावा किया कि मृतक संख्या जितनी बताई जा रही है उससे कहीं अधिक हो सकती है क्योंकि अनारक्षित डिब्बे खचाखच भरे थे और उनमें ज्यादातर तमिलनाडु या केरल जा रहे प्रवासी श्रमिक सवार थे। कोलकाता में कार्यरत रामनाथपुरम निवासी नागेंद्रन दुर्घटना की चपेट में आई शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस में सवार थे। नागेंद्रन आज दोपहर चेन्नई हवाई अड्डे पर उतरे। उन्होंने कहा, जैसे ही हादसा हुआ, मुझे लगा कि मैं मौत के मुंह में समा गया हूं। मैं कल कोरोमंडल एक्सप्रेस से कोलकाता से चेन्नई के लिए रवाना हुआ था। यह हादसा बालासोर के समीप हुआ। उन्होंने कहा कि कोरोमंडल ट्रेन के चालक ने मालगाड़ी देखकर ब्रेक लगाए जिसकी वजह से बड़ी संख्या में यात्रियों की जान बच गई। उन्होंने कहा कि शयनयान एवं सामान्य श्रेणी के डिब्बे सबसे अधिक प्रभावित हुए। उन्होंने कहा, मैं बी। डिब्बे (वातानुकूलित कोच) में था। बी। से बी 4 डिब्बे अप्रभावित रहे। बी 5 डिब्बा पटरी से उतर गया। दुर्घटनास्थल पर सबसे पहले स्वयंसेवक पहुंचे और उन्होंने मदद की। चारों तरफ अंधेरा था। हमें कुछ भी स्पष्ट नहीं देख पा रहे थे.. एसी डिब्बे में मौजूद हम सब लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि इतने सारे लोग मर गए और हम बच गए। चेन्नई हवाई अड्डे पर उतरी एक युवती (यात्री) ने मीडियाकर्मियों ने कहा, हमे लगा कि ट्रेन पटरी से उतर गई है। रोशनी मद्धिम हो गई। चारों ओर धुंआ फैला था। मुझे पक्का पता नहीं है कि कितनी ट्रेन हादसे में शामिल थीं। हम भयभीत थे। डिब्बे के अंदर यात्री सुरक्षित थे।

# ओडिशा ट्रेन दुर्घटना भारत में सबसे भीषण रेल हादसों में से एक

नई दिल्ली। ओडिशा में शुक्रवार को हुए भीषण ट्रेन हादसे में कम से कम 288 यात्रियों की मौत हुई है और 803 लोग घायल हुए है। आंकड़े बताते है कि यह हादसा आजादी के बाद हुई सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटनाओं में से एक है। इस हादसे में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थी। अब तक की भीषण

**ट्रेन दुर्घटनाओं पर नजर : -छह जून, 1981 :** बिहार में देश की सबसे भीषण ट्रेन दुर्घटना हुई। एक ट्रेन पुल पार करते समय बागमती नदी में गिर गई, जिससे उसमें सवार 750 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो गई।

**-20 अगस्त, 1995 :** उत्तर प्रदेश में पुरुषोत्तम एक्सप्रेस फिरोजाबाद के पास खड़ी कालिंदी एक्सप्रेस से टकरा गई। उस हादसे में लगभग 305 यात्री मारे गए। -दो अगस्त, 1999 : ब्रह्मपुत्र मेल उत्तर सीमांत रेलवे के कटिहार डिवीजन के गैसल स्टेशन पर खड़ी अवध असम एक्सप्रेस से टकरा गई। इस हादसे में 285 से अधिक यात्री मारे गए और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे। हताहतों में सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कई जवान शामिल थे।

**-26 नवंबर, 1998 :** पंजाब के खन्ना में जम्मू तवी-सियालदह एक्सप्रेस, फ्रंटियर गोल्डन टेंपल मेल के पटरी से उतरे तीन डिब्बों से टकरा गई, जिससे 212 यात्रियों की मौत हो गई।

**-20 नवंबर, 2016 :** उत्तर प्रदेश में कानपुर से लगभग 60 किलोमीटर दूर पुखरायां में इंदौर-राजेंद्र नगर एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में 152 यात्रियों की मौत हो गई और 260 अन्य घायल हो गए।

**-28 मई, 2010 :** मुंबई जा रही जनेश्वरी एक्सप्रेस ट्रेन पश्चिम बंगाल में झारग्राम के पास पटरी से उतर गई और फिर एक मालगाड़ी से टकरा गई। इस हादसे में 148 यात्रियों की मौत हो गई।

**-नौ सितंबर, 2002 :** हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस बिहार के रफीगंज में धावे नदी पर एक पुल के ऊपर पटरी से उतर गई, जिससे उसमें सवार 140 से ज्यादा यात्रियों की मौत हो गई। -23 दिसंबर, 1964 : पंबन-धनुस्कोटी पैसेंजर ट्रेन रामेश्वरम चक्रवात में बह गई, जिससे उसमें सवार 126 से अधिक यात्रियों की मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### मैंने गांधी परिवार, खरगे की बातों का मान रख धैर्य धारण करने का फैसला कियाः शिवकुमार

कनकपुरा। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि गांधी परिवार और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सलाह के बाद वह मुख्यमंत्री बनने की दौड़ से पीछे हट गए और धैर्य रखने का फैसला किया। उपमुख्यमंत्री बनने के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्र के दौरे पर गए शिवकुमार ने मतदाताओ से कहा कि उनकी इच्छा (उन्हें मुख्यमंत्री के रूप मे देखने की) कभी झूठी नही होगी और उन्होंने उनसे (मतदाताओं से) धैर्य के साथ प्रतीक्षा करने को कहा। शिवकुमार ने कहा, आपने मुझे मुख्यमंत्री बनाने के लिए बड़ी संख्या मे मत दिए, लेकिन क्या करें, एक निर्णय हुआ। राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने मुझे एक सलाह दी। मुझे बड़ों की बात का मान रखना ही था मुझे धैर्य बनाए रखना होगा। उन्होंने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, लेकिन मै आपको सिर्फ इतना बताना चाहता हूं कि आपकी इच्छा (मुझे मुख्यमंत्री के रूप मे देखने की) कभी झूठी नही होगी। धैर्य बनाए रखें। हालिया चुनाव मे विधानसभा की कुल 224 सीटों मे से कांग्रेस ने 135 सीटें जीतीं और राज्य मे गठित सरकार मे सिद्धरमैया मुख्यमंत्री और कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार उपमुख्यमंत्री बने। हालांकि, दोनों नेता मुख्यमंत्री बनने की दौड़ मे प्रबल दावेदार थे।

### गुमशुदगी की शिकायतों की जांच के दौरान बड़ी संख्या में लव जिहाद के मामलों का पता चलाः फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि राज्य मे गुमशुदगी की शिकायतो की जांच के दौरान बड़ी संख्या मे लव जिहाद के मामले सामने आए है।राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार मे गृह विभाग संभालने वाले फडणवीस ने पत्रकारो से कहा कि राज्य मे गुमशुदगी के मामलों मे लापता लोगो का पता लगाने की दर 90 से 95 प्रतिशत है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा, कुछ मामलो मे, हमने पाया कि झूठे वादे किए गए थे या झूठी पहचान का इस्तेमाल किया गया था, यहां तक ऐसे मामले भी सामने आए जिनमें विवाहित व्यक्ति भी महिलाओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहे थे। लव जिहाद के मामले भी बड़ी संख्या मे सामने आए है। लव जिहाद शब्द का इस्तेमाल अक्सर दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओ द्वारा मुस्लिम पुरुषों पर शादी का झांसा देकर हिंदू महिलाओ का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाने के लिए किया जाता है। फडणवीस ने कहा, मैने पहले भी कहा था कि हम इस पर (लव जिहाद) कानून लाने पर विचार कर रहे है।

### प्रचंड के दौरे के बीच गोरखा समुदाय की 11 जातियों को मप्र में अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग उठी

इंदौर। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड के मध्यप्रदेश दौरे के बीच नेपाली मूल के लोगों के एक संगठन ने राज्य सरकार से 11 गोरखा जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देकर आरक्षण का लाभ प्रदान किए जाने की मांग की है। प्रचंड मध्यप्रदेश के दो दिवसीय दौरे के बाद शनिवार को इंदौर से दिल्ली रवाना हो गए। नेपाली संस्कृति परिषद (अंतरराष्ट्रीय) की भारतीय शाखा के सचिव शैलेश गुरुंग नें पीटीआई-भाषे से कहा,राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को नेपाली समुदाय अपने शुभचिंतक के रूप मे देखता है। हमारी उनसे मांग है कि गोरखा समुदाय की 11 जातियो को सूबे मे अनुसूचित जनजाति का दर्जा देकर सरकारी शैक्षणिक संस्थानो और नौकरियों मे आरक्षण प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि इन जातियो को नेपाल मे भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा हासिल है। नेपाली समुदाय के वरिष्ठ नेता ने बताया कि मध्यप्रदेश मे सभी जातियो के भारतीय गोरखाओं की आबादी ढाई लाख से तीन लाख के बीच है और इनमें उन 11 जातियों के एक लाख से डेढ़ लाख लोग शामिल हैं जिनके लिए आरक्षण की मांग की जा रही है।

### शकील अहमद खान बिहार के कांग्रेस विधायक दल के नेता बनाए गए

पटना। कांग्रेस नेता शकील अहमद खान को शनिवार को बिहार में पार्टी के विधायक दल का नेता चुना गया गया। इसे अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले अल्पसंख्यकों को संदेश भेजने की पार्टी की कोशिश के रूप मे देखा जा रहा है। पार्टी की बिहार इकाई की विज्ञप्ति के अनुसार खान को यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस विधायकों की बैठक में विधायक दल का नेता चुना गया। खान (58) कटिहार के कडवा विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार विधायक बने हैं। वह 1999 में कांग्रेस में शामिल हुए थे। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव के रूप में वह बिहार में कांग्रेस के सबसे अधिक मुखर नेताओं में एक बनकर उभरे। पिछले कई सालों में बिहार में कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर हो चुकी है। खान ने अजीत शर्मा की जगह ली है। शर्मा को 2020 के विधानसभा चुनाव के शीघ्र बाद कांग्रेस विधायक दल का नेता नियुक्त किया गया।

# बेंगलुरु-हावड़ा ट्रेन से कोई यात्री हताहत नहीं : अधिकारी

भाषा। बेंगलुरु

ओडिशा में हुए भीषण ट्रेन हादसे में शामिल बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस के आरक्षित डिब्बे का कोई यात्री दुर्घटना में हताहत नहीं हुआ है जबकि सामान्य डिब्बे (जीएस) में बैठे कुछ यात्री घायल हुए हैं। रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद राहत कार्य जारी है। ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार को हुई ट्रेन दुर्घटना में कम से कम 261 यात्रियों की मौत हो गई हैं। इस दुर्घटना में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थी। दक्षिण पश्चिम रेलवे (एसडब्ल्यूआर) के अधिकारियों ने यहां बताया कि ऐसा अनुमान है कि सर एम. विश्वेसरैया टर्मिनल (एसएमवीबी), बेंगलुरु से बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में आरक्षित श्रेणी के 994 यात्री और अनारक्षित श्रेणी के करीब 300 यात्री सवार हुए। यह पता चला है कि एसएमवीबी से रवाना हुई एक्सप्रेस ट्रेन के दो जीएस डिब्बे और ब्रेक यान पटरी से उतर गए। चूंकि ए अनारक्षित डिब्बे हैं इसलिए यात्रियों की पहचान करने में थोड़ा समय लगेगा। टिकट आरक्षित करने के दौरान पंजीकरण के समय यात्रियों द्वारा दी गई जानकारी डेटाबेस में उपलब्ध होती है, इसलिए आरक्षित कोच के यात्रियों के संपर्क नंबर समेत उनके बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। और जानकारी मिलने पर लोगों के साथ इसे साझा किया जाएगा। बालासोर से मिली अद्यतन जानकारी के अनुसार अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन का अप्रभावित हिस्सा यात्रियों के साथ अपने गंतव्य हावड़ा के लिए रवाना हो चुका है।


ऋषिकेश में एक कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत

# रंग-बिरंगी गेंदों से फील्डिंग का अभ्यास कर रही है टीम इंडिया

## ● कैच लपकने में परेशानी नहीं होगी

**भाषा।** पोर्टसमाउथ



**पिछले कुछ साल** में भारतीय टीम के अभ्यास सत्र में कई प्रयोग देखने को मिले हैं और अब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की तैयारी के लिए टीम रंग बिरंगी रबर गेंदों का इस्तेमाल कर रही है ताकि कैचिंग के दौरान आखिरी मौके पर गेंद के रूख बदलने पर भी कैच लपकने में परेशानी नहीं हो। यहां अभ्यास के दौरान शुभमन गिल को हरी गेंदों से कैच लपकते देखा गया। पीले रंग की भी गेंद थी लेकिन लॉन टेनिस गेंद नहीं थी जो आम तौर पर विकेटकीपर और करीबी क्षेत्ररक्षकों के अभ्यास के लिए इस्तेमाल की जाती है। एनसीए के लिए काम कर चुके एक मशहूर फील्डिंग कोच ने बताया , ए खास तौर पर बनाई गई रबर बेंदें है, वह नहीं जो गली क्रिकेट में इस्तेमाल होती है। इन्हें रिएक्शन गेंद कहते हैं और ए इंग्लैंड या न्यूजीलैंड जैसे कुछ खास देशों में अभ्यास के लिए इस्तेमाल की जाती है जहां ठंडी हवा और ठंडा मौसम होता है। हरी गेंद की अहमियत के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा , किसी खास रंग का कोई वैज्ञानिक या क्रिकेटिया कारण नहीं है।लेकिन स्लिप के क्षेत्ररक्षकों और विकेटकीपर के लिए रबर की गेंद खास तौर पर कैचिंग के लिए प्रयोग की जाती है। उन्होंने कहा , इंग्लैंड एकमात्र देश है और कुछ हद तक न्यूजीलैंड में भी गेंद बल्लेबाज के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर रूख बदल लेती है जिससे कैच लपकना मुश्किल हो जाता है। ड्यूक गेंद और भी डगमगाती है इसलिए रबर की गेंदों से अभ्यास किया जा रहा है क्योंकि ए अधिक स्विंग लेती हैं या डगमगाती हैं।

## भारतीय गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा : लाबुशेन



**लंदन।** आस्ट्रेलिया के प्रमुख टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने स्वीकार किया कि सात जून से ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में भारतीय गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा लेकिन उन्होंने कहा कि काउंटी क्रिकेट में खेलने के कारण उन्हें इस महत्वपूर्ण मैच और उसके बाद एशेज की तैयारियों में काफी मदद मिली।लाबुशेन ने कहा कि भारत ने भले ही हाल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी घरेलू धरती पर स्पिनरों के दम पर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीती थी लेकिन उनके तेज गेंदबाज डब्ल्यूटीसी फाइनल में ड्यूक गेंदों के साथ खतरनाक साबित हो सकते हैं।भारत ने अपने तेज गेंदबाजी विभाग में मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और जयदेव उनादकट को शामिल किया है जबकि ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर भी अंतिम एकादश में जगह बनाने के दावेदार होंगे।लाबुशेन ने कहा, दो महीने पहले हम भारत के खिलाफ खेले थे और वे क्या कर सकते हैं इसको लेकर हमारी राय स्पष्ट है। लेकिन ड्यूक गेंद हाथ में होने से वे (भारतीय तेज गेंदबाज) अपने कौशल का और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। लाबुशेन हालांकि काउंटी क्रिकेट में खेलने के बाद अच्छा प्रदर्शन करने के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने काउंटी मैचों में आठ पारियों में दो शतक की मदद से 504 रन बनाए। उन्होंने आईसीसी वेबसाइट से कहा, मैं पिछले पांच साल से यहां आ रहा हूं और मुझे काउंटी क्रिकेट में खेलना पसंद है। इससे काफी मदद मिलती है और फिर इस साल टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और एशेज होनी है। इसलिए इन मैचों से पहले काउंटी क्रिकेट में खेलने से काफी मदद मिलती है। लाबुशेन ने इसके साथ ही कहा कि तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के कारण उनकी जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। यह स्वाभाविक है कि जो भी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेगा उसकी काफी जिम्मेदारी होगी।

## खबरें स्टेडियम से

### मुंबई के सत्र पूर्व अभ्यास शिविर के लिए रोहित और सूर्यकुमार 35 संभावित खिलाड़ियों में



**मुंबई।** मुंबई ने अगले सप्ताह से शुरू होने वाले सत्र पूर्व अभ्यास शिविर के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया है जिनमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी भी शामिल है। राजू कुलकर्णी की अगुवाई मे चयन समिति ने जिन खिलाड़ियों का चयन किया है उनमें रोहित और सूर्यकुमार के अलावा अजिंक्य रहाणे और शार्दुल ठाकुर भी शामिल है। यह खिलाड़ी हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सात जून से ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए इंग्लैंड में है और उनका शिविर में भाग नही लेना तय है। चोटिल होने के कारण आईपीएल में नही खेल पाने वाले श्रेयस अय्यर को भी संभावित खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। सत्र पूर्व अभ्यास शिविर के लिए मुंबई के खिलाड़ियो की सूची इस प्रकार है : रोहित शर्मा, पृथ्वी साव, यशस्वी जायसवाल, भूपेन लालवानी, अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, सरफराज खान, शिवम दुबे, अरमान जाफर, जएश पोखरे, प्रणव केला, हार्दिक तमोरे, प्रसाद पवार, सिद्धांत अधराव, शार्दुल ठाकुर, धवल कुलकर्णी, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, रॉयस्टन डायस, हर्ष तन्ना, शम्स मुलानी, तनुश कोटियन, विजय गोहिल, ध्रुमिल मटकर, खिजर दफेदार, परीक्षित वलसांगकर, सिल्वेस्टर डिसूजा, सक्षम झा, अमन खान, साईराज पाटिल, सुजीत नायक, आदित्य धूमल, शशांक अटारडे, आतिफ अत्तरवाला।

### अगले साल सिडनी में टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहना चाहते हैं डेविड वॉर्नर

बेकेनहैम (ब्रिटेन)। ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने शनिवार को खुलासा किया कि वह जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपने घरेलू मैदान सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर अपने टेस्ट करियर का समापन करना चाहते है। भारत के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियो मे लगे वॉर्नर ने अभ्यास सत्र से पहले बातचीत करते हुए उम्मीद जताई कि पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी टेस्ट उनका अंतिम टेस्ट मैच होगा। यह सलामी बल्लेबाज हालांकि हाल में लंबे प्रारूप मे रन बनाने के लिए जूझता रहा है और उनकी टेस्ट टीम में जगह पक्की नही है। वॉर्नर ने कहा, टीम मे बने रहने के लिए आपको रन बनाने होगे। मै शुरू से कहता रहूं कि (2024) टी20 विश्व कप शायद मेरा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आखिरी मैच होगा। अगर मै यहां रन बनाता हूं और ऑस्ट्रेलिया मे भी खेलना जारी रखता हूं तो मै निश्चित तौर पर कह सकता हूं कि मै वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला मे नही खेलूंगा। अगर मै विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और एशेज में रन बनाता हूं तथा पाकिस्तान श्रृंखला के लिए टीम में चुना जाता हूं तो मैं निश्चित तौर पर वहां अपने करियर का अंत करना चाहूंगा।

### वॉर्नर डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज के लिए तैयार दिख रहे हैः ख्वाजा



लंदन।आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा कि उनके साथी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर कड़ी मेहनत कर रहे है तथा भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के लिए तैयार दिख रहे है। वॉर्नर इस साल के शुरू मे भारत के खिलाफ श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नही कर पाए थे लेकिन इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग मे दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से खेलते हुए उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया तथा 14 मैचो मे 516 रन बनाए। ख्वाजा ने आईसीसी से कहा, मैंने उसे पिछले दो दिनो से अभ्यास करते हुए देखा और मै उस पर नजर नही लगाना चाहता लेकिन वह बहुत अच्छी स्थिति में दिख रहा है। वॉर्नर को डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज के पहले दो मैचो के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम मे शामिल किया गया।

### पीसीबी एशिया कप की मेजबानी को लेकर श्रीलंका से नाराज, वनडे श्रृंखला खेलने से किया इनकार

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) पूरे एशिया कप की मेजबानी करने में दिलचस्पी दिखाने के कारण श्रीलंका क्रिकेट से नाराज है और उसने इस देश मे एकदिवसीय द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है। पीसीबी के सूत्रों के अनुसार श्रीलंका ने एशिया कप के पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी करने की इच्छा जताई है जिससे इन दोनो देशो के क्रिकेट बोर्ड के रिश्तो मे खटास पैदा हो गई है। सूत्रों ने कहा, इन दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड के बीच खटास पैदा होने का एक उदाहरण पीसीबी का श्रीलंका मे अगले महीने एकदिवसीय श्रृंखला खेलने से इनकार करना है। पाकिस्तान को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अगले चक्र के तहत इस साल जुलाई मे दो टेस्ट मैच खेलने के लिए श्रीलंका का दौरा करना है।

## कीनिया की धाविका का महिलाओं के 1500 मीटर दौड़ में नया विश्व रिकॉर्ड

**फ्लोरेंस (इटली)।** कीनिया की फेथ किप्एगोन ने गोल्डन गाला एथलेटिक्स प्रतियोगिता मे महिलाओ की।,500 मीटर दौड़ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया।किप्एगोन ने शुक्रवार को डायमंड लीग की इस प्रतियोगिता मे तीन मिनट 49.11 सेकंड का समय लेकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। वह इस दौड़ मे तीन मिनट 50 सेकंड से कम का समय निकालने वाली दुनिया की पहली महिला एथलीट बन गई है। दो बार के ओलंपिक चैंपियन और दो बार के विश्व चैंपियन किप्एगोन ने इथियोपिया की गेन्जेबे दिबाबा के 2015 मे बनाए गए तीन मिनट 50.07 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ा।

## वास्तविक लक्ष्य के बारे में बात नहीं कर सकतेः स्टिमक

**भुवनेश्वर।** स्टार फुटबॉलर सुनील छेत्री 38 साल की उम्र में भारतीय फुटबॉल टीम में सबसे फिट खिलाड़ियों मे शामिल है लेकिन मुख्य कोच इगोर स्टिमक के लिए चिंता का विषय रक्षात्मक पंक्ति में उनसे युवा खिलाड़ियों की फिटनेस है जो अंदर बाहर होते रहते है।

## क्रिकेट स्कोर को ट्रैक करने की नई तकनीकि

**बैंगलोर।** अमेजन ने इको पॉप लॉन्च किया इससे ग्राहक आसानी से एलेक्सा को अंग्रेजी, हिंदी और हिंग्लिश में संगीत चलाने, क्रिकेट स्कोर को ट्रैक करने, स्मार्ट लाइट और प्लग को नियंत्रित करने, अलार्म सेट करने, रिमाइंडर आदि के लिए कह सकते हैं। यह 4,999 रुपये में उपलब्ध है। इसमें स्मार्ट स्पीकर्स लगें है। इसमें पूरी तरह से नया सेमी-स्फेयर फॉर्म फैक्टर है और यह सफेद और काले रंग के अलावा नए रंगों - हरे और बैंगनी में उपलब्ध है, जो किसी भी घर की सुंदरता में चार चांद लगा सकता है। इको पॉप का कस्टम-डिज़ाइन किया गया फ्रंट-फेसिंग डायरेक्शनल स्पीकर तेज़ आवाज़, संतुलित बास और क्रिस्प वोकल्स देता है - जो इसे बेडरूम, लिविंग रूम, बच्चों के कमरे या किसी अन्य पसंदीदा स्थान के लिए एक आदर्श स्मार्ट स्पीकर बनाता है। इको पॉप में अमेजन का ए जेड 2 न्यूरल एज प्रोसेसर एलेक्सा के अनुरोधों के लिए तेजी से प्रतिक्रिया सक्षम करता है। पराग गुप्ता, डायरेक्टर और कंट्री मैनेजर, अमेजन डिवाइसेस इंडिया ने कहा किइको पॉप शक्तिशाली ऑडियो, एलेक्सा की पूर्ण क्षमताओं और एक स्टाइलिश डिजाइन का एक संयोजन है।

## कोहली की पार्टनरशिप जारी

**मुंबई।** पिछले 7 वर्षों से अमेरिकन टूरिस्टर और उसके ब्रांड एंबेसडर के रूप में दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली की पार्टनरशिप मजबूत होती जा रही है और दोनों ने शानदार और ऑफ बीट कैंपेन को निर्बाध रूप से अंजाम दिया है। पहले के काफी पसंद किए गए कैंपेन की तरह नया कैंपेन ट्रैवलर्स को उनके प्रतिबंध को खत्म करके अपने एडवेंचर्स साइड को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करता है। बॉर्न टू क्रॉस बाउंड्रीज लेटेस्ट कैंपेन लोगों को स्वयं के अनएक्सप्लॉरड साइड को अपनाने की चुनौती पेश करता है। कैंपेन दर्शकों को एक ऐसी यात्रा पर जाने के लिए प्रोत्साहित करता है जो उनके कम्फर्ट जोन से परे हो और उनकी पर्सनल बाउंड्री को पार करती है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए सैमसोनाइट इंडिया के सीईओ जय कृष्णन ने कहा कि अमेरिकन टूरिस्टर वास्तव में एक ग्लोबल इंटरनेशनल और इंस्पिरेशनल ब्रांड है। यह ट्रायल में सुविधा प्रदान करने वाले लगेज की आवश्यकता को पहचानने से परे है। यह दर्शनीय स्थलों की पारंपरिक पर्यटन गतिविधि के बजाय लोगों को नए एक्सपीरियंस तलाशने के लिए प्रेरित करता है।

# आईपीएल-रणजी की तरह ही करूंगा बल्लेबाजी

**भाषा।** अरुंडेल (पोर्ट्समाउथ)



**लगभग 18** महीने बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले सीनियर बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को बीते हुए समय को लेकर कोई खेद नहीं है और वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उसी जज्बे के साथ बल्लेबाजी करना चाहते हैं जैसी उन्होंने आईपीएल में की थी। रहाणे ने भारत के अभ्यास सत्र से इतर बीसीसीआई टीवी से कहा, मैंने 18-19 महीनों के बाद वापसी की है। अच्छा या बुरा जो कुछ भी हुआ, मैं अपने अतीत के बारे में नहीं सोचना चाहता हूं। मैं नए सिरे से शुरुआत करना चाहता हूं और मैंने जो कुछ किया उसे जारी रखना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैंने निजी तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलने का पूरा आनंद उठाया क्योंकि पूरे सत्र में मैंने अच्छी बल्लेबाजी की। यहां तक कि आईपीएल से पहले घरेलू सत्र में भी मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा और मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। इसलिए यह वापसी मेरे लिए थोड़ा भावनात्मक रही। आईपीएल चैंपियन चेन्नई का हिस्सा रहे रहाणे ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए काफी प्रशंसा बटोरी और वह इसी जज्बे के साथ आगे भी बल्लेबाजी करना जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं उसी मानसिकता और जज्बे के साथ बल्लेबाजी करना चाहता हूं जैसा मैंने यहां आने से पहले आईपीएल और रणजी ट्रॉफी में की थी। मैं प्रारूप को लेकर नहीं सोचना चाहता हूं फिर चाहे वह टी20 हो या टेस्ट मैच। मैं अभी जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा हूं उसमें मैं चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहता हूं। मैं चीजों को जितना सरल बना कर रखूंगा उतना ही मेरे लिए बेहतर होगा। भारत की तरफ से अभी तक 82 टेस्ट मैचों में 4931 रन बनाने वाले रहाणे की अगुवाई में भारत ने 2021 में ऑस्ट्रेलिया में श्रृंखला जीती थी। उन्होंने वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा के नेतृत्व कौशल की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि टीम संस्कृति बहुत अच्छी है। रोहित टीम को अच्छी तरह से संभाल रहे हैं और राहुल (मुख्य कोच राहुल द्रविड़) भाई भी वास्तव में टीम को अच्छी तरह से आगे बढ़ा रहे हैं। इससे भी मदद मिलती है और टीम का माहौल शानदार है। हर खिलाड़ी एक दूसरे के साथ का पूरा लुत्फ उठा रहा है। रहाणे ने अपने परिवार और दोस्तों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उनके राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के दौरान उनका पूरा साथ दिया। उन्होंने कहा, यह वास्तव में मेरे लिए भावनात्मक क्षण था। जब मैं टीम से बाहर किया गया तो मेरे परिवार का समर्थन बहुत मायने रखता था। भारत की तरफ से खेलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है और मैंने अपनी फिटनेस पर बहुत ध्यान दिया और घरेलू क्रिकेट में खेलने लगा। मुझे पूरा विश्वास था कि मैं फिर से भारत की तरफ से खेल सकता हूं।

## पोल वॉल्ट के एथलीट कोरिया पहुंचे, उपकरण दिल्ली हवाई अड्डे पर अटके

नई दिल्ली। भारत के पोल वाल्ट के दो एथलीटों का दक्षिण कोरिया के एचियन में रविवार से शुरू हो रही एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेना संदिग्ध है क्योंकि दक्षिण कोरिया और एयर इंडिया ने तकनीकी कारणों से उन्हें उपकरण साथ ले जाने की अनुमति नहीं दी। देव कुमार मीणा (पुरुषों के पोल वॉल्ट) और सुनील कुमार (डेकाथलॉन, जिसमें पोल वॉल्ट 10 स्पर्धाओं में से एक है) को रविवार को अपनी-अपनी स्पर्धाओं में भाग लेना है लेकिन वह अपने उपकरणों के बिना ही दक्षिण कोरियाई उड़ान से शुक्रवार को सियोल के लिए रवाना हो गए। दक्षिण कोरियाई एयरलाइंस का एयर इंडिया से गठजोड़ है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के एक अधिकारी के अनुसार यहां तक कि एयर इंडिया ने भी शुक्रवार को इन खिलाड़ियों के पोल ले जाने से इंकार कर दिया।

# फ्रेंच ओपन : रूड ने तीसरे दौर में



## ● गॉफ ने आंद्रीवा को पराजित किया

**भाषा।** पेरिस

**अमेरिका की** 19 साल की कोको गॉफ ने शनिवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के तीसरे दौर के मैच में रूस की 16 साल की मीरा आंद्रीवा को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। पिछले साल रोलां गैरां की उप विजेता गॉफ ने 6-7, 6-।, 6-। से जीत दर्ज की। इससे आंद्रीवा का ग्रैंडस्लैम में प्रभावशाली पदार्पण का सफर खत्म हुआ। वह पिछले हफ्ते 2005 के बाद फ्रेंच ओपन में महिलाओं के मुख्य ड्रा में मैच जीतने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनी थीं। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज इगा स्वियातेक ने शानदार लय जारी रखते हुए महज 51 मिनट में जिनयु वांग को 6-0, 6-0 से शिकस्त दी। वहीं मौजूदा विम्बलडन चैम्पियन एलिना

## ● जोकोविच चौथे दौर मे

रिबाकिना ने बीमार होने के कारण शनिवार को तीसरे दौर के मैच से पहले फ्रेंच ओपन से हटने का फैसला किया। महिलाओं के ड्रा में बर्नार्डा पेरा, बीट्रिज हदाद माइया और अन्ना कैरोलिना श्चिमदलोवा अपने करियर में पहली बार ग्रैंडस्लैम के दूसरे हफ्ते में पहुंची। पिछले साल फाइनल में पहुंचने वाले कैस्पर रूड ने पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में झांग झिजेन को हराकर चीन के इस खिलाड़ी की शानदार लय तोड़ दी। चौथे वरीय रूड को पिछले साल यहां फाइनल में राफेल नडाल से हार मिली थी। उन्होंने झांग झिजेन को 4-6, 6-4, 6-।, 6-4 से शिकस्त दी। झांग झिजेन 1937 में खो सिन खिए के बाद रोलां गैरां के तीसरे दौर में पहुंचने वाले चीन के पहले खिलाड़ी बने थे। खो 1936 में चौथे दौर में पहुंचे थे लेकिन झांग अच्छी शुरुआत के बाद उनकी बराबरी नहीं कर सके।

## नडाल की कूल्हे की सर्जरी हुई, पांच और महीने नहीं खेल पाएंगे

पेरिस। राफेल नडाल को बाएं कूल्हे की सर्जरी से उबरने के लिए करीब पांच और महीने का समय लगने की उम्मीद है जिससे उनके इस सत्र के बाकी टूर्नामेंट से बाहर रहने की संभावना है। नडाल के प्रवक्ता बेनिटो पेरेज बारबाडिलो ने शनिवार को कहा कि 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की शुक्रवार की रात दो सर्जरी की गई नडाल ने पिछले महीने घोषणा की कि वह कूल्हे की समस्या के कारण फ्रेंच ओपन मे नही खेल पाएंगे। वह जनवरी से ही इसके कारण खेल से बाहर है।

## रिबाकिना बाहर

पेरिस। मौजूदा विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना ने बीमार होने के कारण फ्रेंच ओपन मे तीसरे दौर के अपने मुकाबले से पहले नाम वापिस ले लिया। चौथी वरीयता प्राप्त रिबाकिना का सामना 132वी रैंकिंग वाली सारा सोरिबेस टोरमो से होना था। रिबाकिना ने अपने पिछले दस मैच जीते थे जिसमे पिछले महीने हुआ इटालियन ओपन भी शामिल है।

# शूटआउट में भारत ने ब्रिटेन को 4-2 से दी मात

## ● प्रो हाकी लीग

**भाष।** लंदन



भारतीय हॉकी टीम ने शनिवार को यहां ब्रिटेन पर दूसरे चरण के एफआईएच प्रो लीग मुकाबले में पेनल्टी शूटआउट से 4-2 की जीत से एक बोनस अंक हासिल किया। दोनों टीमें नियमित समय में 4-4 से बराबरी पर थीं। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (सातवें मिनट), मंदीप सिंह (19वें मिनट), सुखजीत सिंह (28वें मिनट) और अभिषेक (50वें मिनट) ने गोल दागे। घरेलू टीम के लिए सैम वार्ड स्टार रहे जिन्होंने सभी चारों गोल किए। उन्होंने आठवें, 40वें, 47वें और 53वें मिनट में गोल दागे। इस जीत से भारत को एक बोनस अंक मिला लेकिन टीम अब भी तालिका में ब्रिटेन से नीचे दूसरे स्थान पर बनी हुई है। भारत के 12 मैचों में 24 अंक हैं। ब्रिटेन 11 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारतीय टीम इससे पहले यहां पहले चरण के मुकाबले में ब्रिटेन से 2-4 से हार गई थी लेकिन फिर उसने बेल्जियम को 5-। से पराजित किया।

## भारत ने उज्बेकिस्तान को 22-0 से रौंदा

**भाषा।** काकामीगाहारा (जापान)

अन्नू की दोहरी हैट्रिक की मदद से भारत ने शनिवार को यहां उज्बेकिस्तान को 22-0 से करारी शिकस्त देकर महिला जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता मे अपने अभियान का शानदार आगाज किया। भारत की तरफ से अन्नू (13वें, 29वें, 30वें, 38वें, 43वें, 51वें मिनट) ने बेहतरीन खेल दिखाया। उनके अलावा वैष्णवी विट्ठल फाल्के (तीसरे, 56वें)अ मुमताज खान (छठे, 44वें, 47वें, 60वें)अ सुनेलिता टोप्पो (17वीं, 17वीं)अ अन्य निशाने पर मंजू चोरसिया (26वें), दीपिका सोरेंग (18वें, 25वें), दीपिका (32वें, 44वें, 46वें, 57वें) और नीलम (47वें) ने भी गोल दागे। भारत ने शुरू से ही आक्रामक तेवर अपनाए। वैष्णवी ने तीसरे मिनट मे ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल मे बदलकर भारत को बढ़त दिला दी थी। इसके तीन मिनट बाद मुमताज ने मैदानी गोल किया। अन्नू के गोल से भारत ने पहले क्वार्टर मे 3-0 से बढ़त बनाई।

# लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में हारे



**भाषा।** बैंकॉक

**थाईलैंड ओपन** बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई जब लक्ष्य सेन पुरूष एकल सेमीफाइनल में शनिवार को थाईलैंड के दूसरी वरीयता प्राप्त कुंलावुत विदितसर्न से हारकर बाहर हो गए। अलमोड़ा के 21 वर्ष के सेन ने पहले गेम में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन उस लय को कायम नहीं रख सके और 21-13, 17-21,13-21 से हार गए। कुंलावुत का सामना अब हांगकांग के आठवीं वरीयता प्राप्त चियुक यिउ ली और फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। लक्ष्य इस सत्र में पहले सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले इंडोनेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए थे। इस साल औसत प्रदर्शन के कारण उनकी रैंकिंग छह से गिरकर 23 हो गई। दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला गेम बराबरी का रहा लेकिन लक्ष्य ने ब्रेक के समय 11-6 की बढत बना ली। ब्रेक के बाद थाई खिलाड़ी ने लगातार चार अंक बनाए और अंतर 11-10 का कर दिया। लक्ष्य ने सही समय पर शानदार खेल दिखाया और पहला गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में उन्होंने काफी संघर्ष किया और दस अंक तक मुकाबला बराबरी का रहा। इसके बाद कुंलावुत ने क्रॉसकोर्ट पर स्मैश लगाकर 12-10 से बढ़त बना ली। लक्ष्य ने वापसी की कोशिश की लेकिन फिर कुंलावुत ने लगातार चार अंक लेकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक खींचा। निर्णायक गेम में शुरू ही से थाई खिलाड़ी ने दबाव बना लिया जिससे लक्ष्य उबर नहीं सके।

# पंजाब यूनिवर्सिटी ओवरआल चैंपियन

## ● खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022

## ● गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी को फेंसिंग में तीन स्वर्ण

## ● गुरुनानक देव को दूसरा व जैन विवि को तीसरा स्थान



**लखनऊ।** चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी हरियाणा के यश घंगास और मुंबई यूनिवर्सिटी की अपूर्वा महेश पाटिल ने उत्तर प्रदेश की मेजबानी में पहली बार आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022 के अंतिम दिन लखनऊ में हुए जूडो के मुकाबलों में अपनी धाक जमाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसी के साथ अंतिम दिन हुए फेंसिंग के टीम इवेंट के तीन मुकाबलों में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने सभी स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिए। बीबीडी यूनिवर्सिटी में आज जूडो के दो मुकाबलों के फइनल खेले गए जिसमें पुरुष 100 किग्रा से अधिक भार वर्ग में चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी हरियाणा के यश घंगास ने गुरु काशी यूनिवर्सिटी के यश भारद्वाज को हराकर पहला स्थान हासिल किया। जूडो के महिला 78 किग्रा से अधिक भार वर्ग के फइनल में मुंबई यूनिवर्सिटी की अपूर्वा महेश पाटिल ने गुरु काशी यूनिवर्सिटी की अनमोल को हराकर पहला स्थान हासिल किया। इकाना स्पोर्ट्स सिटी के इंडोर हाल में आयोजित फेंसिंग के मुकाबलों में पुरुष टीम ईपी में ए महिला फॉयल टीम में और पुरुष सैबर टीम में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण जीतकर तहलका मचा दिया। पंजाब यूनिवर्सिटी की टीम ने तृतीय खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022 में 26 स्वर्ण सहित सर्वाधिक पदकों पर हाथ साफ करते हुए ओवरऑल चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ने इन खेलों में 26 स्वर्णए 17 रजत व 26 कांस्य सहित 69 पदक अपने नाम करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की। वहीं गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने 24 स्वर्णए 27 रजत व 17 कांस्य सहित 68 पदकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था। पहले संस्करण की विजता जैन यूनिवर्सिटी को 16 स्वर्ण, 10 रजत व 6 कांस्य सहित 32 पदक के साथ तीसरा स्थान मिला। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को 12 स्वर्ण, 14 रजत व 8 कांस्य के साथ चौथा जबकि गुरु काशी यूनिवर्सिटी,पंजाब को 9 स्वर्ण,10 रजत और 9 कांस्य के साथ पांचवां स्थान मिला। इस साल खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जैन यूनिवर्सिटी को छोड़कर ओवरआल तालिका में शामिल शीर्ष.5 विश्वविद्यालयों में से चार उत्तर भारत के हैं। जैन विश्वविद्यालय ने केआईयूजी के 2021 संस्करण में 20 स्वर्णए 7 रजत और 5 कांस्य के साथ पहला स्थान हासिल किया था जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी.जालंधर को 17 स्वर्णए 15 रजत और 19 कांस्य के साथ दूसरा स्थान मिला था। जैन विश्वविद्यालय ने केआईयूजी के 2021 संस्करण में 20 स्वर्णए 7 रजत और 5 कांस्य के साथ पहला स्थान हासिल किया था जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर को 17 स्वर्ण, 15 रजत और 19 कांस्य के साथ दूसरा स्थान मिला था।

## मनीषा को स्वर्ण, रीतिका दूसरे स्थान पर रहीं, सरिता मोर ने कांस्य पदक जीता

बिश्केक। छोटे ड्रा का पूरा फायदा उठाते हुए मनीषा ने शनिवार को यहां स्वर्ण पदक जीता जबकि रीतिका तीन पहलवानो की स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रही और सरिता मोर को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा जिससे भारतीय महिला पहलवानों ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट में अभियान तीन पदक से समाप्त किया। सरिता ने 59 किग्रा सेमीफाइनल तक एक भी अंक नही गंवाया था, उन्होंने तुर्की की एब्रु डागबासी को 4-0 और कजाखस्तान की डायना कायुमोवा को 7-0 से शिकस्त दी।

## भारतीय निशानेबाज संयम ने स्वर्ण जीता

**सुहल।** भारत की संयम ने शनिवार को आईएसएसएफ जूनियर निशानेबाजी विश्व कप मे महिलाओ की दस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीता। संयम ने आठ महिलाओ के फाइनल मे 238 स्कोर किया। भारत की सुरूचि इंदर सिंह 154 .। अंक लेकर छठे स्थान पर रही। कोरिया की किम मिनसियो को रजत पदक मिला जबकि चीनी ताइपै की लियू हेंग यू ने कांस्य पदक जीता। संयम क्वालीफिकेशन दौर में 571 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर थी।